CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 08°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 19 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 4 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 29 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में करीब चार करोड़ ने लगाई पवित्र डुबकी पेज 2



इथियोपियाई धावकों अबाटे, चेकोले ने जीते मुंबई मैराथन के खिताब खेल टाइम्स



कलयुग के ये सबल हथियार, झूठ, अफवाह व दुष्प्रचार सम्पादकीय



ट्रम्प ने आठ यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया पेज 12

## महाराष्ट्र की सियासत में नया पेंच फंसा

# शिंदे गुट ने ढाई साल तक बीएमसी मेयर पद मांगा

## 29 पार्षद होटल भेजे, भाजपा-शिंदे गुट में खींचतान शुरू, बहुमत का आंकड़ा 114

**मुंबई।** बीएमसी के चुनावी नतीजों से महाराष्ट्र की सियासत में नया पेंच फंस गया है। भाजपा मुंबई में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पहली बार भाजपा का मेयर बनने के साफ संकेत हैं।

हालांकि, एकनाथ शिंदे ने अपने 29 नए पार्षदों को बांद्रा के होटल ताज लैंड्स एंड में शिफ्ट कर दिया है। बाहर कड़ा पहरा है। सूत्रों के मुताबिक शिंदे गुट का कहना है कि 2026 शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है। इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। इस पर भाजपा-शिंदे गुट में खींचतान शुरू हो गई है। इधर, रविवार को उद्धव गुट के संजय राउत ने दावा किया है कि एकनाथ शिंदे खुद नहीं चाहते कि बीएमसी में भाजपा का मेयर बने। इसलिए वे पार्षदों को होटल में रखे हुए हैं। वहीं, मुंबई में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने यह कहकर अटकलों को और बढ़ा दिया कि अगर

■ संजय राउत बोले: शिंदे खुद नहीं चाहते मुंबई में भाजपा का मेयर हो



'भगवान' चाहेंगे, तो उनकी पार्टी का मेयर हो सकता है। मुंबई के 227 वार्डों में से भाजपा ने 89 वार्ड जीते हैं। शिंदे गुट ने 29 वार्ड जीते हैं। बहुमत के आंकड़े 114 के लिए भाजपा को शिंदे गुट के 29 पार्षदों की जरूरत है। उद्धव के 'मराठी कार्ड' खेलने से शिंदे गुट के पार्षदों की संख्या सीमित रह गई। अब शिंदे गुट ने मेयर पद का दांव चला है। अगर भाजपा यह मांग नहीं मानती, तो सत्ता के समीकरण बिगड़ सकते हैं। इसके चलते शिंदे ने तय किया है कि होटल में ही बैठक कर पार्टी नेता का चुनाव किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि हॉर्स- ट्रेडिंग को रोकने के लिए यह सब किया जा रहा है। सभी 29 पार्षदों को बुधवार दोपहर 3 बजे तक होटल में रहने का निर्देश दिया गया है। यानी अगले 3 दिन वहीं रहना होगा। इससे पहले 2017 में नगर निगम चुनावों के बाद अविभाजित शिवसेना ने 7 मनसे कॉर्पोरेटर का दलबदल करवाया था। शिंदे गुट का पार्षदों को होटल में रखना, 2022 की उस बगावत की भी यादें ताजा कर रहा है, जिसके कारण शिवसेना टूट गई थी। दरअसल, मई 2022 महाराष्ट्र सरकार में नगर विकास मंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने 39 विधायकों के साथ बगावत कर दी थी।

### दिल्ली में सांसों पर 'आफत' AQI '493' पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है और रविवार को यहां के आनंद विहार में वायु गुणवत्ता (एक्यूआई) औसतन 493 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में रविवार सुबह यहां के ज्यादातर हिस्सों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। बोर्ड के अनुसार आनंद विहार में हवा की गुणवत्ता सबसे खराब रही, जहां एक्यूआई 493 दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर: तीन साल बाद गैंगरेप पीड़ित युवती की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में 3 मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू होने के तुरंत बाद गैंगरेप का शिकार हुई 20 साल की युवती की मौत हो गई है। गैंगरेप के समय वह सिर्फ 18 साल की थी। एक न्यूज चैनल के अनुसार, महिला लगभग तीन साल पहले किडनैपिंग और गैंगरेप के सदमे से अब तक उबर नहीं पाई थी। महिला की मां ने बताया कि वह गंभीर रूप से जख्मी हुई थी। गंभीर चोटों के कारण उनकी बेटी को सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। आखिरकार, 10 जनवरी को वह जिंदगी से जंग हार गई। महिला कुकी समुदाय से थी। उसने मणिपुर के सिंगहाट में अंतिम सांस ली। पीड़ित ने 21 जुलाई, 2023 को एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें उसने आरोप लगाया था कि 15 मई, 2023 को काले रंग की टी-शर्ट पहने चार हथियारबंद लोग उसे सफेद बोलेरो में किडनैप कर पहाड़ी इलाके में ले गए। ड्राइवर को छोड़कर उनमें से तीन ने बारी-बारी से उसके साथ रेप किया था।

### धर्म ही मुझे और मोदी को चला रहा: मोहन भागवत

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चीफ मोहन भागवत ने कहा कि धर्म ही मुझे और नरेंद्र मोदी को चला रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि अस्तित्व में आई, तो उसके कामकाज को कंट्रोल करने वाले नियम धर्म बन गए। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत को अपने संतों और ऋषियों से मार्गदर्शन मिलता रहा है। जब तक ऐसा धर्म भारत को चलाएगा, वह विश्वगुरु बना रहेगा। भागवत ने ये बातें रविवार को छत्रपति संभाजीनगर में आरएसएस के शताब्दी वर्ष को लेकर आयोजित जनसभा में कहीं। उन्होंने कहा कि सृष्टि बनने के बाद उसके संचालन के नियम ही धर्म बने और सब कुछ उन्हीं नियमों पर चलता है। दुनिया में आध्यात्मिकता की कमी है, इसलिए ऐसा ज्ञान वहां नहीं मिलता। धर्म सिर्फ पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। प्रकृति की हर चीज का अपना कर्तव्य और अनुशासन होता है।

### घने कोहरे से उड़ानें बाधित, परामर्श किया जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में घने कोहरे के मद्देनजर एयर इंडिया और इंडिगो सहित विभिन्न एयरलाइंस ने उड़ानों में संभावित देरी और रुकावटों को लेकर यात्रियों के लिए यात्रा परामर्श जारी किया है। एयर इंडिया ने कहा कि सोमवार सुबह दिल्ली सहित कई क्षेत्रें में दृश्यता कम रहने के कारण उड़ानों के परिचालन पर असर पड़ सकता है। एयरलाइन ने कहा कि उसने रुकावटों को कम करने के लिए पहले से ही कदम उठाए हैं। एयरलाइंस ने यात्रियों को आश्वासन दिया है कि देरी, मार्ग परिवर्तन या रद्द होने की स्थिति में हवाई अड्डा पर मौजूद कर्मचारी सहायता प्रदान करेंगे। कोहरे से प्रभावित होने वाली उड़ानों के यात्रियों को पहले से चेतावनी मिलेंगी, जिसमें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उड़ान रीशेड्यूल करने या रद्द होने की स्थिति में बिना किसी जुर्माना के पूरी राशि पाने का विकल्प होगा।


# भाजपा-एनडीए ने बिहार में जंगलराज रोका: पीएम मोदी

## कहा: अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार, घुसपैठ रोकने को फेंसिंग जरूरी

कोलकाता/गुवाहाटी, वार्ता

**पीएम नरेंद्र मोदी** ने रविवार को पश्चिम बंगाल में कहा कि यहां की जनता अब असली परिवर्तन चाहती है। हर कोई 15 साल के महाजंगल राज को बदलना चाहता है। अभी तो बीजेपी-एनडीए ने बिहार में जंगलराज को रोका है। अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है।

पीएम ने सिंगूर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है। केंद्र सरकार ने कई बार चिट्ठी लिखी कि बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन चाहिए, लेकिन बंगाल सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि घुसपैठिए इनके पक्के वोटर हैं। पीएम ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया। इससे पहले सुबह पीएम असम में थे। वहां मोदी ने कलियाबोर में 6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। प. बंगाल में मोदी ने कहा कि टीएमसी के राज में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। यहां की शिक्षा व्यवस्था माफिया, भ्रष्टाचारियों के कब्जे में है। भाजपा को आपका एक वोट पक्का करेगा कि कॉलेज में रेप-हिंसा की घटनाओं पर लगाम लगे। एक वोट तय करेगा कि बंगाल में संदेशखाली जैसी घटना ना हो। टीएमसी का छोटे से छोटा नेता खुद को बंगाल का माईबाप समझने लगा है। हुगली को इन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले के लिए बदनाम किया है। बीजेपी इन्हें सजा दिलाएगी। आपको एक बात याद रखनी है बंगाल में निवेश तभी आएगा। जब यहां माफिया, दंगाइयों को हटाया जाएगा। बंगाल के नौजवानों, किसानों, माताओं-बहनों की हर संभव सेवा करूं, ये मेरा प्रयास रहता है। यहां की टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को आप तक पहुंचने नहीं देती। इनको मोदी से दिक्कत है, ये मुझे समझ आता है, लेकिन टीएमसी बंगाल के लोगों से अपनी दुश्मनी निकाल रही है। पीएम ने असम में कहा कि हर साल जब ब्रह्मपुत्र का जलस्तर बढ़ता है, तो यहां के वन्यजीव ऊंचे इलाकों की ओर निकलते है। रायनो हाथी सड़क के किनारे फंस जाते हैं। इसीलिए यहां 90 किमी लंबा कॉरिडोर तैयार किया जा रहा है। इसके लिए 7 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। इससे गाइड, ट्रैवल एजेंसियों, होटल, हस्तशिल्प कलाकारों और स्थानीय लोगों को आय के नए अवसर मिले हैं। असम आज दुनिया को दिखा रहा है कि विकास के साथ-साथ विरासत को कैसे संभाला जा सकता है। दशकों तक लोगों को लगता रहा कि देश का विकास कहीं और हो रहा है और वे पीछे रह गए हैं। इस सोच को बदलने का काम किया गया और नार्थ ईस्ट के विकास को प्राथमिकता दी गई। कांग्रेस ने असम की मिट्टी को घुसपैठियों को सौंप दिया। इनकी सरकार के दौरान असम में घुसपैठ बढ़ती गई। कांग्रेस को असम के इतिहास, संस्कृति और आस्था से कोई सरोकार नहीं था। कांग्रेस की नीति है कि घुसपैठियों को बचाओ, उनकी मदद से सत्ता पाओ, बिहार में कांग्रेस ने घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्राएं निकालीं, बिहार ने इन्हें बाहर कर दिया, मुझे विश्वास है असम भी यही करेगा।





■ घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है: पीएम

■ प्रधानमंत्री ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया

■ अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर और कामाख्या- रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई

### टीएमसी जनता से दुश्मनी निकाल रही: मोदी

**कोलकाता।** बंगाल के नौजवानों, किसानों, माताओं-बहनों की हर संभव सेवा करूं, ये मेरा प्रयास रहता है। यहां की टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को आप तक पहुंचने नहीं देती। इनको मोदी से दिक्कत है, ये मुझे समझ आता है, लेकिन टीएमसी बंगाल के लोगों से अपनी दुश्मनी निकाल रही है। बंगाल की धरती ने देश की विरासत देश की आजादी के लिए जो दिशा दी, जो नेतृत्व दिया।

बीजेपी उस प्रेरणा को राष्ट्र के कोने-कोने तक ले जा रही है। भाजपा सरकार ही है जिसने दिल्ली में कर्तव्य पथ पर इंडिया गेट के सामने नेताजी सुभाषबाबू जी की तस्वीर लगाई है। आजाद हिंदी फौज के त्याग को नमन किया गया। नेताजी के नाम पर अंडमान में द्वीप का नाम रखा गया। पहले 26 जनवरी के कार्यक्रम 24-25 को शुरू होकर 30 तारीख को पूरे होते थे। हमने अब इसे बदल दिया, अब 23 जनवरी सुभाष बाबू की जयंती से शुरू करके महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पूरा किया है।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकी मुठभेड़, आठ जवान घायल

**किश्तवाड़।** जम्मू कश्मीर स्थित किश्तवाड़ जिले के ऊंचाई वाले इलाके के सुदूर जंगलों में रविवार को शुरू हुई पाकिस्तानी आतंकियों से भीषण मुठभेड़ में सेना के आठ जवान घायल हो गए। दोनों ओर से कई घंटों तक भीषण गोलीबारी हुई। फिलहाल गोलीबारी रुक गई है।

आतंकवादियों को मार गिराने और घेराबंदी को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त बल भेजे गए हैं। आतंकी भागने न पाएं इसके लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों को भी सर्च ऑपरेशन में लगाया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब सवा 11 बजे जंगल में चल रहे तलाशी एवं घेराबंदी अभियान के दौरान सोननाड़-सिंहपोरा, छात्रू के जंगल में घात लगाए बैठे दो से तीन विदेशी आतंकवादियों के एक समूह से सुरक्षाबलों का सामना हो गया। सूत्रों का कहना है कि ये आतंकी पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से संबंधित हैं। आतंकवादियों ने जवानों को देखते ही अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की घेराबंदी तोड़ने के लिए कुछ ग्रेनेड भी फेंके। सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की और घेराबंदी को और कड़ा करने के लिए सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस से अतिरिक्त बल भेजे गए। अधिकारियों ने बताया कि शाम 5.40 बजे तक दोनों पक्षों के बीच रुक-रुककर गोलीबारी होती रही। मुठभेड़ में आठ सैनिक घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। तीन जवान एयरलिफ्ट किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से ज्यादातर को ग्रेनेड के स्प्लिंटर लगने से चोटें आई हैं। आतंकवादियों का खात्मा करने के लिए व्यापक तलाशी अभियान जारी है। अभियान में तेजी लाने के लिए ड्रोन सहित उन्नत निगरानी उपकरण और खोजी कुत्ते तैनात किए गए हैं। पूरे इलाके को घेरकर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने इसे ऑपरेशन त्राशी नाम दिया है व कहा कि दुर्गम भूभाग और परिस्थितियों में भी गोलीबारी का जवाब देते हुए सैनिकों ने दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया है।

■ किश्तवाड़ में ऑपरेशन त्राशी-1 जारी, तीन आतंकी घिरे, दहशतगर्दों ने की अंधाधुंध फायरिंग, ग्रेनेड फेंके

# प्लेन में बम की सूचना पर इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ।** इंडिगो की फ्लाइट में बम की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रहे विमान की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, एटीसी को रविवार सुबह 8:46 बजे इंडिगो की 6ई-6650 फ्लाइट में बम की सूचना मिली।

विमान सुबह 9:17 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यात्रियों को उतारकर विमान को आइसोलेशन बे में पार्क किया गया। करीब आठ घंटे तक जांच की गई। बम की सूचना झूठी होने की पुष्टि होने के बाद शाम 4:40 बजे यात्रियों समेत डेस्टिनेशन के लिए रवाना हुआ। विमान के बाथरूम के अंदर एक नैपकिन पर धमकी लिखी मिली। लिखा था कि प्लेन में बम है। एक यात्री को यह नैपकिन दिखी तो उसने इसकी सूचना क्रू मेंबर को दी। बाद में विमान को तत्काल लखनऊ डायवर्ट किया गया। यहां बम निरोधक दस्ते, फायर ब्रिगेड, मेडिकल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने विमान को घेर लिया। विमान में 230 यात्री (8 बच्चे भी), 6 क्रू मेंबर और 2 पायलट सहित कुल 238 लोग सवार थे। सभी को चेकिंग के बाद सुरक्षित उतार दिया गया।

■ विमान में 230 यात्री थे सवार

# लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक जेल में फर्श पर सो रहे

**नई दिल्ली।** लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने कहा कि सोनम को जेल में फर्श पर कंबल में सोना पड़ा रहा है। उनके पास कोई फर्नीचर नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके बैरक में इतनी भी जगह नहीं है कि वे ठीक से टहल सकें। आंगमो ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल तारीख पर तारीख मांग रहे हैं, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि केस में कोई दम नहीं है। गीतांजलि ने एक इंटरव्यू में ये बातें कहीं।

सोनम वांगचुक को 26 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था। यह कार्रवाई लेह में राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद की गई थी। इन प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हुई थी और 90 लोग घायल हुए थे। गीतांजलि आंगमो ने कहा कि सोनम



वांगचुक की हिरासत के खिलाफ विरोध न होने से वह थोड़ी निराश हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर आवाज को और एकजुट और मजबूत होना चाहिए। आंगमो के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिए गए व्यक्ति को 5 से 10 दिनों के भीतर सभी दस्तावेज दिए जाने चाहिए, लेकिन वांगचुक को जरूरी वीडियो 28वें दिन दिए गए। उन्होंने कहा कि यह एनएसए की धारा 8 का उल्लंघन है और इसी आधार पर हिरासत आदेश रद्द होना चाहिए। जरूरी दस्तावेज देर से मिलने के कारण वांगचुक सलाहकार बोर्ड के सामने प्रभावी तरीके से अपनी बात नहीं रख पाए। जिन पांच एफआईआर का हवाला दिया गया है, उनमें से तीन में वांगचुक का नाम नहीं है। जिन दो एफआईआर में नाम है, उनमें से एक अगस्त 2025 की है, जिसमें न तो नोटिस दिया गया और न पूछताछ हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला मजिस्ट्रेट का हिरासत आदेश पुलिस के प्रस्ताव की कॉपी-पेस्ट है। अधिकारी को अपना दिमाग लगाना चाहिए, सिर्फ कागजों की नकल नहीं करनी चाहिए। आंगमो ने कहा कि वे मामले को राजनीतिक नहीं बनाना चाहतीं। लेकिन उन्होंने कोर्ट में हो रही देरी पर चिंता जताई। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार की ओर से तारीख पर तारीख ली जा रही है। गीतांजलि आंगमो ने बताया कि सोनम जेल के अपने अनुभव पर जो किताब लिख रहे हैं, उसका टाइटल शायद फॉरएवर पॉजिटिव होगा। अगर वह कुछ चींटियों और उनके व्यवहार को देखते हैं, तो वह मुझसे चींटियों के व्यवहार पर किताबें लाने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा कि चींटियों के समुदाय में बहुत एकता, बहुत टीम भावना होती है, तो शायद वह उसका अध्ययन करना चाहते हैं।

■ वांगचुक की पत्नी गीतांजलि बोलीं: बैरक में टहलने तक की जगह नहीं,

■ सरकार जानती है, उनके केस में दम नहीं

# नोएडा में कार सहित दलदल में गिरा इंजीनियर, मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में घने कोहरे की वजह से सॉफ्टवेयर इंजीनियर की दलदल में गिरकर मौत हो गई। वह करीब 80 मिनट तक पिता के सामने चिल्लाता रहा। उनसे फोन कर कहा कि पापा मुझे बचा लो, मैं मरना नहीं चाहता। इसके बाद कार समेत नाले के पानी से भरे 30 फीट गहरे दलदल में समा गया।

इंजीनियर युवराज मेहता अपनी ग्रैंड विटारा कार से गुरुग्राम से नोएडा के सेक्टर-150 टाटा यूरिका पार्क जा रहे थे। रास्ते में एटीएस ले ग्रांड के पास कार नाले की दीवार तोड़ते हुए 30 फीट गहरे पानी से भरे दलदल में गड्ढे में गिर गई। युवराज की कार गड्ढे में गिरते ही दलदल में समाने लगी। युवराज किसी तरह कार से निकलकर उसके ऊपर चढ़ गए। पिता को फोन करके पूरी घटना बताई। -शेष पृष्ठ दो पर

■ 80 मिनट तक मदद के लिए चिल्लाता रहा

■ पिता को फोन कर कहा: मैं मरना नहीं चाहता

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षा बलों ने की 306 एकड़ में फैली अफीम की खेती नष्ट

**इंफाल।** मणिपुर प्रशासन ने पिछले सप्ताह से जारी अभियान में 306 एकड़ भूमि में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार कांगपोकपी जिले के साइ. कुल थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर 12 से 17 जनवरी तक चलाए गए अभियान के दौरान, सुरक्षा बलों, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और वन विभाग की संयुक्त टीम ने लगभग 306 एकड़ में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया। इस अभियान के तहत खेतों में बनाई गई 43 अस्थाई झोपड़ियों के साथ-साथ स्प्रे पंप, पाइप, नमक, कीटनाशक और खरपतवारनाशक को भी नष्ट कर दिया गया। पूरे मणिपुर में गैर-कानूनी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है, जिससे कई गिरफ्तारियां हुई हैं और अवैध अफीम की खेती के बड़े इलाकों को नष्ट किया गया है।

### तेजस राजधानी में बम की अफवाह से अफरा-तफरी

**चंदौली।** राजेंद्र नगर पटना से नई दिल्ली जा रही 12309 तेजस राजधानी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना से शनिवार की रात यहां हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही ट्रेन को दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (मुगलसराय) पर रोककर सुरक्षा एजेंसियों ने गहन जांच अभियान चलाया। किसी तरह की विस्फोटक सामग्री बरामद ना होने के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। तेजस राजधानी एक्सप्रेस शनिवार रात करीब 10:15 बजे पीडीडीयू जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या चार पर पहुंची थी। इसी दौरान रेलवे बोर्ड को सूचना मिली कि ट्रेन में बम रखा गया है। अलर्ट मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ, जिला पुलिस, डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया।

# मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में चार करोड़ ने लगाई पवित्र डुबकी

**प्रयागराज, वार्ता**

■ भीड़ का आलम ये था 11 बजे सुबह तक ही एक करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया था

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के माघ मेले में मौनी अमावस्या के अवसर पर रविवार शाम पांच बजे तक चार करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु त्रिवेणी में पावन डुबकी लगा चुके थे। आज सुबह चार बजे से ही मौनी अमावस्या का स्नान शुरू हो गया था।

जैसे जैसे सूरज निकला उसी रफ्तार से श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ने लगी भीड़ का आलम ये था कि 11 बजे सुबह तक ही एक करोड़ लोगो ने स्नान कर लिया था। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने भी अपनी योजना में बदलाव करते हुए दूसरे रास्ते से स्नान घाट तक पहुंचाया। मौसम ने भी श्रद्धालुओं का साथ दिया और खिली खिली धूप मे लोग स्नान करते रहें। प्रशासन की तरफ से बताया गया कि आज शाम पांच बजे तक चार करोड़ से ज्यादा लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। स्नान करने वाले लोगो पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। मौनी अमावस्या का स्नान सबसे बडा स्नान पर्व होता हैं। मेला प्राधिकरण का अनुमान था कि आज के दिन तीन से साढ़े तीन करोड़ लोग स्नान करेंगे लेकिन दो बजे तक ही तीन करोड़ लोगो नें स्नान कर लिया था। लिहाजा ये आकड़ा और बढ़ेगा, श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार कल देर रात 12 बजे से ही घाट पर डटे रहें और खुद ही पूरी व्यवस्था की निगरानी करते रहे। श्रद्धालुओं की भीड़ एक जगह एकत्र न हो, शहर के अंदर भी पुलिस ने खास इंतजाम किए हैं। जानसेन गंज चौराहे से रेलवे स्टेशन जाने वाली रोड घे बंद कर दिया गया था। बिजली घर से सिविल लाइन्स जाने वाले रास्ते पर भी बैरिकेटिंग की गई हैं। इसके अलावा सिविल लाइन्स रेलवे स्टेशन साइड पर पैदल ही श्रद्धालुओं घे जाने दिया जा रहा हैं। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार और उनकी टीम ने जिस तरह से ट्रैफिक प्लान तैयार किया हैं उससे काफी अच्छा असर पड़ा है। श्रद्धालु स्नान कर रहें हैं और शहर मे जाम भी नहीं लगा। मौनी अमावस्या का स्नान करने शंकराचार्य स्वामी अविमुकतेशवारा नन्द महाराज अपने रथ पर सवार होकर भीड़ के बीच जा रहे थे। तभी पुलिस नें रथ की बजाए पैदल जाकर स्नान करने की अपील की जिस पर शांक. राचार्य के साथ चल रहे लोगों ने पुलिस से कहासुनी कर ली।

### प्रियंका ने दीं मौनी अमावस्या की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर देश भर के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी देशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की। श्रीमती वाड्रा ने एक्स हैंडल पर साझा किए गए एक संदेश में कहा कि तपस्या, त्याग, ध्यान और दान को समर्पित मौनी अमावस्या के पवित्र त्योहार पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। मोक्षदायिनी मां गंगा देश के सभी नागरिकों का कल्याण करें।

# स्वस्थ और विकसित राष्ट्र के लिए फिट इंडिया जरूरी: किशन रेड्डी

**हैदराबाद, वार्ता**



केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने गाचीबोवली स्टेडियम में 'संडेज ऑन साइकिल' के 57वें हैदराबाद संस्करण को हरी झंडी दिखाई और एक स्वस्थ और विकसित भारत बनाने में फिजिकल फिटनेस के महत्व को रेखांकित किया।

केंद्रीय मंत्री रेड्डी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है और केंद्र फिट इंडिया आंदोलन के जरिए उस दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि बदलती जीवनशैली, खान-पान की आदतें, शारीरिक गति. विधियों में कमी और पर्यावरणीय बदलावों के कारण मोटापा और स्वास्थ्य संबंधी अन्य समस्याएं बढ़ रही हैं। रेड्डी ने कहा कि मोदी सरकार मोटापा कम करने और लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए कई कार्यक्रम लागू कर रही है। रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत नागरिकों से तेल की खपत कम करने की भी अपील की है। रेड्डी ने बताया कि मानसिक तनाव कई बीमारियों के पीछे एक बड़ा कारण बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति और रोजमर्रा की जिंदगी में शारीरिक श्रम का बोझ कम होने से भी स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। मंत्री ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि भारत में युवाओं की आबादी बहुत अधिक है और अगर युवा स्वस्थ रहेंगे, तभी एक स्वस्थ भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक फिट और सक्षम पीढ़ी राष्ट्रीय सेवा में बेहतर योगदान दे सकती है, जिससे विकास और प्रगति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ युवाओं की बुद्धि और ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने नागरिकों से सक्रिय जीवनशैली अपनाने और फिटनेस को आदत बनाने का आग्रह किया।

# अवैध धर्मांतरण केस में एटीएस ने आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ आरोपी नागपुर के आसी नगर क्षेत्र का निवासी

**लखनऊ/नागपुर।** उत्तर प्रदेश में अवैध धर्मांतरण से जुड़े बड़े मामले में यूपी एटीएस को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस टीम ने एक दिन पूर्व शनिवार को महाराष्ट्र के नागपुर से ईदुल इस्लाम नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी छांगुर उर्फ जलालुद्दीन के कथित अवैध धर्मांतरण नेटवर्क से जुड़ा बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद एटीएस उसे ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ ला रही है, जहां उससे गहन पूछताछ की जाएगी। एटीएस के अनुसार आरोपी नागपुर के आसी नगर क्षेत्र का निवासी है और उसके खिलाफ एटीएस थाने में दर्ज मुकदमे में कई गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। इसमें धारा 121ए (देश के खिलाफ साजिश), 153ए (सांप्रदायिक विद्वेष फैलाना) सहित धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश से जुड़ी धाराएं शामिल हैं। इसके साथ ही आरोपी पर उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम-2021 के तहत भी कार्रवाई की गई है। जांच में सामने आया है कि ईदुल इस्लाम नागपुर में 'भारत प्रतिकार्थ सेवा संघ' नामक संगठन का संचालन कर रहा था। एटीएस का आरोप है कि इसी मंच के जरिए अवैध धर्मांतरण गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा था। बताया गया है कि संगठन में ईदुल ने छांगुर उर्फ जलालुद्दीन को अवध प्रांत का अध्यक्ष भी नियुक्त किया था, ताकि उत्तर प्रदेश में नेटवर्क को मजबूत किया जा सके। एटीएस जांच में यह भी सामने आया है कि ईदुल इस्लाम केवल संगठन से जुड़ा नाम भर नहीं था, बल्कि छांगुर के गिरोह का सक्रिय सदस्य था और सीधे तौर पर गतिविधियों में सहयोग कर रहा था। एजेंसी को

## मुख्यमंत्री ने लखनऊ में किया यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन

# यूपी बनेगा देश का बड़ा हेल्थकेयर-हेल्थटेक कॉरिडोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: प्रदेश अब मेडिकल इनोवेशन, मेडिकल डिवाइस व फार्मा मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा केंद्र बनेगा

■ राज्य सरकार उप्र दिवस-2026 का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक भव्य स्तर पर करने जा रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को हेल्थकेयर, मेडिकल रिसर्च और मेडिकल टेक्नोलॉजी का राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में सरकार ने कदम तेज कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में आयोजित यूपी हेल्थटेक कॉन्क्लेव 1.0 का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रदेश अब स्वास्थ्य सेवाओं में केवल उपभोक्ता राज्य नहीं रहेगा, बल्कि मेडिकल इना. वेशन, मेडिकल डिवाइस और फार्मा मैन्युफैक्चरिग का बड़ा केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सिर्फ 25 करोड़ नहीं, बल्कि यूपी के साथ आसपास के राज्यों की जरूरतों को मिलाकर करीब 35 करोड़ लोगों के स्वास्थ्य की बड़ी जिम्मेदारी निभाता है। सरकार का लक्ष्य है कि चिकित्सा सुविधा हर नागरिक तक, विशेषकर अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सम्मानजनक तरीके से पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बीते पौने नौ वर्षों के बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 से पहले कुल 40 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि आज 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। इसके साथ ही प्रदेश में दो एम्स, जिला अस्पतालों का सुदृढ़ीकरण, सीएचसी-पीएचसी नेटवर्क और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का विस्तार कर ग्रामीण क्षेत्रों तक नि:शुल्क सेवाएं सुनिश्चित की गई हैं।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को बड़ा सुरक्षा कवच दिया है। यूपी में 5.5 करोड़ परिवारों को आयुष्मान कार्ड मिल चुके हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज मिल रहा है। जिन परिवारों का छूट जाना संभव था, उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से जोड़ा गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि सुधारों का असर मातृ-शिशु स्वास्थ्य संकेतकों पर भी दिखा है। साथ ही, एक समय प्रदेश में कहर बन चुकी इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी पर निर्णायक रणनीति अपनाकर नियंत्रण पाया गया है। टेक्नोलॉजी के उपयोग पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि अब लक्ष्य है कि स्क्रीनिंग और प्राथमिक जांच गांव स्तर पर ही हो जाए, जिससे मरीजों को अनावश्यक दूरी तय न करनी पड़े। टेलीमेडिसिन, टेली कंसल्टेशन और एआई आधारित स्क्रीनिग को राज्य में बड़े पैमाने पर बढ़ाया जाएगा। योगी ने बताया कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क तथा ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क तेजी से विकसित हो रहे हैं।

### सीएम ने यूपी-आईएमआरएएस सॉफ्टवेयर का लोकार्पण किया

कार्यक्रम में उन्होंने यूपी-आईएमआरएएस सॉफ्टवेयर का लोकार्पण और क्लिनिकल ट्रायल से जुड़े एसओपीयस प्रकाशन का विमोचन किया। उन्होंने निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि यूपी में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षित माहौल और सिगल विडो व्यवस्था उपलब्ध है, सरकार समयबद्ध स्वीकृतियों के साथ हर स्तर पर सहयोग देगी। वहीं गौरवशाली विरासत, सांस्कृतिक पहचान और विकास यात्रा को व्यापक मंच देने के उद्देश्य से राज्य सरकार उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक भव्य स्तर पर करने जा रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह त्रिदिवसीय आयोजन राजधानी के साथ-साथ प्रदेश के सभी जनपदों में एक साथ आयोजित किया जाएगा।



**सेंसेक्स** 83570.35
**निफ्टी** 25694.35



**सोना रु.** 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 287550
प्रति किलो



# कंपनियों के तिमाही परिणामों से बाजार को मिलेगी दिशा

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह प्रमुख सूचकांकों के सपाट रहने के बाद आने वाले सप्ताह में कंपनियों के तिमाही परिणामों से बाजार की दिशा तय होगी। आईटी कंपनियों के अच्छे तिमाही परिणामों से इस सेक्टर में तेजी बनी हुई है, जो आने वाले सप्ताह में जारी रहने की संभावना है।

अगले सप्ताह संेसेक्स की कंपनियों में इंडिगो, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के वित्तीय परिणाम जारी होने हैं। संसद में 01 फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले निवेशक सतर्कता बरत सकते हैं। पिछले सप्ताह बृहन्न मुंबई नगर निगम चुनाव को कारण गुरुवार को बाजार में अवकाश रहा था। सोमवार और शुक्रवार को प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही जबकि मंगलवार और बुधवार को गिरावट देखी गई। बीएसई का संेसेक्स 5.89 अंक की साप्ताहिक गिरावट में शुक्रवार को 83,570.35 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 11.05 अंक की बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 25,694.35 अंक पर रहा। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के लिए बीता सप्ताह अच्छा रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक भी 0.46 अंक ऊपर बंद हुआ। संेसेक्स की 30 में से 19 के शेयर पिछले सप्ताह टूट गए, जबकि अन्य 11 में साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। एलएंडटी का शेयर सबसे ज्यादा 4.24 फीसदी लुढ़का। मारुति सुजुकी में 3.91 प्रतिशत, सन फार्मा में 3.51, एशियन पेंट्स में 2.39, आईटीसी में 2.33, इंडिगो में 2. 19 और बीईएल में 2.08 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.86 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.67, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.20, बजाज फाइनेंस का 1.05 और अडानी पोर्ट्स का 0.99 प्रतिशत फिसल गया। एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड के शेयर भी साप्ताहिक गिरावट में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 5.65 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा स्टील का शेयर भी 5.50 प्रतिशत, इंफोसिस 4.62, भारतीय स्टेट बैंक 4.23, अल्ट्राटेक सीमेंट 3.52 और एनटीपीसी 3. 04 प्रतिशत मजबूत हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर 2.20 फीसदी, एक्सिस बैंक के 1.78 और इटरनल के 1. 11 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहे।

# एफपीआई ने जनवरी में निकाले 19,940 करोड़ रुपये

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से 19,940 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। शुद्ध बिकवाली का मतलब है कि उन्होंने बाजार में जितना पैसा लगाया है, उससे अधिक निकाले हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इक्विटी में 22,530 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। वहीं डेट, हाइब्रिड इंस्ट्रूमेंट्स और म्यूचुअल फंड में उनका निवेश सकारात्मक रहा है। डेट में उनका शुद्ध निवेश 2,150 करोड़ रुपये और म्यूचुअल फंड में 392 करोड़ रुपये पर रहा। हाइब्रिड में उन्होंने अबतक 52-58 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। इससे पहले, साल 2025 में एफपीआई ने भारतीय पूंजी बाजार से 83,972 करोड़ रुपये निकाले थे। इक्विटी में उनकी शुद्ध निकासी 1,60,103 करोड़ रुपये थी।

# चावल, गेहूं में साप्ताहिक तेजी, चीनी नरम, दालों, खाद्य तेलों में रही घटबढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी रही।

चीनी की कीमतों में गिरावट रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 39 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,795 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 13 रुपये मजबूत हुआ और सप्ताहांत पर 2,867 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा आठ रुपये सस्ता हुआ और 3,311 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार- चढ़ाव रहा। मूंगफली तेल की औसत कीमत 186 रुपये और सरसों तेल की 103 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल 34 रुपये और वनस्पति 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 67 रुपये और सोया तेल की 46 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 50 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 35 रुपये और उड़द दाल 34 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल की कीमत चार रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती देखी गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल घट गए। चीनी भी 30 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7710.84 रुपये, मसूर काली 8061.09 रुपये, मूंग दाल 10069. 98 रुपये, उड़द दाल 10368.40 रुपये, तुअर दाल 10482.32 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2867.04 रुपये और चावल 3795.39 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.35 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4294.70 रुपये और गुड़ 4975.40 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17608. 86 रुपये, मूंगफली तेल 17687.79 रुपये, सूरजमुखी तेल 15968.93 रुपये, सोया तेल 13839.45 रुपये, पाम ऑयल 12471.96 रुपये और वनस्पति 14502.60 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# 'भारतीय भाषा परिवार: सांस्कृतिक विरासत' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**नई दिल्ली।** सरस्वती आईकेएस सेंटर एवं आईक्यूएसी, श्याम लाल कॉलेज द्वारा भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'भारतीय भाषा परिवार: सांस्कृतिक विरासत' विषय पर 16-17 जनवरी 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। यह सम्मेलन श्याम लाल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रबी नारायण कर के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित किया गया।

उनके दूरदर्शी नेतृत्व और अकादमिक दृष्टि ने इस आयोजन को स्पष्ट दिशा प्रदान की तथा भारतीय ज्ञान-परंपरा एवं भाषाई विरासत के प्रति संस्थागत प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया। सम्मेलन का उद्देश्य भारतीय भाषाओं को केवल संप्रेषण का माध्यम न मानकर, उन्हें भारतीय ज्ञान-परंपरा, सांस्कृतिक चेतना एवं सभ्यतागत विरासत के संवाहक के रूप में समझना था। सम्मेलन के शैक्षणिक एवं वैचारिक संचालन में सरस्वती आईकेएस सेंटर एवं आईक्यूएसी की निदेशक प्रो. कुशा तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में सम्मेलन की विषयवस्तु और सत्र संरचना को अकादमिक दृष्टि से समग्र एवं अंतर्विषयक स्वरूप प्राप्त हुआ। दो दिनों के दौरान उद्घाटन सत्र, थीम आधारित सत्र, प्लेनरी सत्र, राउंड टेबल चर्चा, पैनल चर्चा तथा तकनीकी सत्रों के माध्यम से भारतीय भाषाओं के विविध पक्षों पर व्यापक विमर्श किया गया। सम्मेलन में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. चंद किरण सलूजा रहे। समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, विशिष्ट वक्ता प्रो. पवन कुमार शर्मा (भारतीय भाषा समिति) तथा विशिष्ट अतिथि डा. मंथा श्रीनिवासु (संयुक्त सचिव, यूजीसी) उपस्थित रहे।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नोएडा में...** डायल-112 पर सूचना देकर पिता मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक सर्वेश सिंह भी फोर्स के साथ वहां आए। दमकल कर्मी भी छोटी-बड़ी क्रेन के साथ पहुंचे। युवराज से कुछ ही मीटर दूर पिता और तमाम फोर्स थी, लेकिन कोहरे की वजह से वह एक-दूसरे को देख नहीं पा रहे थे। वह मोबाइल का टार्च जलाकर चिल्लाता रहा- पापा मुझे बचा लो, मेरी कार डूब रही है। कुछ ही समय में उसकी आवाज आनी बंद हो गई। करीब ढाई घंटे बाद उसका शव निकाला गया। घटना शुक्रवार देर रात की है।

# गरुड़ कमांडोज के लिए मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड का आयोजन

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की विशेष बल इकाई 'गरुड़' के जवानों के प्रशिक्षण की सफल समाप्ति के उपलक्ष्य में रविवार को गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिग सेंटर (जीआरटीसी), एयर फोर्स स्टेशन चंडी नगर में मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया गया। परेड की समीक्षा एयर स्टाफ ऑपरेशंस (एयर डिफेंस) के सहायक प्रमुख ने की। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में बताया गया कि इस अवसर पर गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिग सेंटर के कमांडेंट ने प्रशिक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 'गरुड़' जवानों को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में बदलते सुरक्षा परिदृश्य के अनुरूप विशेष बलों के लिए कठोर प्रशिक्षण और उच्च स्तरीय कौशल विकास के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर सफल प्रशिक्षुओं को मैरून बेरेट, गरुड़ प्रोफिशिएंसी बैज और स्पेशल फोर्सेज टैब प्रदान किए गए, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को ट्रॉफियां भी सौंपी गईं। पासिग आउट समारोह के दौरान गरुड़ कमांडोज ने कॉम्बैट फायरिग, बंधक बचाव अभियान, फायरिग ड्रिल, असॉल्ट एक्सप्लोसिव्स, बाधा पार, दीवार चढ़ाई, स्लिथरिग, रैपलिग तथा सैन्य मार्शल आर्ट्स जैसे कौशलों का प्रदर्शन किया। मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड 'गरुड़' बल के लिए गर्व और उपलब्धि का क्षण है, जो अत्यंत चुनौतीपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफल परिणति और प्रशिक्षुओं के 'युवा विशेष बल ऑपरेटर' के रूप में रूपांतरण को दर्शाता है।

# रेलवे ने ट्रैक के आधुनिकीकरण और सुरक्षा क्षेत्र में लगाई लंबी छलांग

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ वित्त वर्ष 2024-25 में 6,851 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण पूरा, 7,500 ट्रैकों का नवीनीकरण जारी

देश में पिछले एक साल में रेलवे ट्रैकों के नवीनीकरण की दिशा में काफी तेज गति से काम हुआ है, जिसके कारण रेल सुरक्षा मजबूत हुई है। रेलवे की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में 6,851 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण पूरा हुआ है और मौजूदा समय में 7,500 ट्रैकों के नवीनीकरण का काम चल रहा है, जिसके वित्त वर्ष 2025-26 में पूरा होने का अनुमान है।

इसके अलावा, 2026-27 के लिए 7,900 किमी ट्रैक का नवीनीकरण करने की योजना है। रेलवे ने बताया है कि 2024-25 में, 7,161 थिक वेब स्विच और 1,704 वेल्डेबल कास्ट मैंगनीज स्टील (सीएमएस) क्रॉसिंग लगाए गए। वहीं 2025-26 में, 8,000 से ज्यादा थिक वेब स्विच और 3,000 से ज्यादा वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग लगाए जाने की योजना है। रेलवे ने बताया कि ट्रैक की स्थिरता बनाए रखने और राइड क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए जरूरी बैलास्ट की मशीनीकृत डीप स्क्रीनिंग लगातार की गई है। रेलवे के मुताबिक 2024-25 के दौरान, 7,442 ट्रैक किलोमीटर की डीप स्क्रीनिग पूरी की गई, जबकि 2025-26 में 7,500 से ज्यादा ट्रैक किलोमीटर में डीप स्क्रीनिग किए जाएंगे। मशीनीकृत रखरखाव में मदद करने और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए रेलवे ने अपने ट्रैक मशीन बेड़े का काफी विस्तार किया है। वर्ष 2014 से अब तक 1,100 से ज्यादा ट्रैक मशीनें खरीदी गई हैं, जिससे रेलवे नेटवर्क का रखरखाव तेजी से और ज्यादा कुशलता से हो रहा है। रेलवे ने बताया है कि पशुओं के ट्रेन की चपेट में आने और अनाधिकृत प्रवेश की घटनाओं को कम करने के लिए रेलवे ट्रैक के किनारे सेफ्टी फेंसिग को प्राथमिकता पर लिया गया है, जिससे कुल मिलाकर सुरक्षा बढ़ी है। अब तक लगभग 15,000 किलोमीटर की फेंसिंग लगाई गई है, जिससे उन सेक्शनों पर सुरक्षा में सुधार हुआ है, जहां ट्रेनें 110 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की गति से चलती हैं। रेलवे ने कहा है कि वर्ष 2014 में 110 किमी प्रति घंटे और उससे ज्यादा की रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों के योग पटरियों की लंबाई 31,445 किलोमीटर (नेटवर्क का लगभग 40 प्रतिशत) थी, जो अब बढ़कर 84,244 किलोमीटर (नेटवर्क का लगभग 80 प्रतिशत) हो गई।

# कार्यकर्ताओं को मायूस देखकर देवबंद से लौटकर प्रदेश अध्यक्ष ने बढ़ाया उनका हौसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पहली बार जिले से गुजर रहे भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी का स्वागत करने के लिए सैकड़ों कार्यकर्ता हाईवे पर खड़े रहे, लेकिन प्रदेशाध्यक्ष बिना कार से उतरे सिर्फ हाथ जोड़कर आगे बढ़ गए जिससे कार्यकर्ताओं में मायूसी और नाराज़गी छाई रही, लेकिन जैसे ही यह खबर सोशल मीडिया पर फैली तो देवबंद से शोक सभा में शामिल होने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मुजफ्फरनगर पहुंचे और देर शाम तक मेरठ रोड स्थित मूलचंद रिसोर्टमें उन्होने एक-एक कार्यकर्ता से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया।

दरअसल रविवार को राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल और भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए तैयारी कर कार्यकर्ताओं को हाईवे पर इकट्ठा किया था। भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी पहली बार मुजफ्फरनगर की धरती पर पहुंचे, लेकिन उनका यह आगमन कार्यकर्ताओं की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। वो कार से जमीन पर उतरने के बजाये सीधे हाथ जोड़कर निकल गये और कार्यकर्ता ठगे रह गये। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिल्ली देहरादून हाईवे स्थित गुप्ता रिसॉर्ट पर भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता उनके स्वागत के लिए घंटों से उनकी राह तक रहे थे कार्यकर्ताओं की भीड़ और उत्साह का माहौल तब निराशा में बदल गया, जब प्रदेशाध्यक्ष का काफिला हाईवे पर पहुंचा।



## सोशल मीडिया पर मंत्री ने की थी स्वागत की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रविवार की सवेरे ही प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री ‪(स्वतंत्र प्रभार)‬ एवं नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से कार्यकर्ताओं को सूचना दी थी कि नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मुजफ्फरनगर से होकर गुजरेंगे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से हाईवे स्थित गुप्ता रिसॉर्ट पहुंचकर गर्मजोशी से स्वागत करने की अपील की थी। इसके बाद मंत्री कपिल देव अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, पार्टी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चों के पदाधिकारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक निर्धारित स्थान पर समय से पहले पहुँच गए। सभी ने उत्साहित माहौल में घंटों तक इंतजार किया। जैसे ही प्रदेशाध्यक्ष का काफिला दिखाई दिया, कार्यकर्ताओं में जोश की लहर दौड़ पड़ी। कार्यकर्ताओं ने नारे लगा कर स्वागत का माहौल बनाया। लेकिन जैसे ही कार पास आई, प्रदेशाध्यक्ष ने बिना उतरे ही हाथ जोड़कर अभिवादन किया और तुरंत आगे बढ़ गए। कार्यकर्ता नारे लगाते रह गए और प्रदेशाध्यक्ष का काफिला हाईवे से गुजर गया। इस पर कई कार्यकर्ताओं ने आपस में नाराजगी व्यक्त की। उनका कहना था कि पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष कम से कम दो मिनट रुककर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा सकते थे।

## कार्यकर्ताओं के दर्द पर जिला अध्यक्ष और मंत्री ने रखा मरहम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कार्यकर्ताओं में नाराजगी और छाई मायूसी को देखकर राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने स्थिति संभालने की कोशिश करते हुए कहा कि प्रदेशाध्यक्ष देवबंद में एक शोकसभा में शामिल होने जा रहे थे। कार्यक्रम बेहद कम समय में तय हुआ था। समय की कमी के चलते वह नहीं रुक पाए। जिला अध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी ने भी कहा कि कार्यकर्ताओं में किसी तरह की नाराजगी नहीं है और प्रदेशाध्यक्ष के पास समय कम था, इसलिए उनको रोकना उचित नहीं समझा गया। मुजफ्फरनगर के राजनीतिक गलियारों में यह घटनाक्रम चर्चा का केंद्र बना हुआ है। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि इतने बड़े स्तर पर उपस्थित होकर भी प्रदेशाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं से न मिलना मनोबल को ठेस पहुंचाने वाला है। कुछ वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने दबी आवाज में कहा कि पार्टी संगठन कार्यकर्ताओं के जोश से चलता है, ऐसे में उनका सम्मान होना जरूरी है।

# भाकियू की मुजफ्फरनगर जिला कार्यकारिणी भंग

### प्रोटोकॉल उल्लंघन व संगठनात्मक उदासीनता पर शीर्ष नेतृत्व का सख्त कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने संगठनात्मक अनुशासन को सख्ती से लागू करते हुए मुजफ्फरनगर जिला इकाई की संपूर्ण जिला कार्यकारिणी को भंग कर दिया है। यह निर्णय प्रोटोकॉल की अनदेखी और संगठनात्मक गतिविधियों में उदासीनता पाए जाने के बाद लिया गया। प्रयागराज में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं चिंतन शिविर के दौरान गहन विचार-विमर्श के बाद भाकियू टिकैत के शीर्ष नेतृत्व ने यह बड़ा कदम उठाया। जिला, नगर, ब्लॉक और तहसील स्तर पर एक साथ किए गए इस व्यापक बदलाव से संगठन में नई हलचल देखने को मिल रही है। वहीं, प्रदेश युवा प्रभारी के कथित इस्तीफे की सूचना ने स्थिति को और गर्मा दिया, हालांकि भाकियू हाईकमान ने इस खबर को तत्काल प्रभाव से खारिज कर दिया। भाकियू राष्ट्रीय कार्यालय के अनुसार, सोशल मीडिया पर प्रदेश युवा प्रभारी अनुज सिंह के इस्तीफे की खबर सामने आने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय समन्वय समिति के समक्ष रखा गया। समिति ने सर्वसम्मति से अनुज सिंह का इस्तीफा नामंजूर कर दिया और स्पष्ट किया कि नए युवा प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति तक वे पूर्ववत अपने पद पर कार्यरत रहेंगे। इससे युवा मोर्चे की स्थिति फिलहाल स्थिर मानी जा रही है।

## इन पदाधिकारियों को रखा गया बदलाव से बाहर

भाकियू ने मुजफ्फरनगर की संपूर्ण जिला कार्यकारिणी को अगले आदेश तक भंग कर दिया है, हालांकि कुछ इकाइयों और पदाधिकारियों को यथावत रखा गया है। ब्लॉक जानसठ, बघरा और बुढ़ाना की ब्लॉक इकाइयाँ पूर्ववत कार्यरत रहेंगी। जिला कार्यकारिणी से कांत (जिला सचिव, चरथावल) और जयवीर सिंह (जिला उपाध्यक्ष) को भी बरकरार रखा गया है। इसके अलावा महानगर अध्यक्ष गुल. बहार राव, भोकरहेड़ी व सिसौली के नगर अध्यक्ष तथा तहसील अध्यक्ष देव अहलावत को बदलाव से बाहर रखा गया है। अन्य सभी जिला, ब्लॉक, नगर और तहसील स्तरीय कमेटियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। नई टीम के गठन को लेकर चर्चाएं तेज भाकियू की मुजफ्फरनगर इकाई में हुए इन बड़े बदलावों के बाद नए पदाधिकारियों की घोषणा को लेकर संगठन में चर्चाएं तेज हो गई हैं। कई पुराने और सक्रिय चेहरों के नाम सामने आ रहे हैं। चिंतन शिविर के दौरान संगठनात्मक मजबूती और किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर नई रणनीति तैयार करने पर भी जोर दिया गया है।



मुजफ्फरनगर: मीडिया से वार्ता करते ठाकुर पूरन सिंह व उनके समर्थक।

# खतौली में रुके बिना गुजर गया प्रदेश अध्यक्ष का काफिला

### दो घंटे की प्रतीक्षा के बाद निराश लौटे कार्यकर्ता, संगठन के भीतर हलचल की चर्चा

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के प्रस्तावित आगमन को लेकर खतौली बाईपास पर उमड़े पार्टी कार्यकर्ताओं की उम्मीदें उस समय टूट गईं, जब लंबा इंतजार कराने के बाद प्रदेश अध्यक्ष का काफिला बिना रुके ही आगे निकल गया। करीब दो घंटे तक मंडल स्तर से लेकर जिला नेतृत्व तक के पदा. धिकारी मौके पर डटे रहे, लेकिन शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात न हो पाने के कारण कार्यकर्ताओं में गहरी नाराजगी देखी गई।

जानकारी के अनुसार जिला अध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी सहित सभी मंडल अध्यक्षों ने व्यापक तैयारी करते हुए सैकड़ों कार्यकर्ताओं को एकत्र किया था। कार्यकर्ताओं को विश्वास था कि प्रदेश अध्यक्ष कुछ समय रुककर उनका अभिवादन स्वीकार करेंगे और संगठनात्मक संवाद होगा, लेकिन ऐसा न होने से वे स्वयं को उपेक्षित महसूस करने लगे। कार्यकर्ताओं का कहना है कि व्यस्तता सभी के पास होती है, लेकिन संगठन के लिए समय निक. ालकर पहुंचे कार्यकर्ताओं से एक संक्षिप्त मुलाकात भी प्रेरणा का काम करती। प्रदेश अध्यक्ष का वाहन से बाहर न उतरना कई कार्यकर्ताओं को असहज और अपमानजनक लगा।

घटना के बाद पार्टी के अंदरूनी गलियारों में इसे जिले में संभावित संगठनात्मक बदलावों से जोड़कर भी देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि जिला नेतृत्व की मौजूदगी के बावजूद प्रदेश अध्यक्ष का न रुकना कई सवाल खड़े करता है। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम को लेकर अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं, लेकिन कार्यकर्ताओं की भावनाएं लगभग एक जैसी नजर आई। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत कार्यकर्ता होते हैं और यदि उनका मनोबल प्रभावित होता है, तो इसका असर आने वाले कार्यक्रमों और चुनावी गतिविधियों पर भी पड़ सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह संदेश प्रदेश नेतृत्व तक पहुंचेगा और भविष्य में कार्यकर्ताओं के सम्मान और सहभागिता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

## किसान नेता पूरन सिंह सिंह ने चंद्रशेखर और सोम को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह ने कहा कि मेरठ के कपसाड़ और ज्वालागढ़ में हुई घटनाएं बेहद निंदनीय हैं और ये शासन-प्रशासन पर दाग लगाने वाली घटनाएं हैं।

सरकार की जिम्मेदारी है कि हर नागरिक को सुरक्षा और बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले, लेकिन इन घटनाओं पर जिस तरह से राजनीति की जा रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वह दलितों की नहीं, बल्कि अपने दल की राजनी. ति कर रहे हैं। रविवार को उन्होंने मीडिया से बातचीत में चंद्रशेखर आजाद और सरधना विधायक अतुल प्रधान को घेरते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद दलितों के हित की नहीं, बल्कि अपने दल को बड़ा करने की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दलितों की लड़ाई लड़ने का दावा केवल ढकोसला है और असल में यह लड़ाई राजनीतिक दलों के हितों की है। विपक्षी नेता पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंच रहे हैं, लेकिन पुलिस और प्रशासन उन्हें रोक रहा है, जिससे स्थिति और बिगड़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रेम हिंसा नहीं सिखाता और ऐसी घटनाओं को लेकर राजनीति करने के बजाय चुने हुए जनप्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के सामने मजबूती से बात रखनी चाहिए।

## युवा अधिवक्ता दिवस पर गोष्ठी का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर अधिवक्ता परिषद् ब्रज इकाई द्वारा युवा अधिवक्ता दिवस कार्यक्रम राष्ट्रीय सभागार, सिविल बार एसोसिएशन के प्रांगण मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता प्रमोद, विभाग कार्यवाह (आर एस एस) ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के विशेष घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से आवाहन किया कि युवा स्वामी विवेकानंद के आदर्शो को अपनाए और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी सभ्यता,संस्कृति एवं अनुशासित चरित्र का निर्माण कर राष्ट्र हित मे कार्य करे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संगीता कश्यप, विपिन कश्यप, शशांक अग्रवाल एवं सुनील कुमार मित्तल अध्यक्ष सिविल बार एसोसिएशन द्वारा सामूहिक रूप से की गई। कार्यक्रम का संचालन सूरज वर्मा व कार्यक्रम का संयोजन बाल कृष्ण शर्मा ने किया।

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सलेक चन्द महामंत्री अधिवक्ता परिषद्, ठाकुर भूपेन्द्र सिंह, हरिओम गोयल, सत्येंद्र पुंडीर, अभिषेक गोयल, जोगेंद्र गोयल, विष्णु गर्ग, अमित वर्मा, अभिषेक गोयल, अरुण शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, कुलदीप पुंडीर, रवि दत्त, नरेंद्र प्रजा. पति, प्रवीण उपाध्याय, शलभ बंसल, अश्विनी कमलकांत कश्यप प्रभा, मानसी, विशु, रेखा शाही व अन्य सम्मानित अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।।



मुजफ्फरनगर: प्रमाण पत्र व सहायता राशि देते जिला पंचायत चेयरमैन व पालिका अध्यक्ष।

# 1516 लाभ्यार्थियों को मिली धनराशि

### पीएम आवास योजना के तहत पक्के आवास पाने का सपना हुआ साकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण किये गये। जनपद के कुल 1516 लाभार्थियो के खाते में एक-एक लाख रूपये की धनराशि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अंतरण की गयी।

मुजफ्फरनगर 18 जनवरी 2026 प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में इंदरा गांधी प्रतिष्ठान उत्तर प्रदेश लखनऊ में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के लगभग 2 लाख लाभार्थियों के खाते में 2 हजार करोड रूपये की अनुदान धनराशि व्दम ब्सपबा के माध्यम से लाभार्थियों के खाते में सीधे अंतरण किया गया,जिसका सीधा प्रसारण जिला पंचायत सभागार में मुख्य अतिथि वीरपाल निर्वाल जिला पंचायत अध्यक्ष मुजफ्फरनगर, मीनाक्षी स्वरूप नगर पालिका अध्क्षय, सुधीर सैनी जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, सन्दीप गलिक जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल, संजय कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संजय कुमार सिंह एवं पंकज प्रकाश राठौर नगर मजिस्ट्रेट / परियोजना अधिकारी डूडा देखा गया, तथा जिला पंचायत सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि वीरपाल निर्वाल जिला पंचायत अध्यक्ष मुजफ्फरनगर, मीनाक्षी स्वरूप नगर पालिका अध्क्षय, सुधीर सैनी जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, सन्दीप गलिक जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल, संजय कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं पंकज प्रकाश राठौर नगर मजिस्ट्रेट / परियोजना अधिकारी (डूडा) मुजफ्फरनगर उपस्थित रहे तथा अतिथियों द्वारा सभी उपस्थित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण किये गये। जनपद के कुल 1516 लाभार्थियो के खाते में एक-एक लाख रूपये की धनराशि मुख्यमंत्री द्वारा अंतरण की गयी।





# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने व्यापारियों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (रजि.) के व्यापारियों ने विभिन्न प्रशासनिक एवं विभागीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर चरथावल विधायक पंकज मलिक एवम मंत्री कपिलदेव अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से नगर निकाय, जीएसटी, खाद्य विभाग, श्रम विभाग सहित अन्य विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए गए।

व्यापारियों ने बताया कि वर्तमान समय में व्यापारी वर्ग लगातार विभागीय नोटिस, निरीक्षण और कार्रवाई से परेशान है। अनावश्यक दबाव और बार-बार की जा रही जांच के चलते व्यापार संचालन प्रभावित हो रहा है, जिससे भय का माहौल बना हुआ है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि 08 जनवरी 2026 को लखनऊ में आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में प्रदेश भर से आए व्यापारियों ने सर्वसम्मति से अपनी समस्याएं रखीं। बैठक में निर्णय लिया गया कि जनप्रति. निधियों के माध्यम से सरकार तक व्यापारियों की आवाज पहुंचाई जाए।



ज्ञापन में उठाई गई प्रमुख मांगें व्यापारियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि गृहकर एवं जलकर से जुड़े अनावश्यक नोटिसों पर रोक लगाई जाए, जीएसटी विभाग द्वारा जारी किए जा रहे अस्पष्ट नोटिसों पर नियंत्रण हो, खाद्य व माप-तौल विभाग द्वारा बिना कारण की जा रही कार्रवाई बंद की जाए, व्यापारियों की आर्थिक स्थिति के अनुरूप कर प्रणाली लागू की जाए, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए तथा व्यापार से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही 19 मार्च 2026 को प्रस्तावित भारतीय नववर्ष कार्यक्रमों में प्रशासनिक सहयोग और सरकारी परिसरों में स्वदेशी उत्पादों के लिए स्थान उपलब्ध कराने की भी मांग रखी गई। नगर अध्यक्ष जयपाल शर्मा एवम नगर प्रभारी अंशुमन अग्रवाल ने सँयुक्त रूप से कहा कि व्यापारी समाज प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन वर्तमान में व्यापारी वर्ग अनावश्यक विभागीय दबाव से परेशान है।

उन्होंने कहा कि यदि व्यापारियों को भयमुक्त और सम्मानजनक वातावरण नहीं मिलेगा तो व्यापार और रोजगार दोनों प्रभावित होंगे। नगर प्रभारी ने उम्मीद जताई कि विधायक पंकज मलिक व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से शासन तक पहुंच. ाकर समाधान कराएंगे। मंत्री कपिल देव ने शीघ्र अधिकारियो से बात कर निस्तारण का विश्वास दिलाया। ये व्यापारी रहे मौजूद ज्ञापन सौंपते समय नगर प्रभारी अंशुमान अग्रवाल, अध्यक्ष जय पाल शर्मा, महामंत्री नीरज बंसल, कोषाध्यक्ष अमित राय जैन, एडवोकेट विपिन मित्तल, प्रमोद त्यागी, विवेक गर्ग, सुभाष मित्तल, प्रवीण धीमान, डॉ पुनीत सिंघल, धारा सिंह पाल, अविरल मित्तल, मोहम्मद तारिक, नितिन जैन, सचिन गोयल, आदि मौजूद रहे।

# उत्कल एक्सप्रेस की चपेट में आकर वृद्ध की मौत, शिनाख्त नहीं

**मृतक की उम्र 50 वर्ष के आसपास**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रविवार को जानसठ रॉड फाटक पर रेलवे ट्रैक पार करते समय विपरीत दिशा से आ रही उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। पहचान न होने के कारण आसपास के क्षेत्र में लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पहचान होने पर परिजनों को सूचना दी जाएगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि वृद्ध को इससे पूर्व नहीं देखा गया।

# मंडलायुक्त ने ग्राम पिनना में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत आज मंडलायुक्त, सहारनपुर मंडल डॉ. रूपेश कुमार तथा जिला निर्वाचन अधिकारी, मुजफ्फरनगर उमेश मिश्रा द्वारा विधानसभा क्षेत्र13 पुरकाजी के मतदान केंद्र बालिका इंटर कॉलेज, ग्राम पिनना का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र पर उपस्थित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा पुनरीक्षण 2026 की दृष्टिगत तैयार की गई आलेख (ड्राफ्ट) मतदाता सूची एवं अन-कलेक्टेबल सूची का वाचन कर नागरिकों को सुनाया गया।



इसके उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बीएलओ से मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा डोर-टू-डोर अभियान चलाकर ऐसे मतदाताओं से फॉर्म एकत्रित करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर फॉर्म-6 (नया नाम जोड़ने), फॉर्मख्र7 (नाम हटाने) एवं फॉर्म-8 (त्रुटि संशोधन/स्थानांतरण) के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान उपस्थित आम जनमानस एवं मतदाताओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी से संवाद कर अपनी व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने समस्त मतदाताओं से अपील की कि वे ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपने तथा अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों के नाम अवश्य जांच लें। यदि किसी का नाम छूट गया हो तो फॉर्म-6 के साथ घोषणा पत्र एवं आवश्यक अभिलेख संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराकर नाम जुड़वाया जा सकता है। साथ ही, उन्होंने फॉर्म-8 के माध्यम से त्रुटि संशोधन एवं स्थानांतरण की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए सभी नागरिकों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला. धिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार तथा निर्वाचन दृष्टीकरण अधिकारी राहुल भट्ट एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# गन्ना मूल्य में 30 की वृद्धि किसानों की अनदेखी, 500 रु. प्रति क्विंटल करने की मांग:संजीव

**भाकियू तोमर की समीक्षा बैठक में योगी सरकार की आलोचना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/छपार।** रामपुर तिराहा स्थित भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय कार्यालय पर शनिवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने सरकार द्वारा गन्ने के दामों में की गई मामूली वृद्धि पर कड़ा रोष व्यक्त किया। महंगाई के अनुपात में दाम बढ़ाने की मांग



चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि सरकार ने गन्ने के भाव में मात्र 30 रुपये बढ़ाकर किसानों को ठगने का काम किया है। उन्होंने गंभीर मुद्दा उठाते हुए कहा, सोचने वाली बात यह है कि इस 30 की बढ़ोतरी में भी शुगर मिलें किसानों से ट्रांसपोर्ट खर्च काट रही हैं, जिससे इस वृद्धि का वास्तविक लाभ किसानों की जेब तक पहुँच ही नहीं रहा है। उन्होंने मांग की कि जिस रफ्तार से महंगाई बढ़ रही है, उसी अनुपात में फसलों के दाम भी तय किए जाएं। आंदोलन और संघर्ष का ब्योरा बैठक में बताया गया कि संगठन गन्ने के वाजिब दाम के लिए लंबे समय से संघर्षरत है। 19 सितंबर को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार का घेराव किया गया था। अक्टूबर माह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर गन्ने का रेट 500 रुपये प्रति क्विंटल करने की ठोस मांग रखी गई थी। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही प्रदेश भर का बकाया भुगतान नहीं हुआ और रेट पर पुनर्विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन और तेज होगा। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती के लिए अहम घोषणा की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने सनोज को देवबंद कार्यकारिणी का तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया। नवनियुक्त अध्यक्ष को जिम्मेदारी सौंपते हुए किसानों के हकों की लड़ाई निष्ठा से लड़ने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, प्रवक्ता चंदन त्यागी, मंडल उपाध्यक्ष साजिद, अब्दुल कलीम, अभिषेक, मनोज, जाकिर सोनू अनंश सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।

## दूसरे दिन भी सब बूथों पर बैठे सभी बीएलओ

**बुढ़ाना।** रविवार के दिन एसआईआर के तहत दूसरे दिन भी सभी बीएलओ अपने अपने बूथ पर बैठे और फार्म 06, 07 और 8 भरे गये। आज तहसीलदार बुढ़ाना महेंद्र सिंह यादव और नायब तहसीलदार अमन कुमार ने सभी बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने निरीक्षण के दौरान कन्या जूनियर हाईस्कूल में कहा कि सभी बीएलओ अपने कार्य में पारदर्शिता अपनायेंगे। सभी जायज वोट बनाएंगे। कोई भी जायज वोट छुटनी नही चाहिए। इस कार्य में सभी नागरिकों को चाहिए कि वे भी इस कार्य में सभी बीएलओ का साथ दें। इस अवसर पर सुपरवाइजर सुशील सैनी, रमेश चंद पंवार, राखी जैन, रचना शर्मा, दीपक, मीनाक्षी, इमराना, सीमा, अमित कुमार, अनुपमा, असमा अली और जेनूबा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिस नील गाय को बचाया वही 12वें दिन मृत मिली

**बुढ़ाना।** बीती 07 जनवरी को आवारा कुत्तों से बचने को जो घायल नील गाय तालाब में गिरी थी और उसे गौरक्षक छोटा सैनी ने बचा लिया था वह रविवार को उसी तालाब में मृत अवस्था में पानी में तैरती मिली। जिसे लेकर गौरक्षकों में वन विभाग की कार्यशैली के प्रति भारी रोष है। गांव परासौली में बीते 7 जनवरी को तालाब में नील गाय गिर गयी थी। इसकी सूचना गौरक्षक छोटा सैनी को मिली तो वे अन्य गौरक्षकों को लेकर तालाब पर पहुंचे और कडी मशक्कत के बाद नील गाय को तालाब से रस्सों के द्वारा निकाला गया था। गाय के पीछे कुत्ते लगे थे। जिन्होंने गाय को कई जगहों से जख्मी कर दिया था। जिनसे बचने को भागते हुए गाय तालाब में गिर गयी। छोटा जब वाहन में घायल गाय को लादकर चले तो आवारा कुत्ते फिर गाय के पीछे लग गये। तब उन्हें गौरक्षकों द्वारा भगाया गया। इसके बाद नील गाय गौशाला लाई गई जहां गौरक्षकों ने उसका उपचार किया तो वन विभाग ने वह गाय जंगल में छुड़वा दी। गौरक्षक छोटा ने कर्मचारियों को कहा भी कि वे इसकी सेवा कर लेंगे गाय यहीं रहने दें मगर कर्मचारी नहीं माने और उसे जंगल में छोड़ दिया। आज उसी तालाब में उस गाय का शव तैरता मिला। जिसे कर्मचारियों की मदद से तालाब से निकलवाकर गहरे गड्ढे में दबवाया गया। छोटा का कहना है कि अगर गाय उनके पास रहती तो आज यह लाश नहीं मिलती। उन्होंने कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

### सपा नेता नवाब इम्तियाज एसआईआर को लेकर दिखे गंभीर

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता नवाब इम्तियाज एसआईआर को लेकर काफी गंभीर नजर आए। इस बारे में उन्होंने बतलाया कि वे एसआईआर की प्रक्रिया के शुरू होते ही पूरे एक्टिव हो गए थे और आज तक भी एक्टिव ही हैं। उनके आवास पर समय समय समय पर एसआईआर प्रक्रिया से सम्बंधित लगभग सभी कार्य किए गए। आज भी बीएलओ के समक्ष नोटिस मिलने पर कई लोगों के वाद विवाद सुलझवाने में अहम भूमिका निभाई ओर काफी नये मतदाताओं की फार्म भरकर नई वोटों को भी बनवाने का कार्य उनके द्वारा बाखूबी किया गया। उन्होंने बताया कि वैसे आज बीते कल की तरह ही विशेष अभियान था। अब भी अगर किसी की वोटें नहीं बनी है तो वो उनसे या बीएलओ से फोन पर संपर्क कर अपनी नई वोटों को बनवा सकता है। इसमें कोई भी मतदाता किसी भी तरह की डील ना करे नहीं तो उसको फिर भविष्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पडेगा। गौरतलब है कि सपा नेता नवाब इम्तियाज समय समय पर लोगों की इसी तरह से सेवा करते रहते हैं।

### एआईएमआईएम का हर रोज बढ़ रहा हैं काफिला

**मुज़फ्फरनगर।** एआईएमआईएम पार्टी एक्टिव मोड में नज़र आ रही हैं। लगातार लोगों को ज़िम्मेदारी देकर गावं-देहात में लोगों को जोडने का अभियान चला रही हैं। जिला महासचिव उस्मान एडवोकेट के आवास पर एक बैठक का आयोयन किया गया जिसकी अध्यक्षता पश्चिम महासचिव इंतजार अंसारी ने की व संचालन यूथ विंग के प्रदेश सचिव हाफिज ज़फरयाब ने किया।

मीटिंग में ज़िलाध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी ने कई लोगों को ज़िम्मेदारियों से नवाज़ा। सदर विधानसभा अध्यक्ष मास्टर इखवान, जिला सचिव मोहम्मद अमजद को बनाया गया। और डॉक्टर मोहम्मद आजम फैज मुहम्मद, शाहरुख, मुहम्मद सुहैल, शाहबाज त्यागी, मोहम्मद शाहिद ने हाफ़िज़ जफरयब अली पश्चिम प्रदेश सचिव के माध्यम से समाजवादी पार्टी छोड़कर एआइएमआइएम की सदस्यता ग्रहण की। मीटिंग में जनपद में प्रदेश अध्यक्ष के दौरे को लेकर भी वार्तालाप हुई। इस मौके पर यूथ ज़िला अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मजीद, ज़िला महासचिव कुंवर उस्मान एडवोकेट, ज़िला पंचायत संभावित प्रत्याशी ताज मोहम्मद, मोहम्मद बाबर, नाजिम चौहान, हामिद राणा, बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम, अब्दुल गफ्फार मोहम्मद सलमान, मौ आदिल, जिशान राणा, आबिद अली आदि मौजूद रहे।

### किसानों को फसल की दी जानकारी

**पुरकाजी।** क्षेत्र के गांव धमात में किसान गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में वैज्ञानिकों ने किसानों को फसलों की बीमारी व उसके बचाव के उपाय बताए गए। गोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन शामिल हुए हैं। रविवार को गांव धमात में किसान चौधरी रतन सिंह के आवास पर फार्मर ट्रेंनिंग प्रोग्राम के तहत सैफ एंड जूडिशियस यूज पेस्टीसाइड किसान गोष्ठी में विशेषज्ञ पैनल के रूप में डा यशपाल सिंह निदेशक, कृषि विज्ञान केंद्र, मुज़फ्फरनगर, डा राजबीर सिंह प्रोफेसर, रामपुर मनिहारान डा संदीप सिंह एडवाइजर जनरल, पेस्टिसाइड्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन आफ इंडिया ने किसानों को फसलों में आने वाली विभिन्न तरीके की बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि फरवरी माह के बाद गेहूं की फसल में खेत में पीला- पीला हो जाता है। यह बीमारी यैलो रस्ट बीमारी होती है, गेहूं की फसल में काला दाना पड़ जाता है जब फरवरी और मार्च में बारिश होने से खेत में नमी होती है, तभी इस तरीके का दाना बनता है। उस समय पर दवाई का सही छिड़काव करना चाहिए। उन्होंने गेहू की पीली रतवा,करनाल बट व गन्ने की तीन बीमारी जैसे लाल सड़न, सुखा व पोक्का बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गोष्ठी के दौरान वैज्ञानिकों ने फर्टिलाइजर दवाई के छिड़काव, दवाई की सही मात्रा में प्रयोग करने की विधि बताई वहीं उन्होंने कहा कि जब दवाई करते कुछ दवाई बच जाती है तो उस दवाई को उसकी एक्सपायरी लिखकर उसे एकांत जगह पर रख देना चाहिए ताकि उसका फिर से प्रयोग हो सके। दवाई छिड़कते समय गल्बस, मास्क का प्रयोग अवश्य करना चाहिए जिससे कि दवाई के दुष्प्रभाव से बचा जा सके। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुवंर प्रणव सिंह चैंपियन ने किसानों से वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने तथा कीटनाशकों का संतुलित, सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग करने का आह्वान किया, कहा कि किसानों को अपनी फसलों की बुवाई करने के लिए उचित समय, दवाई व बीज की गुणवत्ता की जानकारी अवश्य रखनी चाहिए ताकि फसल ठीक प्रकार से हो सके। आज के आधुनिक समय में किसान को गूगल की मदद से अच्छी फसल अपने खेतों में लगाकर मुनाफा कमा सकता है। किसान गोष्ठी में आधा दर्जन किसानों को सम्मानित किया गया। इस दौरान चौ रतन सिंह, अमित चौधरी, बबलू गुर्जर, प्रेम सिंह, धर्मवीर, ओमपाल सिंह, डा अनिल आदि मौजूद रहे।

### 5 युवकों के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट हुई दर्ज

**बुढ़ाना।** पुरानी रंजिश के चलते एक किसान के साथ मारपीट करने वाले पांच आरोपियों के खिलाफ बुढ़ाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार सुमित पुत्र अशोक निवासी मौहल्ला करबला रोड बुढाना ने कोतवाली बुढ़ाना में रिपोर्ट दर्ज दर्ज कराते हुए बतलाया कि मैं बीती 16 जनवरी की रात में अपने खेत से सब्जी मण्डी जा रहा था। रास्ते मे प्राइमरी स्कूल नंबर 02 के पास मुझसे पहले से ही रंजिश रखने वाले दोनों भाई उज्जवल और आर्यन पुत्रगण मनोज, दीप पुत्र राजीव शर्मा, देव व विकास वहां पर हाथो मे लाठी डन्डे लिये आ गये ओर जान से मारने की नीयत से मेरे ऊपर लाठी डन्डे से हमला कर मुझे जमीन पर गिरा दिया ओर मुझे लातों, लाठी डन्डो से मारते रहे इन लोगो के द्वारा पूर्व में भी आपसी रंजिश के कारण मुझ पर हमला करने का प्रयास किया गया लेकिन मे बच गया था। अब इन लोगों ने मुझे अकेला पाकर जान से मारने की नियत से हमला किया। जब आसपास की भीड इक्टठा हुई तो ये लोग मुझे जान से मारने की धमकी देकर गाली गलोच करते हुए भाग गये। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कर लिया है।

### कृषक गोष्ठी में जिंक की बतलाई विशेषताएं

**बुढ़ाना।** गांव मंदवाड़ा में युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा के आवास पर क्रिस्टल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों ने किसान गोष्ठी कराई। जिसमें काफी किसानों ने बढ़ चढकर भाग लिया। किसानों को कंपनी के अधिकारियों ने अपनी कंपनी के जिंक तलवार की विशेषता बताई और कहा कि हमारा जिंक किसान डीएपी खाद में मिलाकर भी प्रयोग कर सकते हैं जबकि और कंपनियों का जिंक आप डीएपी के साथ नहीं मिला सकते क्योंकि वह डीएपी के साथ लड़कर आपस में दोनों बेकार हो जाते हैं और किसान को इसका फायदा नहीं मिलता। उन्होंने इन दोनों अपने जिंक व दूसरी कंपनी के जिंक को किसानों को गिलास में घोलकर दिखाया कि दूसरी कंपनी का जिंक फट गया था जबकि क्रिस्टल कंपनी का जिंक डीएपी के साथ नहीं फटा था। इन प्रयोग को देखकर किसान कहने लगे हम क्रिस्टल कंपनी का तलवार के नाम से ही जिंक का प्रयोग करेंगे।

यहां क्रिस्टल कंपनी के अधिकारियों में एमडीएम चेतन रावत, टीएम धीरज वत्स, पीओ अंकित खाईवाल, पीओ विकास चौधरी के अलावा किसानों में संजीव कुमार, शमीम हफीजु, जुल्फिकार, रिजवान राणा, इरशाद राणा, वलेदीन, साजिद राणा, डॉक्टर अमित, इमारत अली, मासूम अली, शाहिद राणा और जाहिद अली आदि किसान भी उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम शबाना परवीन (SHABANA PARVEEN) से बदलकर शबाना अंजुम (SHABANA ANJUM) रख लिया है। भविष्य में समस्त कार्यो के लिए मुझे शबाना अंजुम के नाम से ही जाना, पहचाना और पुकारा जाए।

**शबाना अंजुम पुत्री मौ. शाकिर पत्नि मौ. उवेश निवासी-1811 महमूदनगर, रूड़की रोड, अबूबकर मस्जिद के सामने, मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मैंने अपना नाम Bashir Ahmad से बदलकर Basheer Ahmad रख लिया है।

**बशीर अहमद पुत्र रुस्तम ग्राम चौरावाला मुज़फ्फरनगर**

**सूचना**

मैंने अपना नाम Mohammad Ahsan से बदलकर Mohd Ahsan Qasmi रख लिया है।

**मौ. अहसान कासमी पुत्र बशीर अहमद ग्राम चौरावाला मुज़फ्फरनगर**

### मुकेश सुमन ने डीएम के भतीजे के निधन पर जताया शोक

**मुजफ्फरनगर।** धर्म सापेक्षता एवं संतुलन सिद्धांत के प्रतिपादक मुकेश सुमन ने प्रयागराज में टेंट में लगे झूले से गिरने से हुई दर्दनाक दुर्घटना में जिला अधिकारी उमेश मिश्रा के भतीजे विनय मिश्रा की असामयिक मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया। आयोजित शोक सभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा के दौरान मुकेश सुमन ने मनसा देवी भगदड़ प्रकरण तथा लखनऊ में हज यात्रियों के विमान के पहियों में आग लगने की घटना पर भी गहन संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब तक धार्मिक आयोजनों और तीर्थ यात्राओं में सुरक्षा, व्यवस्था और संवैधानिक संतुलन सुनिश्चित नहीं हो जाता, तब तक लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए। सभीने ईश्वर से शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# मामूली विवाद में बदला झगड़ा, दो बच्चों सहित छह घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सम्भलहेडा में शनिवार देर रात मामूली विवाद अचानक हिंसक झगड़े में बदल गया। नाली की सफाई को लेकर शुरू हुई कहा. सुनी देखते ही देखते लाठी-डंडों से हुए संघर्ष में दो बच्चों सहित कुल छह लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भतह्न कराया गया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम सम्भलहेडा में नाली की सफाई को लेकर दो पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जिसे आसपास के लोगों ने शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन विवाद बढ़ता चला गया और कुछ ही देर में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इसके बाद दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। इस झगड़े में प्रथम पक्ष से नीटू और मनोज घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष से महेन्द्र, नवीन, कौशब और सनी घायल हो गए। घायलों में दो बच्चे भी शामिल बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तुरंत मीरापुर पुलिस को दी। सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर रेफर किया, जहां उनका इलाज चल रहा है। थाना अध्यक्ष राजीव शर्मा ने बताया कि झगड़े की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भतह्न कराया गया है। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी पक्ष की ओर से लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मैजिक डांस एकेडमी पर प्रशिक्षुओं को प्रशस्ति-पत्र वितरित



**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की गांधी कॉलोनी स्थित मैजिक डांस एकेडमी पर कोरियोग्राफर मोहन अरा. ेरा के संयोजन व विशा के संचालन में उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को कत्थक के प्रमाण पत्र एवं अंक तालिकायें समारोह पूर्वक प्रदान की गई इसके अतिरिक्त पश्चिम बंगाल के आसनसोल में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के विजेताओं को मैडल एवं प्रशस्तिपत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में फिल्मी ऐक्टर अख्तर कुरैशी, वरिष्ठ पत्रकार राजीव मोहन गोयल, समा. जसेवी अजय अनेजा, इंजीनियर्स क्लब के सचिव इं. बसन्त कुमार गोयल, रमेश कैस्टो, गायक अमित शर्मा, मती प्रियंका पाल, तनु रानी, धर्मेंद्र सिंह, सम्पादक खुलासा न्यूज, सरताज राणा, उप सम्पादक खुलासा न्यूज आदि ने अतिथि के रूप में उपस्थित होकर शगुण टण्डन, रौनक टण्डन, काव्या सिंह, कामाख्या महिवाल, निकिता वर्मा, अदिति सिंह, हिमांशी कालरा, यशस्वी मदान, कौशिकी सिंह, सुहानी कश्यप, सानवी शर्मा आदि को सम्मानित किया। इस अवसर पर एकेडमी के कलाक. ारों ने नृत्य व गायन की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी।

# मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



**मीरापुर।** चुनाव आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत रविवार को नगर क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाता संबंधी कार्य किए गए। इस दौरान नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए और प्रकाशित मतदाता सूची को मतदाताओं के समक्ष पढ़कर सुनाया गया।

मीरापुर में प्रात: लगभग 11 बजे से बूथ लेवल अधिकारियों ने अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदाताओं से संपर्क करना शुरू किया। अधिकारियों ने क्षेत्र के नागरिकों को एकत्रित कर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई और उन्हें सूची में दर्ज नाम, आयु व अन्य विवरणों की जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और जिनका नाम अभी मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर अपना नया वोट बनवा सकते हैं। इसके अलावा मतदाताओं को यह भी अवगत कराया गया कि यदि मतदाता सूची में किसी के नाम, आयु, पता या अन्य विवरण में कोई त्रुटि है तो वे निर्धारित फॉर्म भरकर समय रहते संशोधन करा लें, ताकि भविष्य में मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे इस विशेष पुनरीक्षण अभियान का लाभ उठाएं और सुनिश्चित करें कि मतदाता सूची पूरी तरह सही और अद्यतन हो। इस कार्यक्रम में स्थानीय मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने नामों की जांच कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने किया गंगा में स्नान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया इस दौरान सुरक्षा को लेकर गंगा घाट पुलिस बल तैनात रहा।

मौनी अमावस्या पर रविवार की सुबह गंगा घाट पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। मां गंगा की पूजा की श्रद्धालुओं ने गंगा घाट पर अनुष्ठान भी सम्पन्न कराये। परिवार संग आये श्रद्धालुओं ने मोटरबोट मे बैठकर उत्तराखंड के खादर क्षेत्र से आने वाली सोलानी नदी व बाण गंगा संगम के दर्शन किये शुकदेव मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया। श्रद्धालुओं ने जहां गंगा घाट पर मछलियों को आटे की गोली का प्रसाद दान किया तो वहीं वृक्षों पर निवास करने वाले असंख्य पक्षियों को भी अन्न प्रसाद भेंट किया। परम्परा के अनुसार माना जाता है की गंगा मे मछलियों को आटे की गोली दान करने व पक्षियों को अन्न दान करने से सुख शान्ति समृद्धि प्राप्त होती है। वहीं श्रद्धालुओं ने महाभारत कालीन अक्षय वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांध कर परिवार की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी।श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर गंगा घाट पर पुलिस बल तैनात रहा।



# ब्रह्मा बाबा की स्मृति में श्रद्धा से ओतप्रोत हुआ दिव्य अनुभूति भवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय बिश्वविद्यालय के संस्थापक पिता ब्रह्मा बाबा के अव्यक्त दिवस के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय बिश्वविद्यालय केशवपुरी, मुजफ्फरनगर की ओर से बामनहेड़ी स्थित दिव्य अनुभूति भवन में आज 18 जनवरी को स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज के केशवपुरी सेवा केंद्र की इंचार्ज राजयोगिनी बी.के. जयंती दीदी ने ब्रह्मा बाबा के दिव्य और प्रेरणादायी जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ब्रह्मा बाबा का जन्म वर्ष 1876 में हैदराबाद (सिंध) में हुआ। वे एक सफल व्यवसायी और आदर्श गृहस्थ थे, परंतु ईश्वरीय आह्वान के पश्चात उन्होंने सां.



सारिक सुख-सुविधाओं, वैभव और प्रतिष्ठा का त्याग कर अपना संपूर्ण जीवन आत्मिक जागरण और बिश्व कल्याण के लिए समर्पित कर दिया।

बी.के. जयंती दीदी ने कहा कि ब्रह्मा बाबा ने राजयोग के माध्यम से आत्मा और परमात्मा के शाश्वत संबंध की सरल एवं व्यावहारिक शिक्षा प्रदान की। उनके द्वारा दी गई शिक्षाएं आज विश्व के 140 से अधिक देशों में लाखों लोगों के जीवन में शांति, पवित्रता और सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनी हुई हैं। उनका अव्यक्त जीवन मौन शक्ति, सहनशीलता, नि:स्वार्थ सेवा और ईश्वरीय अनुशासन का अनुपम उदाहरण है। कार्यक्रम के दौरान वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से ब्रह्मकुमारीज की वरिष्ठ दादी निर्मल शांता जी तथा दादी प्रकाशमणि जी के प्रेरक अनुभवों को भी सभी ने ध्यान से सुना।

कार्यक्रम में आए हुए सभी ब्रह्मवत्सों को अपने जीवन में धारण करने के लिए वरदान लिखे हुए बैज दिए गए।

कार्यक्रम के दौरान राजयोग ध्यान का विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने गहन शांति और दिव्य अनुभूति का अनुभव किया।

# उलेमाओं ने भी नई वोटें बनवाने पर दिया जोर

## मुफ्ती आस मौहम्मद ने निभाई अहम भूमिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कन्या जूनियर हाई स्कूल में आज सुबह 10 बजे से एसआईआर के तहत नई वोट बनाने की प्रकिया बीएलओज के द्वारा शुरू कर दी गयी थी। यहां बुढ़ाना कस्बे की कूबा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती आस मौहम्मद अपने मौहल्ले के कई लोगों को साथ में लेकर के पहुंचे और जिन युवाओं की नई वोटें बननी थी वे बूथ पर जाकर बनवाई। यह क्रम सायं 04 बजे तक चला। मिली जानकारी के अनुसार मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के तहत इस बूथ पर बीएलओ द्वारा निर्वाचक नामावली के प्रकाशित आलेख्य को पढ़कर सुनाया गया और नई वोटें भी बनवाई गयी। बीएलओ असमा अली ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को परिष्क्र त करना, छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ना और सूची को त्रुटिरहित बनाना है। यहां पर बीएलओज ने काफी फॉर्म 6 सहित अन्य आवेदन पत्र भी भरे। बताया जाता है कि निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामाव.



लियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आगामी विशेष अभियान तिथियां 31 जनवरी 2026 और 01 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।

# 5 हफ्ते से गायब सचिन के शव के टुकड़े मिले

## पुलिस ने खोपड़ी, जूता और शर्ट की बरामद, परिजनों में मची जबरदस्त चीख पुकार

**गांव नंगवा में दलित युवक का कंकाल मिलने से छाया शोक**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** करीब 5 सप्ताह पूर्व रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हुए दलित युवक सचिन का शव तो नहीं मिल पाया अलबत्ता रविवार की सुबह उसके शरीर के कुछ पार्टस उसके गांव के ही कुछ किसानों के खेतों से अलग अलग पुलिस द्वारा बरामद किए गये। सचिन के शव की पहचान खेतों से मिली उसकी शर्ट और उसके एक जूते से हुई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा गया और पूरे गांव में शोक व्याप्त हो गया। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव नगवा निवासी लगभग 19 वर्षीय दलित युवक सचिन पुत्र बरियम बीते वर्ष दिसम्बर महीने के तीसरे सप्ताह में रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गया था। परिजनों ने उसकी चारों तरफ खूब तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं लग पाया। तब इसकी गुमशुदगी की तहरीर उसी दौरान बायवाला पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस को दी गयी थी। परिजन सचिन के बारे में किसी अनहोनी की आशंका भी जता रहे थे और उसको अपने स्तर से जगह जगह तलाश भी कर रहे थे लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं लग पा रहा था। आज इस मामले में उस समय नया मोड़ आ गया जब गांव नगवा के ही एक किसान ठाकुर मांगेराम सिंह के खेत में गन्ने की छुलाई करने जा रहे मजदूरों को एक मानव खोपड़ी पडी मिली तो कुछ ही देर में यह खबर पूरे गांव में आग की तरह फ़ैल गयी। मौके पर सैंकड़ों ग्रामीण पहुंच गये। उधर इस बात की सूचना पुलिस को मिली तो बायवाला पुलिस चौकी प्रभारी रणवीर सिंह, सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल सुभाष बाबू अत्री, क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह और एसएसआई ललित शर्मा मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और घटनास्थल से भारी भीड़ को हटाते हुए मानव खोपडी को अपने कब्जे में कर इधर उधर खेतों में देखा तो कुछ ही दूरी पर ठाकुर विनोद के खेत में पैर की हढी मिली। उसके बाद ठाकुर बलिराम के खेत से हाथ की हढी और ओमबीर के खेतों मेंघ पसली की हढी, एक शर्ट और एक जूता पड़ा मिला। पुलिस ने ये सभी अंग अपने कब्जे में कर लिए। मौके पर गायब युवक सचिन के परिजन भी पहुंच गये तो उन्होंने मौके पर मिली शर्ट और जूते के आधार पर अपने पुत्र सचिन की पहचान की तो परिजनों में जबरदस्त चीख पुकार मच गयी।

मौके पर फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी टीम भी आई और आसपास का सारा जंगल छाना पर शव के बाकी अवशेष नहीं मिल पाए। प्रथम दृष्टया से तो ऐसा लग रहा था कि सचिन के शव कोघ शायद किसी जंगली जानवर ने खाया है लेकिन घटनास्थल पर इससे अलग भी तरह तरह की चर्चाएं थी। पुलिस ने शवघ के मिले सभी अंगों का पंचनामा कर अंगों को लैब में जांच के लिए भेजा है।

### मृतक सचिन एक युवती से करता था बात.....

अगर चर्चाओं पर गौर की जाए तो ग्रामीणों के अनुसार सचिन जनपद बागपत के गांव पुसार की अपनी ही जाति की किसी युवती से फोन पर अक्सर बातचीत करता था। इसका पता युवती के परिजनों को लगा तो वे बीते वर्ष गांव में आए थे और सचिन को फोन पर बात करने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी भी देकर गये थे। सचिन उक्त युवती से ही शादी करना चाहता था।

### सचिन थे चार भाई.......

गांव नगवा का सचिन अपने चारों भाइयों में सबसे छोटा था। ये चार सगे भाई थे। बड़ा और तीसरे नंबर वाला भाई शादीशुदा है जबकि दूसरे नंबर का भाई अर्द्धविक्षप्ति बताया गया है।

### पुलिस ने की जांच शुरु...

सचिन की मौत कैसे हुई है इस मामले में पुलिस ने दोनों थ्योरियों पर काम करना शुरु कर दिया है। एक तो नरभक्षी जानवर के द्वारा सचिन की मृत्यु होना और दूसरे जिस युवती से सचिन बात करता था उसके परिजनों की और भी शक की सूई धूम रही है। इन दोनों से अलग कोई तीसरा कारण भी हो सकता है। कुल मिलाकर इस केस की जांच होनहार काबिल क्राइम इंस्पैक्टर कर्मवीर सिंह को सौंपी गयी है। वे इस केस का सही खुलासा करेंगे ऐसी उम्मीद क्षेत्रवासियों को है।

# खतौली में मौत की डोर: प्रतिबंध के बावजूद बेधड़क बिक रहा चाइनीज मांझा, खुफिया तंत्र फेल

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खुशियों और उल्लास के प्रतीक पतंगोत्सव पर इस बार भी जान का खतरा मंडरा रहा है। देशभर में प्रति. बंधित चाइनीज मांझा खतौली के बाजारों में चोरी-छिपे ही नहीं, बल्कि कहीं-कहीं खुलेआम बिकता नजर आ रहा है। जिम्मेदार महकमे सप्लाई चेन तक पहुंचने में नाकाम साबित हो रहे हैं, जिससे 26 जनवरी तक खतरे के बने रहने की आशंका है। चाइनीज मांझा न सिर्फ इंसानों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है, बल्कि यह पक्षियों और पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा है। इसके बावजूद बाजार में इसकी मांग कम नहीं हुई है। दुकानदार परिचित चेहरों को यह मांझा आसानी से उपलब्ध करा रहे हैं। छोटी मस्जिद चौक के पास एक दुकान पर तो नाबालिग द्वारा चाइनीज मांझा बेचने का मामला भी सामने आया है। नगर के कई मोहल्लों और बाजारों में इसकी अवैध बिक्री जारी है। बताया जा रहा है कि मकर संक्रांति से पहले पतंग उड़ाने वालों के लिए चाइनीज मांझा खरीदने के रास्ते और आसान हो गए। कोतवाली के पीछे चंद कदमों की दूरी पर दुकानें बनाकर इसकी खरीद-फरोख्त की जा रही है। प्रतिबंध के बाद अब यह कारोबार पूरी तरह से चोरी-छिपे चल रहा है। जब पतंग व पतंग सामग्री बेचने वाली कुछ दुकानों की पड़ताल की गई, तो इस अवैध धंधे की सच्चाई सामने आ गई। गौरतलब है कि चाइनीज मांझे के भयानक दुष्प्रभाव देशभर में कई बार देखने को मिल चुके हैं। यह मांझा गले पर पड़ते ही मौत का कारण बन सकता है। हालांकि लोग यह तर्क भी दे रहे हैं कि कच्चा धागा भी जानलेवा हो सकता है, लोगों का कहना है कि चाइनीज मांझा कहीं अधिक खतरनाक है। त्योहार खुशियां बांटने के लिए होते हैं, किसी के घर मातम लाने के लिए नहीं। कानूनी तौर पर पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 के तहत चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध है। उल्लंघन करने पर छह माह से लेकर पांच साल तक की कैद और एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। इसी क्रम में हादसों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने रविवार देर रात पुलिस टीम के साथ पतंग व्यापारियों के यहां छापेमारी कर जांच-पड़ताल की। कार्रवाई के दौरान सात चाइनीज मांझे जब्त किए गए। कोतवाल ने व्यापारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि प्रतिबंधित मांझा बेचने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अब सवाल यह है कि जब कानून सख्त है और खतरा सबके सामने है, तो फिर चाइनीज मांझा बाजार तक कैसे पहुंच रहा है? क्या जिम्मेदार विभाग सप्लाई चेन तक पहुंच पाएंगे, या फिर हर साल की तरह हादसों के बाद ही नींद खुलेगी?

# अंतरराष्ट्रीय कला मंच पर चमकी खतौली की बेटी पूनम शर्मा

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नई दिल्ली स्थित ललित कला अकादमी, मंडी हाउस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कला महोत्सव में खतौली की होनहार कलाकार पूनम शर्मा ने अपनी कलात्मक प्रतिभा से विशेष पहचान बनाई है। दिल्ली क्लोज ऑफ आर्ट के तत्वावधान में 13 से 18 जनवरी तक चले इस छह दिवसीय महोत्सव में देश और विदेश के प्रतिष्ठित कलाकारों की चयनित कलाकृतियां प्रदर्शित की जा रही हैं, जिनमें पूनम शर्मा की रचनाओं को प्रमुख स्थान मिला है।

महोत्सव के लिए पूनम शर्मा की तीन कलाकृतियों का चयन हुआ है, जिन्हें कला प्रेमियों द्वारा खूब सराहा जा रहा है। उनकी एक संकल्पना आधारित पेंटिंग ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया है, जिसमें मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से परिवारों में बढ़ती दूरी और संवादहीनता को प्रभावशाली ढंग से उकेरा गया है। चित्र में एक ही मेज पर बैठे परिवार के सदस्य मोबाइल में उलझे नजर आते हैं, जो आधुनिक जीवन की कड़वी सच्चाई को दर्शाता है।

कला समीक्षकों ने इस कृति को सामाजिक सरोकार से जुड़ी सशक्त अभिव्यक्ति बताया है। पूनम शर्मा प्रसिद्ध समाजसेवी व शिक्षाविद डॉ. चंद्रमोहन शर्मा की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी सास राजेश्वरी पांडे तथा पति सिद्धार्थ पांडेय को दिया है, जिनका उन्हें निरंतर सहयोग मिला। सिद्धार्थ पांडेय भारतीय स्टेट बैंक में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं।

पूनम शर्मा की इस सफलता से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा खतौली क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उनकी इस उपलब्धि ने कस्बे का नाम राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंत. रराष्ट्रीय कला मंच पर भी रोशन किया है।

# बिलों में छूट को रजिस्ट्रेशन कराएं उपभोक्ता: जेई

**बुढ़ाना।** स्थानीय विद्युत ग्रह के जेई शिव कुमार ने बतलाया कि जिन उपभोक्ताओं ने बीते साल पिछले महीने दिसंबर में अपने बिजली बिल में ब्याज की छूट कराकर रजिस्ट्रेशन कराया था। वे सभी उपभोक्ता छूट के बाद का अपना अपना बिजली बिल जल्द से जल्द जमा करायें नहीं तो बिजली बिल बढ़ने की संभावना है। बिल बढ़ता है तो उसका जिम्मेदार स्वयं उपभोक्ता ही होगा

# खतौली पहुंचे संगीत सोम, पीड़ित परिवारों से की मुलाकात



**अखिलेश यादव पर तीखा हमला, सत्ता में वापसी नामुमकिन बताया**

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सरधना से पूर्व भाजपा विधायक संगीत सोम रविवार को खतौली पहुंचे, जहां उन्होंने ममता शर्मा हत्याकांड और सड़क हादसे में युवक की मौत से प्रभावित दो अलग-अलग परिवारों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया और अपराध के मामलों में सख्त कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया।

संगीत सोम सबसे पहले तगान मोहल्ला पहुंचे, जहां उन्होंने ममता शर्मा हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने मृतका की सास और पुत्री को ढांढस बंधाया तथा इस घटना को बेहद दुखद और निंदनीय बताया।

उन्होंने कहा कि यह एक जघन्य आपराधिक कृत्य है और ऐसे मामलों में राजनीति करने के बजाय अपराधी को सजा दिलाने पर ध्यान देना चाहिए। पूर्व विधायक ने कहा कि पीड़ित परिवार पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट है, क्योंकि पुलिस ने समय रहते घटना का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि अपराध को राजनीतिक नजरिये से नहीं, बल्कि कानून के अनुसार देखा जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी दल को ऐसी घटनाओं पर राजनीति करने का अधिकार नहीं है। इस दौरान संगीत सोम ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा हर मुद्दे पर प्रदर्शन करती है, लेकिन इतनी गंभीर घटना पर उसके नेता क्यों मौन हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि सपा समाज को जातियों में बांटने की राजनीति करती है और वहीं सक्रिय होती है, जहां विभाजन की संभावना हो। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव मुगल शासन के आखिरी शासक थे और अब चाहे जितनी कोशिश कर लें, सत्ता में दोबारा लौटना उनके लिए संभव नहीं है।

इसके बाद संगीत सोम जैन नगर पहुंचे, जहां उन्होंने 13 जनवरी को सड़क दुर्घटना में मृत युवक गौरव भटनागर पुत्र विनोद के परिजनों से मुलाकात की।

उन्होंने इस असामयिक मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क हादसों को रोकने के लिए प्रशासन को और कठोर कदम उठाने चाहिए। इस अवसर पर भाजपा नेता सुधीश पुंडीर, देवेश शर्मा, गौरी शंकर गौरी, चंद्रपाल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# विशेष बूथ दिवस पर मतदाता सूची अद्यतन अभियान

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मतदाता सूची को सटीक, शुद्ध एवं अद्यतन बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को खतौली में विशेष बूथ दिवस के अवसर पर व्यापक मतदाता पंजीकरण एवं संशोधन अभियान चलाया गया। यह अभियान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार पुनरीक्षण अभियान 2026 के तहत आयोजित किया गया, जिसकी निगरानी उपजिलाधिकारी निकिता शर्मा ने स्वयं की। अभियान के दौरान बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) की टीम ने नए पात्र मतदाताओं का पंजीकरण कराते हुए फॉर्म-06 भरवाए। वहीं, मृतक अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए फॉर्म-07 तथा नाम, जन्मतिथि एवं पते में संशोधन हेतु फॉर्म-08 भरे गए।



विशेष बूथ जीटी रोड स्थित डाकखाने वाली गली में कुंद-कुंद जैन पब्लिक स्कूल सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किए गए थे, जहां मतदाताओं को मौके पर ही सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। विशेष बूथ दिवस पर सभी बीएलओ, सुपरवाइजर एवं संबंधित एईआरओ/ईआरओ की उपस्थिति रही, जिससे नागरिकों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण किया जा सका। वार्ड कानूनगो योगेश कुमार ने जानकारी दी कि मोहल्ला बालक. राम समेत आसपास के क्षेत्रों में छूटे हुए मतदाताओं के लिए विशेष रूप से फॉर्म-06 भरवाए गए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। अभियान में बीएलओ टीम के सदस्य योगेश कुमार, कपिल कुमार, राजकुमार (सहायक अध्यापक), चंकी भारद्वाज, गोपाल शर्मा, सतपाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में बूथ पर पहुंचकर अपने मतदाता संबंधी कार्य पूर्ण कराने की अपील की। प्रशासन ने दोहराया कि मतदाता सूची को अद्यतन रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिससे आगामी चुनावों में निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

# दहेज उत्पीड़न व तीन तलाक के आरोप में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट व मानसिक प्रताड़ना तथा तीन तलाक का आरोप लगाते हुए थाने मे तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी महिला शबनम ने बताया की उसकी शादी तीन वर्ष पूर्व इस्लामुद्दीन निवासी मवाना जिला मेरठ से हुई थी। शादी में करीब 9 लाख रुपये खर्च किए गए थे।आरोप है कि शादी के बाद पति व ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में बाइक और दो लाख रुपये की मांग करने लगे।अतिरिक्त दहेज का इंकार करने पर ससुरालजनो ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था।पीड़िता ने बताया कि बीते 2 सितंबर को मुज़फ्फरनगर के भोपा अढे पर पति ने उसे सार्वजनिक रूप से तीन तलाक दे दिया । महिला ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी पति इस्लामुद्दीन, ससुर बिलाल खान,देवर सलीम, चांदनी व सायरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नये वोटर पंजीकरण को लेकर जमीयत ने की अपील

**बुढ़ाना।** जमीयत उलमा ए हिंद बुढ़ाना की ओर से मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में नागरिकों से अपील की गई है कि वे लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए इस प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाएं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सब मतदान केंद्रों पर नये मतदाताओं के पंजीकरण के साथ एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत कटे हुए नामों, संशोधनों एवं आपत्तियों को सार्वजनिक रुप से प्रदर्शित किया जा रहा है। जागरूक मतदाता बूथों पर पहुंचकर अपने नाम, पता व आयु आदि विवरणों की जांच कर रहे हैं ताकि किसी प्रकार की त्रुटि को समय रहते सुधारा जा सके। जमीयत नगराध्यक्ष हाजी शराफत अली, महासचिव हाफिज तहसीन व हाफिज राशिद कुरैशी ने कहा कि जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और जिनका नाम वोटर सूची में दर्ज नहीं है वे नया मतदाता पंजीकरण अवश्य कराएं और साथ ही जिनका नाम सूची से कट गया है वे आपत्ति दर्ज कराएं। जमीयत उलमा ए हिंद के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष व जिला मीडिया प्रभारी मौलाना आसिफ कुरैशी ने लोगों से अपील की है कि वे अपने परिवार व समाज के अन्य पात्र लोगों को भी जागरुक करें।

# खतौली में सफाई कर्मचारी संघ का शक्ति प्रदर्शन

**आउटसोर्सिंग के खिलाफ मुखर हुए कर्मचारी**

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली नगर पालिका परिसर रविवार को उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के वार्षिक अधिवेशन का गवाह बना, जहां प्रदेश भर से पहुंचे सफाई कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को बुलंद आवाज दी। प्रदेश अध्यक्ष सुंदर बाबू चंचल की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रदेश कार्यकारिणी अधिवेशन में आउटसोर्सिंग व्यवस्था के खिलाफ तीखा आक्रोश देखने को मिला।

अधिवेशन में संविदा सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण, सातवें वेतनमान का लाभ, मृतक संविदा कर्मचारियों के आश्रितों को सरकारी सुविधाएं, पुरानी पेंशन योजना लागू करने सहित अनेक ज्वलंत मुद्दों पर





विस्तार से मंथन किया गया। सभी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन तैयार कर स्थानीय प्रशासन को सौंपा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार में सफाई आयोग का दर्जा प्राप्त मंत्री भगवत प्रसाद मकवाना ने कहा कि बाल्मीकि समाज भारतीय राजनीति में एक मजबूत भूमिका निभाता है और सरकार को इस समाज की समस्याओं के प्रति गंभीर होना चाहिए। उन्होंने आउटसोर्सिंग को शोषण की जड़ बताते हुए इसे पूरी तरह समाप्त करने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष सुंदर बाबू चंचल ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों का उत्पीड़न लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो 27 फरवरी को लखनऊ में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। संघ पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि सफाई कार्य निजी कंपनियों को सौंपकर नियमों की अनदेखी की जा रही है, वहीं कुछ कंपनियों द्वारा अवैध रूप से बांग्लादेशी रोहिंग्याओं से काम कराया जा रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है। अधिवेशन में वर्षों से रिक्त पड़े पदों पर कार्यरत ठेका कर्मचारियों को स्थायी करने, सातवां वेतनमान लागू करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, द्वितीय शनिवार अवकाश देने, मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को ग्रेच्युटी व अन्य देयकों के लिए अलग से बजट व्यवस्था की मांग उठाई गई। इसके साथ ही पदोन्नति, सरकारी दुकानों व भवनों का नो प्रॉफिटख्रनो लॉस आधार पर आवंटन अन्य कर्मचारियों की तरह किए जाने की भी मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि अब समाज उसी के साथ खड़ा होगा, जो उसकी रोजी-रोटी और आत्मसम्मान की रक्षा करेगा। 2027 के चुनावों का उल्लेख करते हुए उन्होंने सरकार को चेताया कि रोजगार और सम्मान देना अब अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है।

कार्यक्रम में उत्तराखंड सरकार में दर्जा प्राप्त मंत्री भगवत प्रसाद मकवाना, अनुसूचित आयोग सदस्य महिपाल वाल्मीकि, पूर्व राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सदस्य सुष्मा गोड़ियाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुंदर बाबू चंचल, प्रमुख महामंत्री अशोक वाल्मीकि, उपाध्यक्ष राजेंद्र वाल्मीकि व संतोष वाल्मीकि, कोषाध्यक्ष राहुल वाल्मीकि, प्रदेश सचिव प्रदीप व इरशाद जाट समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिवेशन में आसपास के जिलों से हजारों की संख्या में सफाई कर्मचारी शामिल हुए।

# सहरावत खाप के प्रदेश अध्यक्ष की माता को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** कस्बा भोकरहेड़ी मे सहरावत खाप के प्रदेश अध्यक्ष वरुण सहरावत उर्फ मुन्ना भाई की माता स्व.कमलेश देवी को आयोजित शोक सभा मे गणमान्य व्यक्तियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला सुभाषचौक निवासी सहरावत खाप के प्रदेश अध्यक्ष वरुण सहरावत की माता कमलेश देवी को अरिष्ठी के अवसर पर रविवार की दोपहर उनके निज आवास पर शोक सभा का आयोजन किया गया।

जिसमे हवन यज्ञ मे आहुति प्रदान करने के उपरांत क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों,खाप चौधरीयों, राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कमलेश देवी का 75 वर्ष की आयु मे बीते सोमवार की सुबह अचानक हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। इस दौरान गणमान्य ने स्वर्गीय



कमलेश देवी की सामाजिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें संस्कारशील,ऊर्जावान व्यवहार कुशल, मृदु भाषी महिला बताया। अंत मे मौन वृत कर मृतक आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर राकेश कुमार सहरावत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, बाबूराम राठी, ब्लॉक् प्रमुख अनिल राठी, रामकुमार राठी, पूर्व चैयरमैन कैप्टन ज्ञानेंद्र सिंह, बबलू सहरावत, अजय कुमार, वीरेन्द्र सिंह सहरावत, संदीप सहरावत, अर्जुन सहरावत, सतीश कुमार सहरावत, चौधरी प्रवेन्द्र आर्य, काजी मौ आकिल, किरणपाल सिंह राणा, प्रदीप सहरावत, प्रवेन्द्र आर्य, मनोज पुंडीर, अनंगपाल राठी, देवेन्द्र शर्मा, रविन्द्र चौधरी, वेदवीर सिंह, मनोज कुमार, मोंटी राठी, संजय राठी, चौधरी यशपाल सिंह, भाकियू के योगेश शर्मा, शशि भूषण, भारत वीर सिंह, डॉ. भोपाल सिंह,सुभाष बालियान, डॉ. महकार सिंह, राजीव राठी, दीपक राणा, ओम प्रकाश सिंह, कप्तान सिंह, अमित बेनीवाल, ममता चौधरी, सर्वेन्द्र राठी आदि रहे।

# तहसीलदार के नेतृत्व मे भोकरहेड़ी मे बीएलओ कैम्प का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भोकरहेड़ी मे बूथ लेवल ऑफिसर केम्प का आयोजन तहसीलदार के नेतृत्व मे किया गया जिसमे नई वोट बनाई गयी व संशोधन तथा स्थानांतरण का कार्य किया गया। केम्प मे कस्बे के गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी नवीन मतदाता सूची भी दिखाई गयी।

कस्बा भोकरहेड़ी स्थित इंटर कॉलिज मे रविवार को आयोजित कार्यक्रम मे पहुंची तहसीलदार जानसठ श्रद्धा गुप्ता के नेतृत्व मे आयोजित शिविर मे सुपरवाइजर अमित कुमार ने बताया की भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भोकरहेड़ी के सभी बीएलओ द्वारा 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके व्यस्को की नई वोट बनाई गयी, नाम संशोधन, स्थानांतरण आदि कार्य किया गया। व नवीन वोटर लिस्ट की ड्राफ्ट सूची का प्रकाशन किया गया।





सभी बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम पढ़कर सुनाये गये व संबंधित जानकारी दी गयी। मतदाताओं को जानकारी देकर बताया गया की जिन लोगों का नाम ड्राफ्ट सूची में नहीं है वह मतदाता फार्म-6 भरकर नई वोट बनवा सकते हैं। इस दौरान तहस. ीलदार श्रद्धा गुप्ता व सुपरवाइजर अमित कुमार के अलावा बीएलओ उपासना चौधरी, मनोज कुमार, दीपक कुमार, राखी, चित्रा शर्मा,शिल्पा पंवार, प्रवेश देवी, रेणु धीमान, विपिन, अजय सैनी, लविशा रानी, सुभाष कुमार, मंजूषा देवी, रामवीर सिंह रवि कुमार आर्य, डॉक्टर अनिल कुमार, शशि भूषण,रोहित वशिष्ठ, हरपाल सिंह, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नए वोट बनाने, दावे-आपत्तियों के लिए पोलिंग बूथों पर लगे कैंप

**थानाभवन**



**बिडौली**



**शामली**



**झिंझाना**



**कैराना**



**शामली**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** आगामी चुनावों को लेकर क्षेत्र में नए मतदाता बनाने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। निर्वाचन विभाग के निर्देश पर विभिन्न बूथों और शिक्षण संस्थानों में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) की ड्यूटी लगाई गई है, जहां पात्र नागरिकों से नए वोट बनवाने के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं।

लाल लाजपतराय कन्या इंटर कॉलेज में देवी प्रसाद, सरस्वती हाई स्कूल में रामवीर सिंह तथा प्राइमरी स्कूल नम्बर-2 में पंकेश कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। इन केंद्रों पर बड़ी संख्या में युवा और पहली बार वोट बनवाने पहुंचे नागरिक आवेदन कर रहे हैं। आवेदन प्रक्रिया के दौरान कई लोगों को जन्म प्रमाण पत्र को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से आए आवे. दकों के पास जन्मतिथि से संबंधित वैध दस्तावेज उपलब्ध न होने के कारण आवेदन में दिक्कत आई। इसके अलावा कुछ केंद्रों पर फॉर्म-6 की कमी के चलते बीएलओ को फोटोकॉपी के माध्यम से आवेदन लेकर कार्य चलाना पड़ा। बीएलओ द्वारा आवेदकों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देते हुए बताया गया कि पहचान पत्र, पते का प्रमाण तथा जन्मतिथि से संबंधित दस्तावेज जरूरी हैं। जिनके दस्तावेज अधूरे हैं, उन्हें पूरा कर दोबारा आवेदन करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिका. रियों के अनुसार सभी आवेदनों का सत्यापन नियमानुसार किया जाएगा और पात्र पाए जाने पर नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। नए वोट बनाने की इस प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी बढ़ती दिखाई दे रही है, वहीं प्रशासन का प्रयास है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रह जाए।

**बिडौली।** क्षेत्र के गांव आमवाली में स्थित विभिन्न मतदेय स्थलों पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची का सार्वजनिक पठन कराया गया। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया, ताकि मतदाता अपने नाम, आयु, पता एवं अन्य विवरणों की सही तरह से जांच कर सकें। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों को मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने, मृतक मतदाताओं के नाम हटवाने तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि को दुरुस्त कराने का अवसर प्रदान किया गया। बीएलओ हरेंद्र पंवार एवं इकराम मास्टर ने मतदाताओं को फार्म-6 (नया नाम जोड़ने), फार्म-7 (नाम हटाने) एवं फार्म-8 (संशोधन) के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और मौके पर ही फार्म भरवाकर आवश्यक सहयोग किया। इस दौरान बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) ताहिर हसन एवं सद्दाम खान द्वारा मतदाता सूची में पाई गई अनियमितताओं को लेकर कुल 07 आपत्तियां दर्ज कराई गईं। सभी आपत्तियों को नियमानुसार सूचीबद्ध कर संबंधित विभाग को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। प्रशासन की ओर से बताया गया कि दर्ज सभी आपत्तियों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बीएलओ हरेंद्र पंवार, इकराम मास्टर, बीएलए ताहिर हसन, सद्दाम खान के साथ-साथ ग्रामीण वीरेंद्र सिंह, इरफान चौधरी, चौधरी तासिम प्रधान, निप्पी फौजी सहित बड़ी संख्या में मतदाता मौजूद रहे। निर्वाचन विभाग ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने मताधिकार को सुरक्षित रखने के लिए मतदाता सूची की अवश्य जांच करें और किसी भी त्रुटि को समय रहते सुधारवाएं, ताकि आगामी चुनावों में किसी को मतदान से वंचित न होना पड़े।वहीं बीएलओ हरेंद्र पंवार द्वारा मतदाताओं से अपील की गई कि फार्म 6 (नए वोटर) अपनी वोट बनवाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में जागरूक हो

**झिंझाना।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत रविवार को कस्बे के राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज और जय सीताराम इंटर कॉलेज में बने मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का वाचन किया गया। बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने उपस्थित नागरिकों के समक्ष मतदाता सूची का वाचन कर सुनाया और नाम, पता तथा अन्य विवरणों की पुष्टि कराई, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि को समय रहते सुधारा जा सके। इस अभियान के अंतर्गत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए आवेदन पत्र भी भरवाए गए। युवाओं और पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। बीएलओ सुभाष चंद्र ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक योग्य नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना तथा इसे त्रुटिरहित बनाना है। इस दौरान किसी भी मतदाता ने सूची को लेकर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई। कार्यक्रम में बीएलओ संजीव कुमार, प्रमोद शर्मा सहित सभी वार्डों के बीएलओ अपने-अपने निर्धारित केंद्रों पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग सम्पन्न हुआ।

**शामली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रविवार को जनपद शामली के सभी 1129 मतदान बूथों पर दावे और आपत्तियों की सुनवाई की गई। इस विशेष अभियान के तहत शामली विधानसभा क्षेत्र के 372 मतदान बूथों तथा शहर क्षेत्र के 278 बूथों पर बीएलओ मौजूद रहे और मतदाताओं को मतदाता सूची से संबंधित जानकारी प्रदान की। बीएलओ ने नागरिकों को बताया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए और नाम, उम्र, पता अथवा अन्य विवरणों में यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो उसे समय रहते सुधारा जा सके। इसी उद्देश्य से बड़ी संख्या में नागरिक अपने-अपने मतदान बूथों पर पहुंचे। शहर के हिंदू कन्या इंटर कॉलेज, जैन कन्या इंटर कॉलेज, वीवी इंटर कॉलेज, आरके इंटर कॉलेज, नंदूप्रसाद प्राथमिक विद्यालय, गुजरातियान बालिका विद्यालय, देशभक्त इंटर कॉलेज तथा बिग्रेडियर होशियार सिंह इंटर कॉलेज सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं ने सूची में अपने नाम, उम्र, पता व अन्य विवरणों की जांच की। जो मतदाता पहली बार मतदान के पात्र बने थे, उन्होंने फार्म-6 भरकर नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराया। वहीं विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जिन मतदाताओं के नाम सूची में नहीं मिले या जिनके विवरण में त्रुटियां पाई गईं, उन्होंने मौके पर ही अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। बीएलओ ने नागरिकों को फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-8 की प्रक्रिया की जानकारी भी दी और बताया कि नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन के लिए निर्धारित का पालन करना आवश्यक है। रविवार होने के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ मतदान केन्द्रों पर पहुंचे।

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय शामली विनय कुमार सिंह भदौरियां ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी को किया जा चुका है। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि के दौरान आयोग द्वारा 17 जनवरी, 18 जनवरी, 31 जनवरी तथा 1 फरवरी को विशेष अभियान तिथियां निर्धारित की गई हैं। उन्होंने बताया कि दावे एवं आपत्तियां 6 फरवरी 2026 तक स्वीकार की जाएंगी।विशेष अभियान के अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ एवं पदाभिहित अधिकारी, बूथ लेवल एजेंटों के साथ प्रातः 10 बजे से सायं 4:30 बजे तक मतदाताओं से दावे व आपत्तियां प्राप्त करेंगे। निर्वाचन विभाग के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है।

**शामली।** शहर के मतदान स्थलों पर पहुंचे मतदाताओं ने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय से लगातार बीएलओ को बदला जा रहा है। जिससे उनको बीएलओ को ढूढने में दिक्कते हो रही है। बीएलओ उनके मोहल्ले और घर तक नही पहुंचे। जो बीएलओ पहले थे, अब उनको बदल दिया गया। इसकी जानकारी नही दी जाती है, जिससे मतदाताओं को परेशानियों का सामना करना पडता है। उन्होने जिला निर्वाचन अधिकारी से बीएलओ को बार बार न बदले जाने की मांग की। साथ ही मांग की कि बीएलओं को निर्देशित किया जाए कि वह मतदाताओं से मधुर व्यावहार रखे।

**शामली।** एसआईआर के बाद तैयार ड्राफ्ट मतदाता सूची में आपत्तियों के निस्तारण व नए मतदाताओं के पंजीकरण हेतु लगाए गए विशेष शिविरों में समाजवादी पार्टी के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) मतदाताओं की सहायता के लिए मौजूद रहे। सपा नेता प्रो। सुधीर पंवार ने थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के सोंट्टा, भनेड़ा जट, बुटराड़ा सहित कई गांवों के बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि शिविरों में मतदाताओं की कम उपस्थिति से जागरूकता की कमी स्पष्ट होती है। कई स्थानों पर बीएलओ की अनुपस्थिति, विवाहित महिलाओं के दस्तावेजों से जुड़ी समस्याएं तथा वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण मतदाताओं को परेशानी उठानी पड़ी। उन्होंने कहा कि अभी भी मतदाता सूची में डुप्लीकेट व मृत मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। इन विसंगतियों को दूर करने के लिए चुनाव आयोग को और प्रभावी प्रयास करने की आवश्यकता है।

**शामली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में आज 18 जनवरी 2026 को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी द्वारा आलेख्य मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया। आयुक्तध्रोल ऑब्जर्वर डॉद्ध रूपेश कुमार ने आज दिनांक 18-01-2026 को विशेष गहन पुनरीक्षण के अन्तर्गत विशेष अभियान दिवस पर 10-शामली, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया गया एवं बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण में आयुक्त महोदय द्वारा आदर्श प्राथमिक विद्यालय बनत-1 जनपद शामली के बूथ संख्या 116, 117, 118, 119, 120 का निरीक्षण कर बी0एल0ओ0 को मतदेय स्थलों पर निर्वाचक नामावलीं पढकर सुनाने एवं अधिक से अधिक संख्या में नए मतदाताओं को जोडने हेतु प्रेरित किया गया।इस अवसर पर सत्एन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0), शामली, एसडीएम शामली अर्चना शर्मा, डिप्टी कलेक्टरध्प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय शामली विनय प्रताप सिंह भदोरिया, तहसीलदार शामली मनोज कुमार आदि सभी संबंधित मौजूद रहें।

**कैराना।** विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र के सभी पोलिंग बूथों पर रविवार को विशेष कैंप आयोजित किए गए। इस मौके पर एसडीएम निधि भारद्वाज ने पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर बूथ लेवल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुनरीक्षण अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने मतदाताओं के नए पंजीकरण, त्रुटियों के सुधार और संशोधन हेतु फॉर्म जमा करवाए।

प्रत्येक बूथ पर बीएलओ ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आलेख्य निर्वाचक नामावलियों को पढ़कर सुनाया और उन मतदाताओं को फॉर्म-06, 07 और 08 भरवाए जिनके नाम सूची में नहीं थे या जिनके विवरण में कोई त्रुटि पाई गई थी। एसडीएम निधि भारद्वाज ने निरीक्षण के दौरान बीएलओ की उपस्थिति और कार्यशैली का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन, त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। इस अवसर पर मतदाताओं को फॉर्म भरने और सूची में सुधार कराने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

## प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगा किया प्रदर्शन





### मवी गांव में पंचायत वोटर लिस्ट से नाम कटने पर ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना क्षेत्र के मवी गांव में पंचायत निर्वाचन सूची से नाम नहीं होने को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को तहसील कार्यालय का घेराव किया और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की। इस दौरान पूर्व प्रधान दिलशाद के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग छह साल पहले उन्होंने मवी गांव में जमीन खरी. दकर स्थाई रूप से निवास शुरू किया था। इसके बाद उनका नाम विधानसभा मतदाता सूची में दर्ज था और सभी आवश्यक दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं। इसके बावजूद ग्राम पंचायत की चुनाव सूची में उनके नाम शामिल नहीं किए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इससे उनका लोकतांत्रिक अधिकार प्रभावित हो रहा है और आगामी पंचायत चुनाव में मतदान का हक छिनने का खतरा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी पहले भी मौके पर जाकर सत्यापन कर चुके हैं और सभी औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी हैं। पूर्व प्रधान दिलशाद ने बताया कि जब मतदाता सूची में नाम दर्ज हैं और सभी दस्तावेज सही हैं, तो इसे हटाना समझ से परे है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र सूची में नाम जोड़ने और न्याय सुनिश्चित करने की मांग की। एसडीएम निधि भारद्वाज ने आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### मतदाता सूचियों में गंभीर अनियमितताओं का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला कांग्रेस कमेटी शामली के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एसआईआर प्रक्रिया के प्रथम चरण के उपरांत जारी प्रारंभिक मतदाता सूचियों में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए निर्वाचन कार्यालय प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि 6 जनवरी को जारी की गई मतदाता सूचियां संदेहास्पद प्रविष्टियों से भरी हुई हैं, जिससे निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ियों को लेकर पूर्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रमाण सहित आपत्तियां दर्ज कराई जा चुकी हैं। वही परिस्थितियां जनपद शामली में भी देखने को मिल रही हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि मोहल्ला कलंदरशाह में एक ही मकान में अस्वाभाविक रूप से अत्यधिक संख्या में मतदाता दर्ज हैं। मकान संख्या 43 में 32 मतदाता तथा मकान संख्या 116 में 114 मतदाता दर्ज पाए गए हैं। यदि उप-मकान संख्याएं जोड़ी जाएं तो एक ही मकान में मतदाताओं की संख्या 257 तक पहुंच रही है, जो अत्यंत संदेहास्पद है। इसी मोहल्ले में एक अन्य मकान में 45 मतदाता दर्ज होने की बात भी कही गई। कांग्रेस ने बड़ी संख्या में मकान संख्या 0 या 00 पर दर्ज मतदाताओं पर भी आपत्ति जताई। घेर बुखारी, गुजरातियान वार्ड सहित विभिन्न क्षेत्रों में अब तक 100 से अधिक ऐसे मतदाता सामने आए हैं जिनकी मकान संख्या शून्य दर्शाई गई है।

इसके अलावा ग्राम भाजू में मकान संख्या से संबंधित गंभीर त्रुटियां, ग्राम कुड़ाना एवं भिक्का माजरा में कई मतदाताओं के पहचान पत्रों पर फोटो का अभाव, तथा कुछ स्थानों पर एक ही मकान में अलग-अलग धर्मों के मतदाताओं की संदिग्ध प्रविष्टियों का भी उल्लेख किया गया है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि दयानंद नगर के मकान संख्या 232 में 89 मतदाताओं की प्रविष्टि को लेकर पहले ही समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित हो चुकी है। अब तक शामली विधानसभा क्षेत्र की लगभग 46 मतदाता सूचियों में इस प्रकार की गंभीर त्रुटियां पाई गई हैं।

कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी की महिला जिला उपाध्यक्ष डॉ। नसरीन तथा जिला महासचिव पुनीत शर्मा के परिजनों के नाम भी मतदाता सूची में दर्ज नहीं पाए गए हैं, जिससे संदेह और गहरा गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र राघव, जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान, निर्भय सिंह, सन्नी गुप्ता मौजूद रहे।

## कार्य के चलते आध घंटा बंद रही रेलवे लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के धीमानपुरा फाटक पर डीएमटी मालगाडी द्वारा लाईन पर पत्थर डालने का कार्य करने के दौरान करीब 30 मिनट फाटक बंद रही। जिससे फाटक के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी लाईने लग गई और नागरिकों को भारी परेशानियां का समना करना पडा। फाटक खुलने के करीब एक घंटा बाद तक भी जाम की स्थिति बनी रही। रविवार दोपहर करीब 12:45 बजे शहर के धीमानपुरा फाटक पर डीएमटी मालगाडी पहुंची, जिसके द्वारा रेलवे लाईन पर पत्थर डालने का कार्य प्रारंभ किया गया। डीएमटी मालगाडी के कर्मचारियों ने शामली रेलवे स्टेशन से लेकर धीमानपुरा फाटक, सहारनपुर रेलवे लाईन तक यह कार्य किया। जिस कारण फाटक दोपहर 1:15 बजे तक बंद रही। फाटक के करीब 30 मिनट बंद रहने से वाहनों की फाटक के दोनों ओर लंबी लंबी लाईने लग गई। पैदल चलने वाले यात्री भी बीच में खडी मालगाडी के कारण रूक गए और उनको आने जाने का रास्ता नही मिल सका। इस दौरान कुछ लोगों ने खुद की जान को जोखिम में डाल मालगाडी से नीचे से तो कुछ ने मालगाडी से ऊपर से होकर फाटक पार किया। इस दौरान आरपीएफ पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और मालगाडी से चढकर जा रहे यात्रियों को रोका गया। वही फाटक खुलने के बाद दोनों और से वाहनों की भीड उमड पडी और जाम की स्थिति पैदा हो गई। जाम धीमानपुरा फाटक से प्रारंभ होकर गुरूद्वारा तिराहा, रेलपार बाईपास, कुडाना रोड और शहर की ओर धीमानपुरा, भिक्की मोड और शिव चौक तक लग गया था। जाम को खुलवाने में ट्रेफिक पुलिस को काफी मशक्कत करनी पडी। करीब एक घंटे बाद तक भी जाम की स्थिति सामान्य नही हो सकी थी। जाम लगने से शहर के लोग खासा परेशान नजर आए।

## मिट्टी खनन का विरोध करने पर किसान से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बा कैराना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। किसान ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर पड़ोसी पर जबरन मिट्टी खनन कराने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

मोहल्ला खेलकलां निवासी वासिल हसन पुत्र इनामुलहक ने एसडीएम को दिए पत्र में बताया कि उसके खसरा संख्या 690 में नाशपाती का बाग लगा हुआ है। आरोप है कि उसके खेत से सटी मोहल्ला खेलखुर्द निवासी मोहम्मद अहमद उर्फ बल्लू ने अपनी भूमि खसरा संख्या 692 से पहले करीब छह फुट तक मिट्टी उठाई थी, जिस पर उसे कोई आपत्ति नहीं थी। अब आरोपी द्वारा बाग से लगी भूमि से दोबारा करीब सात फुट मिट्टी उठाने की तैयारी की जा रही है, जिससे बाग को नुकसान पहुंचने की आशंका है। किसान का आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की और चेतावनी दी कि यदि किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई की गई तो गोली मार दी जाएगी। घटना के बाद से पीड़ित और उसका परिवार भय के साए में है। पीड़ित ने प्रशासन से अवैध मिट्टी खनन पर रोक लगाने और अपनी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। एसडीएम ने मामले में जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वा. सन दिया हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** झिंझाना क्षेत्र के गांव लपराना निवासी 34 वर्षीय रोबिन पुत्र बोलू गत शनिवार देर शाम सडक पर बेहोशी ही हालत में पडा मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा डायल-112 पुलिस को देते हुए बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा रोबिन को विषैला पदार्थ खिला दिया गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों कां जानकारी देते हुए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां रोबिन को उपचार दिया गया, लेकिन रविवार सवेरे उसने उपचार के दौरान दम तोड दिया। सूचना पाकर झिंझाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही परिजनों ने बताया कि रोबिन अत्याधिक शराब पीता था और शराब के सेवन के कारण ही उसकी मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक अपने पीछे दो बच्चे छोड गया है।



## यातायात नियमों को लेकर पुलिस का जागरूकता अभियान



**कांधला।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कांधला पुलिस द्वारा दिल्ली बस अड्डे पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व कस्बा इंचार्ज जुल्फिकार ने किया। उनके साथ हेड कांस्टेबल अजय कुमार, होमगार्ड यशपाल एवं होमगार्ड मनोज कुमार भी मौजूद रहे। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बस अड्डे पर मौजूद दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ आम नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। कस्बा इंचार्ज जुल्फिकार ने लोगों को संबो. धित करते हुए कहा कि सड़क पर सुरक्षित यात्रा तभी संभव है जब प्रत्एक व्यक्ति यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करे। नियमों की अनदेखी न केवल चालान का कारण बनती है, बल्कि कई बार यह जानलेवा भी साबित होती है। उन्होंने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का प्रयोग करें, वहीं चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाने की सलाह दी। कस्बा इंचार्ज ने कहा कि शराब या किसी भी प्रकार के नशे की हालत में वाहन चलाना गंभीर अपराध है, जिससे स्वयं चालक के साथ-साथ अन्य राहगीरों की जान भी खतरे में पड़ जाती है। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने और सड़क संकेतों का सम्मान करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानक. ारी भी दी। साथ ही बताया कि थोड़ी सी सावधानी बड़ी दुर्घटनाओं को टाल सकती है। इस जागरूकता अभियान के दौरान दिल्ली बस अड्डे पर बड़ी संख्या में वाहन चालक और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समय-समय पर होते रहने चाहिए, ताकि आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बनी रहे और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

## अवैध मिट्टी खनन से किसान की जमीन को नुकसान, डीएम से शिकायत

**कैराना।** क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन रोकने का नाम नहीं ले रहा मिट्टी खनन माफियाओं खुलेआम कर रहे खनन। मोहल्ला बिसातियान निवासी किसान ने पड़ोसियों पर बिना अनुमति मिट्टी खनन करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। किसान का कहना है कि अवैध खनन के कारण उसकी कृषि भूमि को भारी नुकसान हो रहा है। पीड़ित इखशाद पुत्र अब्दुलगनी ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी कृषि भूमि गाटा संख्या 717 है। आरोप है कि कैराना निवासी इंतजार अहमद और मोहम्मद अहमद ने अपनी भूमि गाटा संख्या 692 से मिट्टी खनन के लिए पहले तीन फुट तक की अनुमति ली थी, जिसके बाद तय सीमा तक मिट्टी निकाली जा चुकी है। इसके बावजूद अब बिना किसी वैध स्वीकृति के दोबारा करीब सात से आठ फुट तक मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। किसान का आरोप है कि इस अवैध खनन से उसकी भूमि की मेड़ कटकर गिर रही है, जिससे उसे आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। पीड़ित ने प्रशासन से अवैध मिट्टी खनन को तत्काल रुकवाने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर प्रशासनिक स्तर पर जांच की बात कही जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध खनन पर समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो किसानों की जमीन को और नुकसान हो सकता है।

## नशे की हालत में भर्ती युवक की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव लपराना निवासी रोबिन पुत्र भोलू कश्यप द्ध34ऋ की उपचार के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गई। बताया गया कि बीती रात परिजन उसे नशे की हालत में 108 एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया, लेकिन परिजन उसे मेरठ नहीं ले जा सके। सुबह करीब छह बजे उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर झिंझाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक शाद. ीशुदा था और मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। फिलहाल मौत के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। कार्यवाहक थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की ओर से किसी प्रकार की कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है और उन्होंने किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई से इनकार किया है।

# पतंजलि के नाम पर ठगी करने वाला दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने एक बार फिर अपनी सतर्कता और कुशल जांच से एक धोखेबाज अपराधी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने देहरादून रोड स्थित रसूलपुर पुलिया के पास से अभियुक्त सुहैल उर्फ हेमंत पुत्र शहजाद, निवासी ग्राम मीरपुर गन्देवड, थाना बेहट को धर दबोचा अभियुक्त के कब्जे से 96 किलोग्राम किशमिश 40,000 रुपये नकद घटना में प्रयुक्त कार फर्जी सिम कार्ड, सेकंड हैंड मोबाइल फर्जी पंतजलि प्रचेज ऑर्डर तथा फर्जी पंतजलि आईडी कार्ड बरामद हुए।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में गठित टीम में उपनिरीक्षक मशकूर अली त्यागी हैड कांस्टेबल सुनील कुमार रोहित राणा कांस्टेबल कुलदीप कुमार और गौरव चौधरी शामिल थे जांच में पता चला कि अभियुक्त पहले भी पंतजलि फूड के नाम पर फर्जी प्रचेज ऑर्डर तैयार कर व्यापारियों से ठगी कर चुका है वह जेल भी जा चुका है लेकिन अब फिर से इसी तरह की वारदात की साजिश रच रहा था। पूरा मामला 23 अगस्त 2025 का है जब महाराष्ट्र के नासिक निवासी प्रवीण गोटीराम कुलथे ने शिकायत की थी कि अभियुक्त ने फर्जी ईमेल आईडी और फर्जी सिम-मोबाइल से पंतजलि फूड का प्रचेज ऑर्डर बनाकर उनसे 30 क्विंटल किश. मिश मंगवाकर ठगी की। इस पर थाना फतेहपुर में मुकदमा दर्ज हुआ था। अभियुक्त का पुराना आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। यह गिरफ्तारी साइबर और आर्थिक अपराधों पर लगाम कसने में पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ऐसे धोखेबाजों से सावधान रहें और किसी भी संदिग्ध ऑर्डर या ईमेल पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## रकम हड़पने का आरोप

**चिलकाना।** नगर निवासी पीड़ित ने पठेड़ निवासी विपक्षियों पर उसकी रकम हड़पने व कानूनी कार्यवाही करने पर उसे जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

मोहल्ला मजहर हसन निवासी पीड़ित मोहम्मद नदीम ने बताया है कि बरथाकायस्थ पठेड़ में उसकी रिश्तेदारी विपक्षियों से है। विपक्षीयो से बाग बहार के पैसे के लेनदेन को लेकर उसका विवाद था जिसका फैंसला पंचायत में हुआ था। तथा 3,75,000 रुपये विपक्षी उसके घर आकर उधार लेकर गया था। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी फैंसले में तय रकम व हाथ उधार ली गई रकम उसे वापस नही कर रहा है तथा हिले हवाले बना रहा है।

यदि पीड़ित द्वारा जोर देकर अपने पैसे मांगे गए तो विपक्षी उसके साथ गाली गलौच व मारपीट पर उतारू गए। पीड़ित ने यदि कानूनी कार्यवाही करने की बात कही तो विपक्षी उसे गोली मारने की धमकी दे रहे है। पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर विपक्षियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की।

# चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** पुलिस ने पशु चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 3 पशु चोरों को गिरफ्तार करते हुए चोरी में प्रयुक्त महेंद्रा बोलेरो पिकअप को बरामद किया

नानौता क्षेत्र के हिमामपुर स्थित 5 दिसंबर को मौहम्मद हसन की पशु डेयरी से पशू चोरी हो गए थे वहीं 16 जनवरी को क्षेत्र के ही गांव अन्तमऊ से दीवार फांदकर पशू चोरी कर लिए गये थे। क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओ को लेकर लोगों में रोष व्याप्त था वहीं पुलिस दिन-रात चोरी के खुलासों को लगातार प्रयास कर रही थी।

एसएसपी के निर्देशानुसार थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस ने संगम नहर के समीप जंधेडी डेरा पुलिया से कौसर पुत्र इकराम निवासी जुड्डी थाना नकुड, गय्यूर पुत्र गुलबहार निवासी ग्राम सीजूड थाना नानौता, राशिद पुत्र यामीन निवासी मानकमऊ थाना कुतुबशहर सहारनपुर को गिरफ्तार करते हुए चोरी में प्रयुक्त महेंद्रा बोलेरो पीकअप व 5251 रूपये नगद बरामद किए।

पुलिस के मुताबिक अभियुक्तों ने पशु चोरी का कबूलनामा करते हुए बताया कि उन्होंने ही क्षेत्र में दोनों जगहों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया और पशू चोरी कर पीकअप में डालकर पशु पैठ मे ले गये और पशुओं को बेच दिया

# ब्रह्म बाबा ने सिखाया प्रकाश का मार्ग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** बीके संतोष दीदी ने कहा कि ब्रह्म बाबा ने प्रेमपूर्वक जीवन जीने की तरीका सिखाया और प्रकाश का मार्ग दिखाया।

खुराना कॉन्प्लेक्स स्थित प्रजा. पिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में संस्था के साकार संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा का 57 वाँ पुण्य स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। सेवाक.ेंद्र प्रभारी बी.के संतोष दीदी ने कहा कि ब्रह्मा बाबा अलौकिक प्रतिभा के धनी थे। गंगोह सेवाकेंद्र की प्रभारी बी.के पूनम बहन ने कहा की ब्रह्मा बाबा ने नारी शक्ति को आगे बढ़ाया, जब नारी को नर्क का द्वार कहा जाता था अनेक यातनाएं दी जाती थी तब परमात्मा ने पिताश्री ब्रह्मा बाबा के द्वारा माताओं की वंदना की। पूर्व इंस्पेक्टर प्रेमवीर सिंह राणा ने ब्रह्मा बाबा के ज्ञान से प्रेरित होकर कहा कि हम अपने जीवन में ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग का निरंतर अभ्यास करें जिससे ही जीवन में निरंतर सुख व शांति होगी। सरिता दीदी ने सभी को राजयोग की अनुभूति कराई।

कार्यक्रम में बीके सुशील भाई, बीके सचिन, बीके रवि, योगराज पँवार, जगपाल सिंह, राजकुमार, विकास पँवार, मोनू, सुभाष शर्मा, सुरेश चौधरी, सोमसिंह, गोतम मौर्य, महेन्द्र पांचाल, कमलेश, बसन्त चौधरी, सुनीता, बी.के कविता, बीके संगीता, सुभाष सैनी, दारा सिंह सैनी, ऋषिपाल, पुष्पा शर्मा, कुसुम सैनी, पूनम चौधरी, गरिमा उपस्थित रहे।

## द्विशत चंडी महायज्ञ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** बाइपास मार्ग स्थित माता वैष्णों देवी धाम में द्विशत चंडी महायज्ञ का आयोजन होना है। इसके लिए रविवार को विद्वानों ने यजमानों को सपत्नि दश विधि स्नान कराया इससे पहले सालिग्राम पूजन किया गया। पूजन के बाद आरती की गई।

मंत्र उच्चारण के बीच यजमानों ने स्नान किया। यजमानों को विद्वान विशाल वशिष्ठ ने अपने सहयोगियों के साथ स्नान कराया। कार्यक्रम में दीशु नामदेव, सुंदर नामदेव, संदीप ऐरन, चितरंजन शर्मा, रजनीश शर्मा, बृज भूषण, प्रवीण कुमार, विवेक, संजय पांचाल, विवेक वर्मा, संजय पांचाल, विवेक वर्मा, शेखर गोयल, विशाल गोयल, राजकुमार तायल आदि मौजूद रहे। महा यज्ञ को लेकर सोमवार को मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी और उसके बाद आयोजन विधिवत आरंभ हो जाएगा।

# चैकिंग के दौरान खनन से भरे चार वाहन पकड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** जहां एक ओर स्थानीय तहसील प्रशासन अवैध रूप से खनन के परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए लगातार सड़कों पर खनन से भरे वाहनों की चेकिंग कर रहे है वहीं दूसरी ओर अवैध खनन का परिवहन करने वालो के हौसले इतने बुलंद है कि अधिकारियों इतनी सख्ती को नजर अंदाज कर अपने कार्यों को अंजाम दे रहे है।

जिलाधिकारी मनीष बंसल के दिशा निर्देशन मे अवैध रुप से खनन का परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ एसडीएम मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे चलाए जा रहे आभियान के अंतर्गत। देर रात्रि में नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह ने राजस्व टीम तथा कोतवाली बेहट इंस्पेक्टर सतपाल सिंह भाटी वह थाना मिर्जापुर इंस्पेक्टर सूबे सिंह को साथ लेकर खनन भरकर का ला रहें भरे वाहनों को गांव जाटोवाला पर उनसे रायलटी रवान्ना माइनिंग टैग तथा हाई सिक्योरिटी नम्बर पलेट चेक किए तो चैकिंग के दौरान बिना प्रपत्रो केअवैध खनन से भरे 2 वाहन तथा कस्बे के शाकंभरी तिराहे पर से चेकिंग के दौरान 2 अवैध रूप से खनन से भरे वाहनों को पकड़ लिए। अधिकारियों द्वारा चैकिंग की खबर लगते ही अवैध खनन का परिवहन करने वालो में हड़कम मच गया। एसडीएम ने पकड़े गए वाहन को सीज कर थाना मिर्जापुर तथा थाना बेहट पुलिस की सापुर्दगी में दे दिए है। एसडीएम मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि चौकिंग के दौरान बिना रायलटी के अवैध रूप से खनन से भरे 4 वाहनों को पकड़ा है। कार्यवाही के लिए परिवहन तथा खनन विभाग को रिपोर्ट भेजी जा रही है। जिन स्टोन क्रेशर से खनन भरा गया है उनको भी चिन्हित कर कार्यवाही की जायगी किसी भी सूरत में अवैध रूप से खनन का परिवहन नहीं होने दिया जायेगा अवैध रूप से खनन से भरे पकड़े जाने वाले वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# आरोप बताए बेबुनियान



**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 7 में विकास कार्य न कराये जाने के आरोपो को सिरे से खारिज करते हुए वार्ड सभासद तौकीर अहमद ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर उनके द्वारा वार्ड में बिना भेदभाव निष्पक्ष रूप से विकास कार्य कराए जाने की बात कही है।

बता दें कि वार्ड नम्बर 7 के सभासद तौकीर अहमद की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कुछ लोगों द्वारा वार्ड में निष्पक्ष विकास कार्य न कराये जाने के आरोप लगाए जा रहे है। इस सम्बन्ध में सभासद तौकीर अहमद ने वीडियो जारी कर सभी आरोपो को नकारा है उन्होंने कहा है कि कुछ लोगों द्वारा फैलाया जा रहा यह भृम सरासर गलत है। उन्होंने बताया कि उनके वार्ड में उनके द्वारा बिना भेदभाव निष्पक्ष रूप से लगातार जरूरी विकास कार्य कराए जा रहे हैं। वार्ड के विकास कार्यो से सम्बंधित कई प्रस्ताव उनके द्वारा बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किये गए थे जो कि पारित भी हो गए हैं और जल्द ही इन पर कार्य शुरू होना है। तौकीर अहमद ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में बिना भेदभाव के वह निष्पक्ष रूप से अपने वार्ड में विकास कार्य करवा रहे हैं तथा जब तक भाजपा सरकार रहेगी बिना भेदभाव के इसी प्रकार विकास कार्य होते रहेंगे। उनके द्वारा नगर पंचायत अध्यक्षा फूलबानों अंसारी तथा ईओ राजीव कुमार से अपील की गई है कि उनके वार्ड के रुके हुए सभी विकास कार्यो को पूरा करायें।

# कोई भी नई परम्परा न हो शुरूः एसडीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** आगामी पर्व शब ए बारात व श्री गुरु रविदास जयंती शोभायात्रा को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक एसडीएम सदर व सीओ सदर की मौजूदगी में आयोजित की गई। एसडीएम ने नई परंपरा शुरू करने पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

रविवार को थाना परिसर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम सदर सुबोध कुमार ने कहा कि आगामी त्यौहारों को परंपरागत एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाए। त्यौहारों पर कोई भी नई परंपरा शुरू न हो। सीओ सदर मुनीश चन्द्र ने आह्वान किया कि रविदास जयंती एवं शबे बरात का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराने में पुलिस का प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि त्यौहारो को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले शरारती तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। बताते चलें कि पूर्व में शोभायात्रा निकाले जाने को लेकर क्षेत्र के दो गांवों में अलग अलग दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस बार एसडीएम ने कठिन निर्देश दिए हैं कि किसी को भी नई परंपरा की शुरुआत करने नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम महापुरुषों की जयंती मना रहे हैं उनके ही बताये हुए मार्ग पर चले। डीजी पर कोई भी जाति सूचक गीत न बजायें।

बैठक में थाना प्रभारी विनोद कुमार, एसएसआई भूपेन्द्र सिंह, एसआई नरेंद्र सोलंकी, सुखबीर सिंह, विकास तोमर, महिला एसआई अर्चना सिंह, माधुरी शर्मा, सुमन सिंह तथा रवि कुमार, मास्टर संदीप, इरशाद प्रधान, रामदास, डॉक्टर पंकज, प्रधानपति जुलकुरनैन, विनोद सोनी, कुर्बान मलिक, दीप चंद, सुशील प्रधान, मुकर्रम, मोती लाल, हरिचंद प्रधान, शोएब अहमद आदि मौजूद रहे।

# पतंग उड़ाने वाले न करें चाईनीज मांझा इस्तेमालः अब्दुल बासित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता काजी अब्दुल बासित ने लोगों से चाइनीज मांझे का इस्तेमाल न करने की अपील और सरकार से चाइनीज माँझे पर सख्ती से रोक लगाने की माँग की है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी काजी अब्दुल बासित ने कहा कि चाइनीज माँझे के कारण आए दिन दुर्घटनाओं के समाचार मिल रहे हैं।कुछ मौतें होने के भी समाचार मिले हैं जो दिल दहलाने वाले हैं।चाइनीज मांझा खतरनाक साबित हो रहा है। पतंग उड़ाने का शौक नया नहीं है ना ही बुरा है लेकिन किसी को भी किसी की जान से खिलवाड़ करने का हक नहीं है। उस स्थिति में तो बिल्कुल भी नहीं जब ये जानलेवा साबित हो।

काजी अब्दुल बासित ने कहा कि पतंग उड़ाने वाले लोगों को चाहिए कि वह चाइनीज माँझा किसी सूरत इस्तेमाल न करें।उन्होंने सरकार से माँग करते हुए कहा कि सरकार इस सख्ती करे और चाइनीज माँझे की बिक्री पर रोक लगाए।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र जिशान खान को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**रिजवान खान पुत्र नजर खान निवासी मंदिर वाला चौक, खानआलमपुरा, थाना जनकपुरी सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र यश चौधरी जन्मतिथि 10.07.2009 को नाफरमानी व गलत संगत में पडने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**अनुज कुमार पुत्र गुलाब सिंह उर्फ मदन सिंह जाति गुर्जर निवासी ग्राम बाकर माजरा, थाना नकुड, पोस्ट ढकदेवी सहारनपुर। मो.नं. 9690000053**

# मण्डलायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी का बूथों पर निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के लिए 6 जनवरी से 6 फरवरी तक बूथ लेवल अधिकारियों व पदाभिहित अधिकारियों द्वारा दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा रही है।

आयोग के निर्देशानुसार जनपद में अवस्थित समस्त सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों बेहट, नकुड़, सहारनपुर नगर, सहारनपुर, देवबन्द, रामपुर मनिहारान एवं गंगोह) के समस्त 3018 मतदान स्थलों पर नियुक्त 3018 बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा आज 18 जनवरी को अपने-अपने बूथ पर उपस्थित होकर सम्बन्धित आलेख्य निर्वाचक नामावली को जनसाधारण को पढ़कर सुनाया गया। 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली को मतदान स्थलों पर बीएलओ द्वारा पढ़कर सुनाये जाने के कार्य का संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा रैण्डम आधार पर मतदान स्थलों का स्थलीय भ्रमण कर कार्य का गहन पर्यवेक्षण किया गया। मण्डलायुक्त एवं रोल प्रेक्षक डॉ. रूपेश कुमार द्वारा मंडल के तीनों जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर एवं शामली सहित जनपद बागपत की सभी 19 विधानसभा क्षेत्रों के लिये मण्डलीय अधिकारी नामित किये गये। मंडलायुक्त द्वारा जनपद की विधानसभा क्षेत्र रामपुर मनिहारान के मतदान केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल इण्टर कॉलेज, जन्धेडा समसपुर के मतदेय स्थल संख्या-136, 137, 138 एवं 139 का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे स्वयं मतदान स्थलों पर जाकर मतदाता सूची पढकर सुनाये जाने के कार्य एवं बीएलओ द्वारा किये जा रहे अन्य कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से देवबन्द के मतदान केन्द्र एचएवी इण्टर कॉलेज के मतदेय स्थल संख्या-239 से 250 तक कुल 12 मतदान स्थलों का निरीक्षण किया गया। सभी बीएलओ अपने मतदान स्थल की मतदाता सूची पढकर सुनाते हुए पाए गए। प्रशिक्षण का स्तर सही पाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अपने-अपने मतदान स्थल पर उपस्थित नागारिकों एवं मतदाताओं से अनुरोध किया गया कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपना अथवा अपने परिवार के सदस्यों के नाम मतदाता सूची में अवश्य चौक कर लें और निर्वाचक नामावली को शुद्ध व अद्यावधिक बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। अपर आयुक्त, प्रशासन रमेश यादव एवं सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

# अवतरण दिवस पर विधि विधान के साथ हवन पूजन

**सहारनपुर।** लाल द्वारा बाड़ा, लाल दास रोड के प्रांगण में श्री सतगुरु बाबा लाल जी के 671वें अवतरण दिवस समारोह का शुभारंभ आज प्रथम दिन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ हुआ। प्रातःकाल लाल द्वारा परिसर में विधि-विधान से हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया।

हवन उपरांत ब्रह्म भोज संपन्न हुआ, जिसके साथ महिला संकीर्तन मंडल द्वारा सुंदरकांड जी का सुमधुर पाठ किया गया। इसके पश्चात बाबा लाल जी की वाणी पर चर्चा का आयोजन हुआ, जिसमें विनोद शर्मा, राजेश कपूर, रूबी भाटिया, सीमा आनंद एवं पूजा कपूर ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर लाल द्वारा प्रमुख इंद्र मोहन जोशी ने कहा कि यह स्थल संतों की तपोभूमि है, जहां बाबा लाल जी ने लगभग 100 वर्षों तक तपस्या की और गंगा जी को प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह एक पावन तीर्थ है, जहां आकर भक्तों को बाबा लाल जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। समारोह में मनीष आनंद, जुग्गी लाल भाटिया, परवीन बोहरा, विशाल लूथरा, रिंकू, शिवम बंगा, कविता अरोड़ा, मोनिका कालरा, विनोद शर्मा, डॉ. अशोक भाटिया, प्रशांत अरोड़ा, राजकुमार गंभीर, प्रदीप सूरी, रवि भाटिया, रमा मल्होत्रा सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था श्री सतगुरु बाबा लाल सेवक मंडल के पदाधिकारियों द्वारा संभाली गई। महामंत्री राजेश कपूर ने समारोह में अतिथियों को सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# गाय की रक्षा प्रत्येक हिंदू का धर्मः हरीश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** गौ रक्षा दल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरीश पंवार ने कहा कि गाय की रक्षा करना प्रत्येक हिंदू का धर्म है।

रविवार दोपहर बाद गांव पठेड में आयोजित एक बैठक में हरीश पंवार ने कहा कि आज जगह-जगह गाय माता पर अत्याचार हो रहा है। कुछ लोग गाय माता पर हो रहे अत्याचार एवं शोषण को देखकर भी आंख बंद कर लेते हैं। युवा वर्ग को चाहिए कि वह गाय माता के संवर्धन के लिए अपनी सामर्थ्य के अनुसार कार्य करे। उन्होंने कहा कि यदि कहीं गाय माता पर अत्याचार होता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस तथा को रक्षा दल को दें। इस अवसर पर गौ रक्षा दल संगठन में कर्ण शर्मा को जिला कार्यकारी अध्यक्ष तथा रवि सैनी को ग्राम अध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रमोद पंवार, कृष्णा, शौरभ सैनी, सुमित कुमार, रीतिक, उज्जवल सैनी, प्रिंस शर्मा, नितिन गोयल आदि रहे।

# शिविर में 61 यूनिट स्वैच्छिक रक्त किया एकत्रित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** गंदेवड़ा स्थित लाइफ केयर सेंटर में हाल ही में हेल्पिंग हैंड इमरजेंसी बीएचएल की टीम द्वारा एक अत्यंत सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में कुल 61 यूनिट रक्त सफलतापूर्वक एकत्रित किया गया, जिससे जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।शिविर में डॉक्टर फैसल खान ने तीसरी बार अपना रक्तदान करके मानवता की मिसाल पेश की डॉ इस्लाम ने इस अवसर पर कहा कि रक्तदान करना सबसे बड़ा पुण्य कर्म है, क्योंकि यह सीधे किसी की जान बचा सकता है। लाइफ केयर सेंटर समय-समय पर ऐसे सामाजिक और मानवीय कार्यों को निरंतर आयोजित करता रहता है, जो समाज में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ लोगों की मदद करता है।टीम में डॉ. जेबा, डॉ. अम्मरजहां, दिनेश कुमार, पीआरओ अफजल खघन, मुदस्सिर सहित स्टाफ सदस्य रिया, शिवांगी, इकरा, मनीष, विशाल, सावन आदि मौजूद रहे। सभी ने मिलकर शिविर को सुचारू रूप से संपन्न कराया। लाइफ केयर सेंटर गंदेवड़ा में हर प्रकार की आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं।

उन्होने कहा कि यहां 24 घंटे इमरजेंसी सेवा संचालित रहती है, जिससे क्षेत्रवासियों को किसी भी समय त्वरित इलाज मिल सके।यह रक्तदान शिविर न केवल रक्त की कमी को पूरा करने में सहायक सिद्ध हुआ, बल्कि समाज में रक्तदान की महत्ता को भी रेखांकित किया। लाइफ केयर सेंटर ऐसे प्रयासों से निरंतर जुड़ा रहता है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प लिया है।

# चोरों ने मकान का ताला तोड़ आभूषण एवं हजारों रुपये की नकदी पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** चोरों ने नगर की ग्रीन सिटी कॉलोनी में मकान के ताले तोड़कर लाखों रुपये के आभूषण और हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। वारदात को अंजाम देने से पूर्व चोरों ने आसपास के मकानों को बाहर से लॉक कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

खानकाह पुलिस चौकी क्षेत्र की ग्रीन सिटी कॉलोनी निवासी अहकाम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार की शाम भाई दाऊद पत्नी को लेने मोदीनगर गया था। रात के समय चोर मकान के ताले तोड़कर भीतर घुसे और अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर और नकदी चोरी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस को दाऊद ने बताया कि चोर करीब तीन तौला सोने के आभूषण, हजारों रुपये कीमत के चांदी के जेवर और 35 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। उन्होंने यह भी बताया कि वारदात को अंजाम देने से पूर्व चोरों ने आसपास के मकानों के दरवाजे बाहर से लॉक कर दिए, ताकि किसी तरह की आवाज होने से लोग बाहर न निकल सकें। पुलिस का कहना है कि मकान के समीप लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। शीघ्र ही वारदात का खुलासा किया जाएगा। करीब एक माह पूर्व भी चोरों ने इसी चौकी क्षेत्र के दारुल उलूम वक्फ इलाके में एक मकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।



## ठाकुर जी को लगाया गया छोले कचोड़ी का भोग

**देवबन्द।** सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर में खिचड़ी उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा। इसमें श्री राधा नवरंगी लाल महाराज को छोले कचोड़ी व गुड़ से बनी गज्जक का भोग लगाया गया। सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर में खिचड़ी उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। रविवार को श्री राधा नवरंगी लाल महाराज को छोले कचोड़ी व गुड़ से बनी गज्जक का भोग लगाया गया। इस दौरान भजन गायकों ने मेरे मन में बसों राधा वल्लभ प्यारो, वृंदावन प्यारों वृंदावन और मोर मुकुट मुरली वालों आदि भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंदिर के सेवाधिकारी नवनीत लाल गोस्वामी ने बताया कि ठाकुरजी का श्रृंगार दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता उमड़ रहा है।

# पट्टाभिषेक समारोह का हुआ आयोजन

**देवबन्द।** श्री रामकृष्ण सेवा सदन कैंसर अस्पताल की संचालिका साध्वी आशू गिरी हरिद्वार धाम के पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी की महामंडलेश्वर बनी हैं। साधु संतों ने मंत्रोच्चारण कर विधिवत पट्टाभिषेक कर उन्हें महामंडलेश्वर की उपाधि प्रदान की।

स्टेट हाईवे स्थित अस्पताल परिसर में पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के तत्वावधान में पट्टाभिषेक समारोह का आयोजन हुआ। इसमें हरिद्वार से आए साधु संतों की मौजूदगी में साध्वी आशू गिरी को सर्वप्रथम स्नान कराकर तिलक किया गया। इसके पश्चात अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी और निरंजनी अखाड़ा के सचिव महंत राम रतन गिरी आदि संतों ने साध्वी आशू गिरी को श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर की उपाधि से सुशोभित किया। महंत रविंद्र पुरी ने कहा कि महामंडलेश्वर का अर्थ होता है मंडली का ईश्वर। हमे पूरी आशा है कि माताजी (साध्वी आशू) देश विदेश में सनातन परंपरा का प्रचार प्रसार करेंगी। वहीं, महामंडलेश्वर पद पर आसीन साध्वी आशू गिरी ने कहा कि वह सदैव सनातन के प्रचार प्रसार के लिए कार्य करेंगी। संचालन ममता वर्मा ने किया। समाजसेवी कुलदीप सेठ, पंडित कालिका प्रसाद, अंकित जैन, अश्वनी गर्ग, विपिन त्यागी, ब्रज कौशिक, अनुज व राज. कुमार जाटव आदि शामिल रहे।




# एसआईआर प्रक्रिया के तहत मनाया गया विशेष बूथ दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** देश के विभिन्न राज्यों में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के तहत विशेष बूथ दिवस मनाया गया। इसमें बीएलओ ने मतदाताओं को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पढ़कर सुनाई और त्रुटि की आपत्तियों को स्वीकार किया। देवबंद पहुंचे जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने समीक्षा करते हुए बीएलओ को उचित निर्देश दिए।

रविवार को एसआईआर प्रक्रिया के तहत विशेष बूथ दिवस मनाया गया। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि को दुरुस्त करने के लिए बीएलओ ने मतदाताओं को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पढ़कर सुनाई और आपत्ति दर्ज कराने वाले मतदाताओं के फार्म छह और आठ भरे। इस दौरान देवबंद पहुंचे जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने एचएवी इंटर कॉलेज में लगे कैंप में पहुंच कर समीक्षा की और बीएलओ के साथ बैठकर उन्हें उचित निर्देश दिए। इसके उपरांत डीएम ने बताया कि विशेष बूथ दिवस के तहत सभी बीएलओ ने हर बूथ पर मतदाताओं को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पढ़कर सुनाई। उन्होंने कहा कि इसमें अगर किसी व्यक्ति को दावा या आपत्ति करनी है तो वे उस समय कर सकता है। यदि किसी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है और उसकी आयु 18 वर्ष है तथा वे भारत का नागरिक है तो वे फार्म छह भर सकता है। डीएम ने कहा कि विशेष बूथ दिवस का उद्देश्य यही है कि अधिक से अधिक व्यस्क मतदाताओं के फार्म छह भरें, ताकि उनका मतदाता के रुप में पंजीकृत किया जा सके। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि मतदान हमारा अधिकार है और देश को सशक्त करने के लिए मतदान जरुर करें।

**देवबंद पहुंचे जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने एचएवी इंटर कॉलेज में लगे कैंप में पहुंच कर समीक्षा की और बीएलओ के साथ बैठकर उन्हें उचित निर्देश दिए।**

# प्रदेशाध्यक्ष ने राज्यमंत्री के पिता को दी श्रद्धांजलि

**देवबन्द।** उप्र. भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी रविवार को प्रदेश सरकार में पीडब्ल्यूडी राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के पिता डा. राजकुमार रावत के निधन के बाद श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कुंवर बृजेश सिंह और परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना देते हुए शोक प्रकट किया। गांव जड़ौदा जट्ट पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पकंज चौधरी ने पीडब्ल्यूडी राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के आवास पर पहुंच उनके पिता के निधन पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने डा. राजकुमार रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर परिजनो से वार्ता कर शोक व्यक्त किया। कहा कि घर के बड़े बुजुर्ग वट वृक्ष की तरह होते हैं। जिनके साया उठ जाने के बाद ही उनका अहसास होता है। इस दौरान प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री जसवंत सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. महेंद्र सिंह सैनी, नागल विधायक देवेंद्र निम, कैराना के पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी आदि भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल

**प्रधानमंत्री मोदी विकास और विरासत को चल रहे साथ लेकर**

देवबंद। पीडब्ल्यूडी राज्यमंत्री के पिता के स्वर्गवास के बाद शोक संवेदना व्यक्त करने के उपरांत मीडिया कर्मियों से वार्ता करते हुए पंकज चौधरी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार विकास और विरासत को साथ लेकर चल रही है। काशी विश्वनाथ में मूर्तियों को तोड़े जाने के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सपा सुप्रिमो अखिलेश यादव पर तंज करते हुए कहा कि 2014 से पहले जितनी भी मूर्तिया देश से बाहर गई थी उनमे से मात्र 13 मूर्तियां ही वापिस आई थी। लेकिन 2014 के बाद से अब तक 650 से ज्यादा मूर्तियां देश में वापिस लाई जा चुकी हैं। जिनमे कई मूर्तियां हजारों वर्ष पुरानी थी। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ में जो हो रहा है वह विकास है लोगों को वहां सुविधा मिली है। इस दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश में हुए दुष्क्रम के प्रकरण पर पूछे गए सवाल पर कहा कि इस तरह की घटनाओं की जितनी निंदा की जाए कम है।

## शहजादपुर में आम के पेड़ काटे

**शेरकोट।** क्षेत्र में लकड़ी तस्करों ने अब मन्दिर मस्जिदों को भी अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। यह नजारा उस समय देखने को मिला, जब लकड़ी तस्करों ने जामा मस्जिद के ग्राम में मौजूद बाग से आम के पेड़ काट डाले। मस्जिद कमेटी ने पुलिस को घटना की तहरीर सौंप कर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के जामा मस्जिद एवं मदरसा इस्लामिया रियाज-उल-उलूम का संयुक्त आम का बाग थाना क्षेत्र के ग्राम शहजादपुर में स्थित है। बाग से एक ग्रामीण द्वारा आम का पेड़ काटकर ले जाने की घटना सामने आने पर कमेटी पदाधिकारियों में भारी रोष व्याप्त है।

कमेटी के अध्यक्ष अफसार खां पुत्र अंसार खां ने कमेटी के पदाधिकारियों के साथ थाने पहुंचकर हारून पुत्र दिलावर निवासी ग्राम शहजादपुर के खिलाफ पेड़ काटने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी और उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।

मालूम हो कि इस समय क्षेत्र में लकड़ी माफिया ने जगह-जगह रात के अंधेरे में लकड़ियों का कटान खुलेआम कर वन विभाग सहित पुलिस को चुनौती दे रहे है। पूर्व में थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण द्वारा ग्राम समाज के पेड़ों का कटान की शिकायत करना उस समय भारी पड़ गया था। जब माफियाओं ने शिकायत कर्ता को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया था, जिसकी पुलिस से शिकायत करने पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर लकड़ी माफिया के खिलाफ कार्यवाही की थी। इतना ही नहीं यह माफिया किसी जगह का लकड़ी काटने का ठेका लेते है, तो स्वयं वन विभाग से कम पेड़ व सुखे पेड़ दिखाकर परमिशन ले लेते है, लेकिन रात के अंधेरे में बड़ी मात्रा में पेड़ों का कटान कर लेते है।

## एक नजर

### पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम



**किरतपुर।** क्रांति देवी इंटर कॉलेज, शाहपुरा रतन में विद्यालय परिवार द्वारा श्रीमती क्रांति देवी के परिनिर्वाण (पुण्यतिथि) के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक चंद्र प्रकाश सिंह 'रवि' ने अपने संबोधन में अपनी माता. जी श्रीमती क्रांति देवी के जीवन मूल्यों, संस्कारों एवं त्याग को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन सेवा, सादगी और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक है।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रचना देवी ने भी श्रीमती क्रांति देवी के जीवन चरित्र, उनके आदर्शों एवं सामाजिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके संस्कारों को अपनाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का आग्रह किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ राजीव कुमार, राकेश कुमार, निशी मैडम, मौसम, कुलदीप, मानवी चौधरी सहित अन्य शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### प्रबंध समिति के गठन के लिए नामांकन





**किरतपुर।** हिंदू इंटर कॉलेज किरतपुर की प्रबंध समिति के गठन हेतु आज सुबह 10:00 बजे से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। उपाध्यक्ष पद के लिए अरुण गोयल (राम पेपर मिल), प्रबंधक पद के लिए अरुण अग्रवाल (भट्टे वाले), उप-प्रबंधक पद के लिए प्रदीप चौहान (पत्रकार), कोषाध्यक्ष पद के लिए सत्येंद्र अग्रवाल ने नामांकन किया। वहीं सदस्य पद के लिए कुंवर रविंदर सिंह, अरविंद राणा, अरविंद वर्मा, कृपाल सिंह राजपूत, शिव कुमार राजपूत, राकेश राजपूत तथा सुभाष चंद्र शर्मा सहित अन्य लोगों ने नामांकन पत्र भरे। चुनाव अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी पदों पर एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त होने के कारण सभी उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है।

### मानवता पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता

**बिजनौर।** सामाजिक चिंतक काजी जियाउर्रहमान ने मानवता पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विज्ञान जितनी तरक्की कर रहा है, इतना ही हम मानव संवेदनाओं से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जब कोई दुर्घटना होती थी, तो सब बेचैन हो जाते थे। लेकिन आज लोग हिंदू-मुस्लिम देखते हैं। हम संप्रदाय और समुदाय में बंट कर रह गए है। राष्ट्र से हमें कुछ लेना-देना नहीं रहा। इस खुदगर्जी के दौर में मानवता गुम होती जा रही है। आखिर हम आने वाली नसलों को क्या देकर जाना चाहते हैं।

### परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



**नजीबाबाद।** क्षेत्राधिकारी नितेश सिंह ने थाना क्षेत्र में स्थित रमा जैन कन्या महाविद्यालय के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने केंद्र पर ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, तैनाती और व्यवहार की जांच की। उन्होंने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। नितेश सिंह ने अधिकारियों और कर्मियों से कहा कि परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने पाए और छात्रों को परीक्षा के दौरान पूरी सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित हो। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश भी दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने क्षेत्राधिकारी को परीक्षा संचालन के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। निरीक्षण के बाद नितेश सिंह ने कहा कि इस प्रकार के नियमित निरीक्षण परीक्षा के सुचारू संचालन और छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं।

### आदिनाथ चालीसा के पाठ का आयोजन

**नजीबाबाद।** श्री दिगम्बर जैन पचायती मंदिर में प्रथम तीर्थकार भगवान ऋषभदेव के निर्वाण महोत्सव पर शास्त्री दिवाकर जैन के सान्निध्य में आदिनाथ चालीसा का पाठ कर आघ्य समर्पण कर निर्वाण महोत्सव मनाया गया। वरिष्ठ सदस्य जितेन्द्र जैन ने निर्वाण महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए बताया है कि प्रथम तीर्थकर भगवान ऋषभदेव कैलाश पर्वत से मोक्ष पधारे थे, उनके पुत्र भरत ने वहां कई चैत्यालयों का निर्माण कराया था। प्रधान दीपक जैन, मंत्री नीरज जैन, उपमंत्री निशु जैन, भण्डारी पुनीत जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, राहुल जैन, भाविक जैन, वदान्त जैन, धीरज जैन, रश्मि जैन, वन्दना जैन, पीयूष जैन, रेना जैन, पूनम जैन, अक्षय जैन, रूकमणी जैन, स्वाति जैन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# एडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम विजय शंकर मिश्रा व पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में तहसील क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी ने जनसुनवाई करते हुए एक-एक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त प्रार्थनापत्रों का निस्तारण पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस उपाधीक्षक डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि पीड़ितों को समय पर न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से कुल 15 प्रकरण प्राप्त हुए। इनमें राजस्व, पुलिस विभाग सहित कई अन्य विभागों के मामले शामिल रहे। प्रशासन की तत्परता का परिणाम यह रहा कि दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष सभी प्रकरणों को संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के लिए भेजा गया।




**सुनी गई फरियादियों की समस्याएं**

# मतदाता सूची संशोधन को लेकर विशेष कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** इंटर कॉलेज में मतदाता सूची संशोधन एसआईआर को लेकर एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप आज सुबह 11 बजे से बीएलओ द्वारा मतदान केंद्रों पर लगाए गए शिविरों का हिस्सा था। इस कैंप में बीएलओ मुनेश कुमार, सलमा बेगम, सुनीता रानी, आमिर अली, ओमवती, गुलिस्ता सैफी और बृजेश सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। कैंप का उद्देश्य मतदाताओं को आलेख्य मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और आवश्यक संशोधन कराने में सहायता करना था। बता दें कि आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन छह जनवरी को किया जा चुका है। मतदाताओं को सलाह दी गई है कि वह इस सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। आज प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावलियों को पढ़कर सुनाया गया। उन मतदाताओं के नाम भी पढ़े गए जिनके नाम मृतक, स्थानांतरित, अनुपस्थित, दो. हरी प्रविष्टि या गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर न करने के कारण सूची से कट गए थे। मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपने बूथ पर जाकर आलेख्य मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें। कैंप का समय पूर्वाह्न 11 बजे से सायं चार बजे तक निर्धारित था।

**सूचना**

मैंने अपना नाम रेनू RENU से बदलकर रेनू गुप्ता RENU GUPTA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

RENU GUPTA D/O MANGURAM, 1416 BRAHMPURI COLONY, DEOBAND, POAND PS DEOBAND, SAHARANPUR 247554, UP

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम FARHEEN से बदलकर FARHEEN ANJUM रख लिया है। भविष्य में FARHEEN ANJUM W/o YOUSUF JAFAR के नाम से जाना व पहचाना जाए।

पता- म. नं. 185, ग्राम व पोस्ट दधेडुकला, पिनकोड 251001, जिला मुजफ्फरनगर, उप्र

# सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा एक सहारा...

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

ग्राम जैतरा स्थित दुर्गा मंदिर पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। भजन सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा एक सहारा यह भजन सबको खूब पसंद आया, सबने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजकों को श्री राम दरबार भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजकों मे सौरभ सैनी, छोटेलाल सैनी, सनी सैनी, रवि सैनी, डोली सैनी, पिंटू सैनी, गौतम गिरी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से मनोज रस्तोगी आचार्य, दिनेश चंद्र भारद्वाज, दिनेश राणा, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, राम प्रकाश वर्मा, संजीव शर्मा, प्रवेश मिश्रा आदि शामिल रहे।



## विहिप का 'सामाजिक समरसता' कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा सामाजिक एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सामाजिक समरसता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

विदुर कुटी प्रखण्ड के ग्राम जिरौठी में आयोजित सामाजिक समरसता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विभाग सह-संयोजक शिवम वर्मा ने सामाजिक समरसता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करना ही परिषद का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जब समाज आंतरिक रूप से संगठित और समरस होगा, तभी देश सशक्त बनेगा। कार्यक्रम को विभाग सत्संग प्रमुख शोभित शर्मा एवं संगठन मंत्री शिव कुमार ने भी सम्बोधित करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर लोगों के बीच आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ा देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप अध्यक्ष कौशल अग्रवाल तथा संचालन प्रखण्ड मंत्री विपिन जोशी ने किया। इस अवसर पर विहिप उपाध्यक्ष अजय जी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने सामाजिक कुरीतियों को त्यागने और एकजुट रहने का संकल्प लिया।

# समाधान दिवस में 25 शिकायतें दर्ज

## लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें : डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मंशा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवतापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज तहसील नजीबाबाद के नव निर्मित स्थित कवि दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और जिम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुन: प्रेषित न कर सके।

आज संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर कुल 25 शिकायतें दर्ज की गयीं, जिनमें 02 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



# इथियोपियाई धावकों अबाटे, चेकोले ने जीते मुंबई मैराथन के खिताब



**मुंबई, वार्ता।** इथियोपियाई धावक टाडू अबाटे और एशी चेकोले ने रविवार को आयोजित हुई मुम्बई मैराथन में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। अबाटे का यह चौथा अंतर्राष्ट्रीय फुल मैराथन खिताब है। उन्होंने 2:09:55 के समय के साथ पुरुष एलीट वर्ग में शीर्ष पर रहे। केन्या के लियोनार्ड लंगाट 2:10:10 के समय के साथ दूसरे स्थान, जबकि पिछले एडिशन के उपविजेता इरिट्रिया के मेरहावी केसेटे ने 2:10:22 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

2023 के विश्व चैंपियन युगांडा के विक्टर किपलांगट 2:11:02 के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। महिला एलीट रेस में, एशी चेकोले ने टॉप स्थानों पर इथियोपियाई धावकों का दबदबा बनाया, उन्होंने 2:25:13 के समय के साथ खिताब जीता। किडसन एलेमा गेब्रेमेडिन 2:27:35 के समय के साथ दूसरे स्थान पर, गोज्जाम त्सेगाए एनएव 2:28:27 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इथियोपिया की मदीना आर्मिनो, जो पिछले साल तीसरे स्थान पर रही थीं, 2:33:02 के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। भारतीय एलीट महिलाओं में, संजीवनी जाधव ने अपने मुंबई मैराथन डेब्यू में शीर्ष पर रहीं।

उन्होंने 2:48:58 का समय निकालकर निर्मबेन ठाकोर को खिताब की हैट्रिक बनाने से रोक दिया। ठाकोर 2:49:07 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सोनम ने 2:49:21 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारतीय एलीट पुरुषों की श्रेणी में, कार्तिक करकेरा सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रहे, वे 2:19:55 के समय के साथ 2:20:00 से कम समय में दौड़ने वाले एकमात्र भारतीय बने। पूर्व चैंपियन अनीश थापा 2:20:08 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि प्रदीप चौधरी ने 2:20:49 के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन: चीन के झांग पहले राउंड में बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** चीन के सबसे सफल पुरुष खिलाड़ियों में से एक, झांग झिझेन रविवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दिन 18वीं सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से सीधे सेटों में हार गए। मार्गरेट कोर्ट एरिना में गर्म मौसम में, अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने पहले राउंड के मैच पर नियंत्रण रखा और दो घंटे और आठ मिनट में 6.3, 7.6 (0), 6.3 की जीत में 38 विनर्स लगाए। यह लगातार दूसरा साल था जब पूर्व विश्व नम्बर 31 झांग सीजन के पहले ग्रैंड स्लैम में कोई मैच नहीं जीत पाए। दक्षिण अमेरिका के सबसे ऊंचे रैंक वाले खिलाड़ी सेरुंडोलो अब बोस्निया और हर्जेगोविना के दामिर जुमहर से खेलेंगे। सेरुंडोलो ने कहा, ष्मैंने आज बहुत अच्छा खेला, और मैं बहुत खुश हूं। यह साल शुरू करने का एक शानदार तरीका है।ष सेरुंडोलो कभी भी किसी मेजर के चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़े हैं। यह झांग के लिए निराशाजनक था।

# सोनमेज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में एलेक्जेंड्रोवा को हराया



**मेलबर्न, वार्ता।** क्वालीफायर जेनेप सोनमेज ने खेल भावना, हॉट शॉट्स और आखिरकार तुर्की के इतिहास का एक हिस्सा पेश किया, जब वह तीसरे सेट में 3.0 से पीछे होने के बाद नम्बर 11 सीड एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7.5, 4.6, 6.4 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले राउंड में जीत हासिल की।

23 साल की सोनमेज ने अपने करियर की दूसरी टॉप 20 जीत हासिल की (पिछले साल बीजिंग में क्लारा टौसन को हराने के बाद), और ओपन एरा में ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैच जीतने वाली पहली तुर्की महिला बनीं। पिछले साल, वह कागला बुयुकाकके के बाद यहां मुख्य ड्रॉ में प्रतिस्पर्धा करने वाली दूसरी तुर्की महिला बनीं, जो 2017 में अपने एकमात्र मुख्य-ड्रॉ उपस्थिति में पहले राउंड में हार गई थीं। 2 घंटे, 37 मिनट का यह मुकाबला उतार-चढ़ाव से भरा रहा। सोनमेज ने पहला सेट 5.2 से पीछे होने के बाद जीता, एक सेट प्वाइंट बचाया, और लगातार सात गेम जीते( वह दूसरा सेट 3-1 से आगे होने के बाद हार गई क्योंकि एलेक्जेंड्रोवा ने अगले नौ में से आठ गेम जीते( लेकिन निर्णायक सेट में 3.0 से पीछे होने के बाद, सोनमेज ने फिर से लय पकड़ी और आखिरी सात में से छह गेम जीते, एलेक्जेंड्रोवा के बैकहैंड नेट पर लगने के साथ ही उन्होंने अपना चौथा मैच प्वाइंट जीता। सोनमेज की तीसरे सेट में वापसी दिन के सबसे अच्छे प्वाइंट में से एक से शुरू हुई, जो रैली बनाने की एक मास्टरक्लास थी। जब एलेक्जेंड्रोवा 3-1, 15-30 पर सर्व कर रही थीं, तो सोनमेज ने एक शक्तिशाली एंगल्ड फोरहैंड से कोर्ट खोला। उसने एलेक्जेंड्रोवा को ड्रॉप शॉट से नेट के पास खींचकर यह किया, और हालांकि एलेक्जेंड्रोवा ने अपने जवाब में अच्छी स्पीड बनाए रखी।

**खेल विशेष**

## ज्वेरेव ने धीमी शुरुआत के बाद दूसरे राउंड में जगह बनाई

**मेलबर्न।** तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने रविवार को मेलबर्न में गैब्रियल डियालो के खिलाफ चार सेट की जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी धीमी शुरुआत पर काबू पाया। रॉड लेवर एरिना के सेंटर कोर्ट पर गर्म मौसम में, जर्मन खिलाड़ी ने 24 वर्षीय डियालो को दो घंटे और 43 मिनट में 6-7 (1), 6-1, 6-4, 6-2 से हराया। पिछले साल मेलबर्न पार्क में फाइनल में हारने वाले ज्वेरेव को तब थोड़ी घबराहट हुई जब वह पहले सेट के टाईब्रेक में संघर्ष कर रहे थे, लेकिन फिर उन्होंने खुद को संभाला और अपने जाने-माने शक्तिशाली ग्राउंडस्ट्रोक से पहले राउंड के मैच पर नियंत्रण कर लिया। तीन बार के ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट ज्वेरेव ने कहा, ष्पहला सेट मेरा सबसे अच्छा टेनिस नहीं था, लेकिन उसके बाद जब मैं मैच में आया, तो मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा और मैं निश्चित रूप से अपने खेल के स्तर से खुश हूं। ज्वेरेव की पहली बड़ी जीत की तलाश जारी रहेगी जब वह अगले मैच में ऑस्ट्रेलियाई एलेक्सी पोपीरिन या फ्रांस के अलेक्जेंडर मुलर से खेलेंगे।

## उस्मान सदात, महबूब खान के अर्धशतकों से अफगानिस्तान ने बनाए 262/6

**विडहोक, वार्ता।** उस्मान सदात (88) और कप्तान महबूब खान (86) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत अफगानिस्तान ने रविवार को अंडर-19 विश्वकप के 11वें मुकाबले में वेस्टइंडीज के खिलाफ छह विकेट पर 262 रनों का सम्मानजनक स्कोर बनाया। आज यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। खालिद अहमदजई और उस्मान सदात की सलामी जोड़ी ने अफगानिस्तान को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़े। 18वें ओवर में विटेल लॉज ने खालिद अहमजई को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

# आईपीएल मैचों से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को सशर्त मंजूरी

**बेंगलुरु।** भले ही 4 जून, 2025 को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ की यादें अभी भी ताजा हैं, लेकिन कर्नाटक सरकार ने इस जगह को इंटरनेशनल क्रिकेट मैच और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेजबानी के लिए सशर्त मंजूरी दे दी है।

गृह मंत्री जी- परमेश्वर ने कहा कि यह फैसला कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा दिए गए लिखित आश्वासन और उन पर रखे गए ष्भरोसेष पर आधारित है। रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए, परमेश्वर ने कहा कि सरकार का फैसला कई निरीक्षणों और समिति की रिपोर्टों के बाद आया है, लेकिन यह भी माना कि सुरक्षा शर्तों का सख्ती से पालन करने की शर्त पर ही अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा, ष्उन्होंने लिखित में दिया है कि वे शर्तों को पूरा करेंगे। हमने उन पर भरोसा किया है। गृह मंत्री ने कहा कि भगदड़ के बाद स्टेडियम का निरीक्षण करने और सुधारात्मक उपायों की सिफारिश करने के लिए जस्टिस कुन्हा समिति का गठन किया गया था। उन्होंने कहा, ष्समिति ने कई सिफारिशें दीं, जिन्हें लागू करने के निर्देशों के साथ कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन को भेजा गया था। बाद में सिफारिशों की जांच के लिए एक कैबिनेट-स्तरीय समिति का गठन किया गया, जबकि महेश्वर राव की अध्यक्षता वाली एक अलग समिति ने भी अनुपालन की स्थिति का अध्ययन किया। परमेश्वर ने कहा कि महेश्वर राव समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी, और नई कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन समिति ने कहा है कि वह सभी निर्धारित शर्तों को पूरा करेगी। यह देखते हुए कि आईपीएल मार्च में शुरू होने वाला है, परमेश्वर ने कहा कि कैबिनेट ने अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों सुरक्षा उपायों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि आईपीएल से पहले अल्पकालिक शर्तों को पूरा करना होगा। उसी के आधार पर, हमने शर्तों के अधीन अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि सरकार अनुपालन की निगरानी करती रहेगी, खासकर प्रमुख सुरक्षा आवश्यकताओं के संबंध में। उन्होंने कहा कि हम देखेंगे कि वे एक और प्रमुख शर्त को भी पूरा करते हैं या नहीं, यह कहते हुए कि स्टेडियम में काम पहले ही शुरू हो चुका है।

# फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 57वें एडिशन में हजारों हुए शामिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 57वें एडिशन में आज केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने गुजरात में साइकिल चलाई।

वहीं कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी हैदराबाद में हुए कार्यक्रम में खिलाड़ियों पी गोपी. चंद, दीप्ति जीवनजी, ईशा सिंह के साथ विशेष मेहमान के तौर पर शामिल हुए। देश भर में फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का 57वां एडिशन आज सुबह कई जगहों पर पूरे जोश के साथ आयोजित किया गया। केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने राजकोट के पास गोंडल में इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया, जबकि केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हैदराबाद में 1000 से अधिक प्रतिभागियों के बीच कार्यक्रम की कमान संभाली।

डा. मनसुख मांडविया ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भारत को फिट बनाने के लिए, हमें संडेज ऑन साइकिल में भाग लेना होगा। इस दौरान डा. मांडविया ने प्रतिभागियों से बात की और उनकी कहानियां सुनी। इस अवसर पर डा. मांडविया ने कहा कि साइक्लिग सभी उम्र के लोगों के लिए सबसे अच्छी एक्सरसाइज है। यह कार्बन फुटप्रिंट कम करने में भी मदद करती है। हम सभी को एक साथ आना चाहिए और रेग.ुलर साइक्लिग करनी चाहिए। मुझे इतने सारे लोगों के साथ साइकिल चलाने में मजा आता है, यह हम सभी को एक कम्युनिटी होने का एहसास देता है, जो बहुत जरूरी है। मैं पूरे देश के भारतीयों से अपील करता हूं कि वे हर रविवार को अपने शहर में किसी जगह पर इसमें शामिल हों। उन्होंने कहा कि कोई भी देश उतना ही मजबूत होता है जिंतने उसके नागरिक। अगर हमें अपने सपनों का विक.सित भारत बनाना है, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर भारतीय अपनी सबसे अच्छी शारीरिक और मानसिक फिटनेस में हो ताकि हर कोई देश के विकास में योगदान दे सके। यही विजन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमारे लिए है। केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजिंत देशव्यापी फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का 57वां एडिशन में खेल, संस्कृति और कम्युनिटी को एक यादगार नजारे में मिला दिया गया। दो लाख से अधिक जगहों पर 22 लाख से अधिक नागरिकों ने हिस्सा लिया है। हैदराबाद के गाचीबावली स्टेडियम में, हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के सहयोग से आयोजिंत इस कार्यक्रम में कई जानी-मानी हस्तियां और खेल हस्तियां मौजूद थीं, जिंनमें केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी-किशन रेड्डी, तेलंगाना खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष शिव सेना रेड्डी, बैडमिंटन के दिग्गज, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता पुलेला गोपीचंद, अर्जुन पुरस्कार विजेता शूटर ईशा सिंह और पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता दीप्ति जीवनजी शामिल थे।

## इटली ने जेजे स्मट्स को अपनी टी-20 टीम में किया शामिल

**रोम।** पहली बार टी-20 विश्वकप में खेलने जा रही इटली ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जेजे स्मट्स को अपनी 15-सदस्ईय टीम में शामिल किया है। वेन मैडसेन टूर्नामेंट में इटली की टीम की कप्तानी करेंगे। क्वालिफायर के दौरान टीम की कप्तानी जो बर्न्स ने की थी, लेकिन पिछले साल के आखिर में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को कप्तान के पद से हटाकर टीम से बाहर कर दिया गया था। इटली की इस विश्व कप टीम में दो भाइयों की जोड़ी हैरी और बेंजामिन मैनेंटी, और एंथनी और जस्टिन मोस्का भी शामिल है। एमिलियो गे चोट के कारण टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। टीम के मुख्य को जॉन डेविसन होंगे जबकि केविन आ ब्रायन और डौगी ब्राउन को असिस्टेंट कोच बनाया गया है। इटली को टी-20 विश्व के ग्रुप सी में बंगलादेश, इंग्लैंड, नेपाल और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टी-20 दल में फूलमाली व पाटिल की वापसी



**मुंबई, वार्ता।** बल्लेबाज भारती फूलमाली ने 2019 के बाद पहली बार भारत की टी-20 टीम में वापसी की है। उनके साथ ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल को भी फरवरी में होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुना गया है। 17 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमलिनी और बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा को पहली बार वनडे टीम से बुलावा मिला है। ए दोनों खिलाड़ी पिछले साल दिसम्बर में श्रीलंका के खलिाफ खेलने वाली भारतीय टी-20 टीम का हिस्सा थीं। काश्वी गौतम को वनडे दल में शामिल किया गया है,

जबकि भारत ने तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी और बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को बाहर कर दिया है। रेड्डी टी-20ष दल का हिस्सा हैं, जबकि राधा ने हाल ही में टी-20 टीम से भी अपनी जगह गंवाई थी। वनडे सेट-अप का हिस्सा रहीं हरलीन देओल को टी-20 टीम से बाहर कर दिया गया है। गौतम ने आखरिी बार पिछले साल मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के साथ हुई त्रिकोणीय सीरीज में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वहीं फूलमाली की अंतर्राष्ट्रीय वापसी मौजूदा डब्ल्यूपीएल में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद हुई है। उन्होंने गुजरात जायंट्स के लिए चार पारियों में 191-66 के स्ट्राइक रेट से 92 रन बनाए हैं। पिछले सीजन में भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया था और चार पारियों में 172-72 के स्ट्राइक रेट से 133 रन बनाए थे। यह 2023 के पहले डब्ल्यूपीएल सीजन से काफी बेहतर प्रदर्शन था, जहां उन्होंने तीन मैचों में 120-75 के स्ट्राइक रेट से 64 रन बनाए थे। फूलमाली ने सात साल पहले गुवाहाटी में इंग्लैंड के खलिाफ भारत के लिए डेब्यू किया था और अब तक सिर्फ दो अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। पाटिल के लिए यह अक्टूबर 2024 में हुए टी-20 विश्व कप के बाद पहला अंतर्राष्ट्रीय दौरा होगा, जो ऑस्ट्रेलिया के खलिाफ ही था। चोट के कारण लगभग एक साल तक क्रिकेट से दूर रहने के बाद उन्होंने पिछले साल सितम्बर में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी, जहां वह खतिाब जीतने वाली बारबाडोस रॉयल्स टीम का हिस्सा थीं। मौजूदा डब्ल्यूपीएल में पाटिल ने चार मैचों में आठ विकेट लिए हैं, जिंसमें जायंट्स के खिलाफ लिया गया पंजा भी शामिल है। भारत 15 फरवरी से 1 मार्च के बीच तीन टी-20 और उतने ही वनडे खेलेगा।

# सबालेंका ने पहले राउंड का टेस्ट पास किया

मेलबन। वर्ल्ड नम्बर 1 आर्यना सबालेंका का लगातार चौथा ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंचने का सफर रविवार को शानदार तरीके से शुरू हुआ, उन्होंने टियांत्सोआ राकोटोंमांगा राजाओनाह को हराया, जिन्होंने पहले सेट में सबालेंका को कड़ी टक्कर दी।

वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी ने निश्चित रूप से अपने करियर के सबसे ऊंचे रैंक वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सब कुछ लगा दिया, लेकिन दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन का अनुभव रॉड लेवर एरिना में 6.4, 6.1 की जीत में काम आया और रात का सेशन शुरू हुआ। सबालें.का ने पहले सेट जीतने के मोमेंटम और आत्मविश्वास का पूरा फायदा उठाया। पहले सेट के आखिर में राकोटोंमांगा राजाआ.ेनाह की सर्विस तोड़कर सबालेंका ने 1-0 की बढ़त बना ली। जल्दी ही, दूसरे सेट में यह बढ़त 3-0 हो गई। यह साफ था कि सबालेंका के शॉट के पीछे की ताकत राकोटोंमांगा राजाओनाह के लिए बहुत ज्यादा थी, जो अक्सर रिटर्न नेट में मार देती थीं या गेंद कोर्ट से बाहर चली जाती थी। दूसरे सेट में, सबालेंका की कोर्ट पर राकोटोंमांगा राजाओनाह की मूवमेंट को कंट्रोल करने की क्षमता ने कुछ आसान विनर्स बनाए - उन्होंने उस शाम 23 विनर्स मारे - या राकोटोंमांगा राजाओनाह से गलतियां करवाईं। तुलना के लिए, सबालेंका की पहली सर्विस की औसत गति 167 किलोमीटर प्रति घंटा थी, जबकि राकोटोंमांगा राजाओनाह की 149 किलोमीटर प्रति घंटा थी। रिटर्न पर, सबालेंका ने अपने प्रतिद्वंद्वी की पहली और दूसरी सर्विस पर क्रमशः 42: और 64: अंक जीते। इसके बाद सबालेंका ने आखिरी चार गेम में से तीन जीतकर एक घंटे और 16 मिनट का मैच खत्म किया।

# विजेंदर सिंह को एथलीट कमीशन का सदस्य नियुक्त किया



**नई दिल्ली, वार्ता।** बीजिंग ओलंपिक के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट विजेंदर सिंह को एशियाई बॉक्सिग एथलीट कमीशन का सदस्य नियुक्त किया गया है, जबकि राजेंद्रन रविद्रन को रेफरी और जज कमीशन सदस्यों का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है।

एनियुक्तियां एशियाई बॉक्सिग के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने एशियाई बॉक्सिग संविधान और उसके गवर्नेंस ढांचे के अनुसार प्रभावी समन्वय, तकनीकी देखरेख और आने वाले कार्यक्रमों और चैंपियनशिप को पूरा करने में सहायता के लिए की हैं। बॉक्सिग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि विजेंदर सिंह की नियुक्ति, साथ ही प्रमुख एशियाई बॉक्सिग कमीशन में भारत की व्यापक उपस्थिति, महाद्वीपीय निकाय में बॉक्सिग फेडरेशन ऑफ इंडिया की रणनी.तिक हिस्सेदारी को मजबूत करती है एथलीट कमीशन में नौ सदस्य होंगे और इसकी अध्यक्षता ईरान के सैयद रोहुल्लाह हुसैनी करेंगे। एशियाई बॉक्सिग कमीशन में अन्य भारतीय प्रतिनिधियों में चंदर किशोर जेरथ (खेल और प्रतियोगिता), स्मिता कुमारी (लैंगिक समानता, विविधता और समावेशन आयोग) और चरणजीत सिंह विर्क (न्यायिक आयोग) शामिल हैं।

# युई सुसाकी के नेतृत्व में हरियाणा थंडर्स ने दिल्ली को 6.3 से हराया



**नोएडा, वार्ता।** जापानी दिग्गज युई सुसाकी ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स को प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 5 में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ शनिवार को 6-3 की प्रभावशाली जीत दिलाई।

कई बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विज.ेता सुसाकी ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर मात्र 57 सेकंड में मुक.ाबला जीतकर लीग इतिहास की सबसे तेज तकनीकी जीत का रिकॉर्ड बनाया। इस जीत के साथ हरियाणा ने अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए चार अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। सुसाकी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि दिल्ली दंगल वॉरियर्स के तुरान बायरामोव को फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। मैच के बाद हरियाणा थंडर्स की कप्तान युई सुसाकी ने कहा, ष्आज का मुकाबला अच्छा रहा और मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। मेरा लक्ष्य निर्णायक तरीके से जीत दर्ज करना था,

चाहे वह पिन के जरिए हो या तकनीकी श्रेष्ठता से, और मैं अपनी योजना को अच्छे से लागू कर पाई। टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया और सभी खिलाड़ियों का प्रयास उत्साहजनक रहा। दिल्ली दंगल वॉरियर्स के कप्तान सुजीत कलकल ने कहा, ष्हमारी उम्मीद जीत की थी, लेकिन शुरुआती कुछ मुकाबले हमारे पक्ष में नहीं गए। ए मुकाबले कड़े और करीबी थे, एकतरफा नहीं, लेकिन आज हमारा दिन नहीं था। हम हार से सीख लेंगे, टीम के रूप में खुद को दोबारा संगठित करेंगे और आगामी मुकाबलों में मजबूत वापसी करेंगे। हरियाणा ने शुरुआत 76 किग्रा महिला वर्ग में काजल धोचक के जरिए शानदार अंदाज में की। कड़े मुकाबले में काजल ने अनास्तासिया अल्पएवा को 6-5 से हराया। दूसरे पीरियड में बनाई गई मामूली बढ़त को उन्होंने अंत तक बरकरार रखते हुए हरियाणा को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद 57 किग्रा पुरुष वर्ग में अंकुश चंद्रम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शुभम कौशिक को 13-3 से परा.जंत कर हरियाणा की बढ़त 2-0 कर दी। मैच का निर्णायक क्षण 53 किग्रा महिला मुकाबले में आया, जहां युई सुसाकी ने अपनी गति, तकनीक और आक्रामकता का बेहतरीन नमूना पेश किया। सारिका को पूरी तरह दबाव में रखते हुए सुसाकी ने मात्र 57 सेकंड में 16-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की, जो न केवल मुकाबले का रुख तय करने वाला पल था बल्कि एक नया लीग रिकॉर्ड भी बना। इसके बाद हैवीवेट वर्ग में अनिरुद्ध गुलिया ने रोनक को 13.0 से हराकर हरियाणा की पकड़ और मजबूत कर दी। 57 किग्रा महिला वर्ग में नेहा सांगवान ने कनाडा की कार्ला गोंजालेज को तकनीकी श्रेष्ठता से पराजिंत कर हरियाणा के लिए पांचवीं जीत सुनिश्चित की और मैच लगभग सील कर दिया। दिल्ली को पहली सफलता 65 किग्रा पुरुष वर्ग में मिली, जहां कप्तान सुजीत कलकल ने रणनी.तिक मुकाबले में तुमुर ओचिर तुलगा को 2.1 से हराया। हालांकि, हरियाणा ने जल्द ही वापसी करते हुए 62 किग्रा महिला वर्ग में इरीना कोलियाडेंको के शानदार प्रदर्शन के दम पर अंजली को 13.0 से हराकर दिल्ली की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। 74 किग्रा पुरुष वर्ग में दिल्ली के तुरान बायरामोव ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 8.1 से जीत दर्ज की और दिल्ली के लिए दूसरा मुक.ाबला अपने नाम किया।

### डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक की 76वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक सम्पन्न

# किसानों को उपलब्ध कराई जा रही बेहतर बैंकिंग: जसवंत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश के संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि सहकारी बैंक आर्थिक रूप से कमजोर किसानों एवं निर्बल वर्गों के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

प्रदेश के राज्य मंत्री जसवंत सैनी आज जनमंच गांधी पार्क के सभागार में डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, सहारनपुर की 76वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि जसवंत सैनी ने कहा कि सहक. ारी बैंक आर्थिक रूप से कमजोर किसानों एवं निर्बल वर्गों के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। चौधरी राजपाल सिंह के नेतृत्व में बैंक निरंतर प्रगति कर रहा है तथा आधुनिक तकनीक के माध्यम से किसानों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह ने बताया कि बैंक द्वारा सदस्यता अभियान के माध्यम से किसानों एवं जरूरतमंद



लोगों को सीधे बैंक से जोड़ा गया है। सहकारिता मंत्रालय की शेयर सर्विस एन्टिटी (एसएसई) योजना के तहत मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, भीम आधार पे, एईपीएस एवं ई-केसीसी जैसी आधुनिक सेवाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में अध्यक्ष द्वारा वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के कुल शुद्ध लाभ में से 147 लाख 98 हजार रुपये लाभांश शेयरधारकों को वितरित किए जाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में बैंक अध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह एवं सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी कुलदीप चौधरी द्वारा मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का स्मृति चिन्ह, बुके व शाल भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबंधकों, समिति सचिवों एवं बैंक के श्रेष्ठ ग्राहकों को सम्मानित किया गया। बैंक अध्यक्ष ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समिति सदस्यों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की। बैठक में नगर विधायक राजीव गुम्बर, विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी, विधायक गंगोह किरत सिंह, विधायक रामपुर मनिहारन देवेन्द्र निम, भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह सैनी, डीसीडीएफ अध्यक्ष सोनेन्द्र राणा, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व विधायक महिपाल सिंह माजरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, बैंक संच. ालक एवं अधिकारी मौजूद रहे। बैठक अध्यक्षता बैंक अध्यक्ष राजपाल सिंह एवं संचालन बैंक संचालक संदीप शर्मा ने किया।

# नशे के विरुद्ध छेड़ें युद्ध, मृत्युभोज हर हाल में हो बंदः चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि नश के विरूद्ध युद्ध छेडते हुए मृत्युभोज पर पूरी तरह पाबंदी लगनी चाहिये।

चौ.नीरपाल सिंह चौधरी हरबीर सिंह द्वारा आयोजित सामाजिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें एकजुट होकर नशे के विरुद्ध युद्ध छेड़ना है, मृत्यु भोज बंद करना है। नशा आज हमारे गांवों और समाज का सबसे बड़ा शत्रु बन चुका है। युवाओं की चमकती आंखों में विष घोलता हुआ, परिवारों को बर्बाद करता हुआ, यह चुपके से नासूर बनता जा रहा है। इसलिये अपने बच्चों को खेलो के लिए प्रेरित करो।

मुकेश चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषिराज, कुक्कू चौधरी, उमेश पंवार जिला पंचायत सदस्य, जयवीर कुड़ना, रणपाल निर्वाल, पूर्व प्रमुख चंद्रहास, राजदीप ढाका, विक्रम प्रधान, शेखर करोड़ी, मास्टर संजीव, प्रवीण तरार, मुकेश पप्पू ने भी विचार रखे। अध्यक्षता चौधरी विनय पंवार व संचालन बाबूराम पंवार ने किया।

# ठंड से जूझ रहे गरीबों को कम्बल वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भीषण ठंड के बीच कुष्ठ आश्रम में रह रहे निराश्रित एवं असहाय लोगों की सहायता के लिए समाजसेवी व पत्रकार संकल्प नैब द्वारा कंबल वितरित किये गये।

यह कार्यक्रम संस्था के संरक्षकों रामजी सुनेजा, करण बजाज, अंकित मक्कड़, अधिवक्ता दलजीत सिंह कोचर एवं गौरव यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कंबल वितरण अभियान के दौरान संस्था के सदस्य नवनीत शर्मा, रविश कुरैशी, सक्षम मनचंदा, राहुल वर्मा, लखन वर्मा एवं अतुल सूद ने कुष्ठ आश्रम में निवास कर रहे जरूरतमंदों को सम्मान एवं आत्मीयता के साथ कंबल वित. रित किए। संरक्षक अंकित मक्कड़ ने कहा कि ठंड के इस मौसम में कुष्ठ आश्रम में रहने वाले निराश्रित लोग विशेष रूप से पीड़ा का सामना करते हैं। संकल्प नैब का उद्देश्य केवल सहायता करना नहीं, बल्कि समाज में मानवता और संवे. दनशीलता को जीवित रखना है। संरक्षक करण बजाज ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। कुष्ठ रोग से पीड़ित लोग अक्सर समाज की मुख्यधारा से कटे रहते हैं। ऐसे में उन्हें स्नेह, सम्मान और सहयोग देना हम सभी का नैतिक दायित्व है। संकल्प नैब ने कहा कि भविष्य में भी संस्था द्वारा समाजसेवा, मानवता की सहायता एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## बीएलओ ने जमा किए 80 एसआईआर फार्म

**गंगोह।** विधानसभा के गंगोह नगर पालिका परिषद अर्न्तगत स्थित सभी बूथों पर राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देषानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों को पढकर सुनाया गया। बीएलओ ने 80 एसआईआर फार्म जमा किये।

नये मतदाताओं व नाम संशोधन के फार्म 6 व 8 भी उपलब्ध करवायें गये। इसके अलावा मौहल्ला छत्ता के वार्ड नम्बर 4 व वार्ड नम्बर 5 के नये वोट बनवाने के इच्छुक 125 युवाओं को नोटिस जारी किये गये, जिनके एसआईआर फार्मों में 2003 की मतदाता सूची में माता पिता के नाम दर्ज नही है। छोटा कालेज स्थित मौहल्ला छत्ता के बूथ नम्बर 191, 192, 193 व 194 पर बीएलओ जोगेन्द्र, मोनिका, अंजना व कविता आदि मौजूद रहे।

# पार्षदों ने औसाफ गुड्डू का पगड़ी पहना किया स्वागत

## पार्षद अहमद मलिक, टिंकू अरोडा, फजलुर्रहमान व नदीम अंसारी ने जताया हर्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम पार्षदों के एक प्रतिनिधि मंडल ने निर्यातक औसाफ गुड्डू को भारत सरकार की संस्था एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट की प्रबंधन समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाये जाने पर फूलमाला, पगडी पहनाई व शॉल ओढाकर मुबारकबाद दी।

पार्षद अहमद मलिक, पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा, पार्षद फजलुर्रहमान ने कहा हमे पूरा विश्वास है कि सहारनपुर के लकड़ी के कारीगरों की समस्याओं का समाधान तथा उनके उत्थान हेतु यह मनोनयन लाभकारी साबित होगा। पार्षद भूरा मलिक, पार्षद राजीव अन्नू, पार्षद नूर आलम, पार्षद अब्दुल



खालिक ने कहा कि यह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि औसाफ गुडडू ने जनपद का नाम पूरी दुनिया मैं रोशन किया है।

पार्षद नितिन जाटव, पार्षद नदीम अंसारी, पार्षद डॉ एहतशाम, पार्षद कलीम अहमद ने बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि औसाफ गुडडू की कड़ी मेहनत, दूरदर्शिता और व्यापारिक कुशलता का प्रमाण है। हमें पूरा विश्वास है कि वह इस नई जिम्मेदारी में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल अपने संगठन बल्कि अपने शहर और देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन करेंगे। उनके मनोनयन से लकडी निर्यातकों व इस कारोबार से जुडे लोगों में हर्ष का माहौल है।

# पीएम आवास योजना के 934 लाभार्थियों को पहली किश्त जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी -2.0 के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण योजना के लाभार्थियों को आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सहारनपुर के 934 लाभार्थियों सहित प्रदेश के दो लाख लाभार्थियों को सिंगल क्लिक द्वारा एक लाख रुपये की प्रथम किश्त सीधे उनके खातों में हस्तारित की गयी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद भी किया, जिसका सीधा प्रसारण यहां जनमंच सभागार में किया गया। सहारनपुर के जिन 934 लाभार्थियों के खाते में मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के साथ एक लाख रुपये की प्रथम किश्त हस्तांतरित हुई है उनमें देवबंद निकाय क्षेत्र के 341,



सहारनपुर निकाय क्षेत्र के 239, सरसावा निकाय क्षेत्र के 97, गंगोह निकाय क्षेत्र के 79, चिलकाना निकाय क्षेत्र के 64, अम्बहेटा निकाय क्षेत्र के 63, बेहट निकाय क्षेत्र के 23, छुटमलपुर निकाय क्षेत्र के 22 तथा तीतरो निकाय क्षेत्र के 06 लाभार्थी शामिल है। सेठ गंगा प्रसाद महेश्वरी सभागार (जनमंच) में नगर निगम एवं डूडा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतीकात्मक रुप से सहारनपुर के 27 लाभार्थियों को जिलाधिकारी मनीष बंसल, नगरायुक्त शिपू गिरि, देवबंद के चेयरमैन विपिन गर्ग, सरसावा चेयरमैन प्रतिनिधि प्रमोद पंवार व विभिन्न निकायों के पार्षदों ने आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र भी वित. रित किये। इससे पूर्व लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका अपना घर हो' के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि योजना के तहत अधिकतर घरों का पंजीकरण महिलाओं के नाम पर या संयुक्त नाम से किया गया है, जिससे उन्हें नई ताकत और सशक्तिकरण मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ये घर सिर्फ एक पक्की छत नहीं हैं, बल्कि इनमें शौचालय, बिजली, पानी आदि सभी बुनियादी सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

केंद्रीय शहरी आवास मंत्री मनो. हर लाल खट्टर ने भी वर्चुअल रुप से प्रदेश के लाभार्थियों को सम्बोधित किया। नगरायुक्त शिपू गिरि, अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, पीओ डूडा विकास कुमार पाण्डेय ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। नगरायुक्त शिपू गिरि ने सभी अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वीरेन्द्र आजम ने किया।

# हर मतदाता वोट बनवाएः नरेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** पूर्व विधायक नरेश सैनी ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत छुटमलपुर मंडल के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने शक्ति केंद्र हलवाना, रसूलपुर, कमालपुर, फतेहपुर भादो, शेरपुर आदि क्षेत्रों के बूथों पर पहुंचकर लोगों से प्फ फॉर्म भरने की अपील की।इस दौरान उन्होंने फॉर्म नंबर 6 नया नाम जुड़वाने फॉर्म नंबर 7 नाम हटवाने फॉर्म नंबर 8 सुधार भरवाए और वोटर लिस्ट की जांच कर सही-गलत नामों की पड़ताल की नरेश सैनी ने नए मतदाताओं को वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया।



गांव हलवाना में नरेश सैनी ने सावित्रीबाई फुले निशुल्क कोचिंग पाठशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि निशुल्क शिक्षा से क्षेत्र में शिक्षा का स्तर ऊंचा उठेगा और युवा आगे बढ़ेंगे।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित सेन, अभियान संयोजक मंजू शर्मा (एडवोकेट), पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुल्किराज सैनी, मंडल उपाध्यक्ष अंकुर सैनी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष धर्मदास, विशाल बंसल, बबीता काम्बोज, रेनू काम्बोज, बबीता धीमान, बूथ अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार, राजकुमार, मोनी काम्बोज, मास्टर ओम प्रकाश सैनी, मनोज शर्मा, संदीप कुमार, प्रवीण गुप्ता, पूर्व प्रधान नीटू चौधरी, नवीन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियां शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आगामी 24 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु आज बाजोरिया इंटर कॉलेज के क्रीड़ा स्थल पर भूमि पूजन (बल्ती /बल्ली पूजन), हवन एवं हवा पूजन का आयोजन श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ किया गया। हवन-पूजन में जयराम गौतम एवं संजीव कर्णनाल सहित अन्य यजमानों ने आहुतियां अर्पित कीं। कार्यक्रम का संचालन हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर महानगर प्रचारक कविन्द्र ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समस्त हिन्दू समाज से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का आह्वान किया। यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा बल्कि सामा. जिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और संगठनात्मक एकता का सशक्त माध्यम भी बना। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन देखने लायक रहा। कार्यक्रम में संरक्षक आदित्य, शैलेन्द्र सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर विधायक राजीव गुम्बर, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, पूर्व महापौर संजीव वालिया, डिप्टी मेयर मयंक गर्ग, लघु उद्योग भारती सम्यक अध्यक्ष अनुपम गुप्ता, लघु उद्योग जिलाध्यक्ष वरुण अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, संघचालक महानगर अशोक बंसल तथा विभाग कार्यवाह अरविन्द सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने विराट हिन्दू सम्मेलन को समाज में एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने वाला आयोजन बताया।

# 20 से शुरू होगी सामाजिक बाइक रैली: आनंद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय शोषित दल ने 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियां अभी से शुरू कर दी हैं। इसी के मद्देनजर समाज में आपसी भाईचारा मजबूत करने के लिए 20 जनवरी को रामपुर मनिहारान में निकाली जाने वाली बाइक रैली की तैयारियां जोरों पर हैं।

इसी के मद्देनजर राष्ट्रीय शोषित दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व रामपुर मनिहारान विधानस प्रत्याशी एडवोकेट एन. पी. आनंद ने मल्हीपुर रोड स्थित सोनिया विहार में संगठन के जिला मुख्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि समाज में राजनीति के क्रम को बदलकर सभी को साथ लेकर चलना और समाज में आपसी प्रेम करुणा व भाईचारे को बढ़ाकर जातिवाद से दूर हटकर सभी को एकजुट करना ही उनका उद्देश्य है। उन्होंने सभी से धर्मवाद की राजनीति से बचकर 20 जनवरी को मल्हीपुर से शुरू होकर रामपुर मनिहारान कस्बे से होते हुए 26 जनवरी तक निकाली जाने वाली बाइक रैली को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान अजीत सिंह दिनकर, डॉ. शुभम टपरिया, जिलेसिंह, विनीत चंद्रा, मिथुन कुमार, करण व कार्तिक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जयंती को लेकर धर्मगुरुओं के साथ बैठक संपन्न

**तीतरों।** रविदास जयंती के संबंध में धर्म गुरुओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

थाना परिसर में आयोजित बैठक में क्षेत्राधिकारी अशोक सिसौदिया ने कहा कि पुलिस हर नागरिक की सुरक्षा को लेकर अपना उत्तरदायित्व निभा रही है। माहौल खराब करने वालों पर पुलिस की पूरी नजर है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन ने संत शिरोमणि रविदास महाराज जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिये तैयारियां कर ली है और यदि किसी ने शांति भंग करने की कोशिश की तो उसे किसी भी सूरत में पुलिस नहीं बख्शेगी।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार व एलआईयू इंस्पेक्टर रामप्यारी, संजय कुमार, दीपक आदि उपस्थित रहे।

# आयोजन समिति अध्यक्ष बने शिवकुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आगामी 8 फरवरी नारायणपुरी (गिल कॉलोनी) में आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। इस अवसर पर शिवकुमार गौड़ को आयोजन समिति का अध्यक्ष बनाया गया।

महादेव भूतेश्वर मंदिर के अध्यक्ष मुकेश गोयल के निवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से आयोजन समिति का गठन कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए विश्व हिन्दू परिषद, मेरठ प्रांत के प्रांत सह प्रमुख (विशेष संपर्क विभाग) शिव कुमार गौड़ को आयोजन समिति का अध्यक्ष नियुक्त



किया गया। उनकी देखरेख में ही सम्मेलन की संपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। बैठक में विभाग संघ चालक राकेश वीर का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने सम्मेलन के उद्देश्य और उसकी सफलता के लिए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह सम्मेलन समाज में एकता और चेतना जागृत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। बैठक के दौरान मुख्य रूप से मुकेश गोयल, नवनियुक्त अध्यक्ष शिव कुमार गौड़, विभाग संघ चालक राकेश वीर सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा निकाली

**सहारनपुर।** श्री हनुमान मंदिर में आरंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर आज महिलाओं ने मंगल कलश यात्रा निकाली जिसका विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया।

घंटाघर स्थित श्री हनुमान मंदिर, श्री हनुमान मंदिर समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर महिलाओं ने आज मंगल कलश यात्रा निकाली। मंगल कलश यात्रा श्री हनुमान मंदिर से आरंभ होकर पठानपुरा स्थित श्री सीताराम मंदिर पहुंची इस दौरान मंगल कलश यात्रा का विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। कथा में सबसे आगे एक युवा धर्म ध्वज के चल रहा था उनके साथ एक रथ पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा विरा. जमान थी। श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर याज्ञाचार्य पं.ललित शर्मा ने सभी देवी देवताओं का पूजन कराया।

# तिब्बती मार्केट से अतिक्रमण हटाने की मियाद खत्म

## थलों पर नोटिस चस्पा कर रविवार की शाम तक अतिक्रमण हटाने का दिया गया था समय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम द्वारा तिब्बती मार्किट में आज शाम एक बार फिर थलेदारों से एनाउंस कर अपने अवैध कब्जे हटाने के लिए कहा गया।

नगर निगम द्वारा दो दिन पहले तिब्बती मार्किट में अवैध रुप से सड़क पर कब्जा कर अवैध थले लगाकर अतिक्रमण करने वालों के थलों पर नोटिस चस्पा किये गए थे और 18 जनवरी तक अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गयी थी। अतिक्रमण न हटाने की स्थिति में उसके बाद निगम द्वारा अपने संसाधनों से अतिक्रमण हटाने और उसका हर्जा-खर्चा वसूलने की बात भी नोटिस में कही गयी थी। लेकिन उसके बाद भी थलेदारों द्वारा आज रविवार की शाम तक अपना अतिक्रमण नहीं हटाया गया।नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर सहायक नगरायुक्त बिकास धर दुबे एवं अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने तिब्बती मार्किट पहुंचकर आज शाम



पुनः एनाउंस कर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी। चेतावनी देते हुए कहा गया कि तीन बार नगर निगम द्वारा नोटिस दिये जा चुके है और कई बार मुनादी करायी जा चुकी है लेकिन उन्होंने कब्जा नहीं हटाया है। आज शाम अंतिम बार चेतावनी दी जा रही है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# महाराष्ट्र में खींचतान

बीएमसी के मेयर को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में नया पेंच फंसता दिखाई दे रहा है। हालांकि जिस तरह के नतीजे वहां से आए, उससे यह लग रहा था कि मुंबई बीएमसी का मेयर भाजपा का होगा। उसका कारण भी था मुंबई के 227 वार्डों में से भाजपा ने 89 वार्ड जीते हैं। शिंदे गुट न 29 वार्ड जीते हैं। इस तरह बहुमत का आंकड़ा 114 पर हो जाता है। भाजपा का अगर मेयर बनना है तो उसे शिंदे गुट के 29 वार्ड सदस्यों की जरूरत पड़ेगी। चुनाव नतीजों के बाद शिंदे गुट ने जिस तरह के तेवर दिखाए हैं, उसने भाजपा को मुश्किल में डाल दिया है। शिंदे गुट का कहना है कि 2026 शिवसेना संस्थापक बाबा साहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है, इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। स्वाभाविक है, शिंदे का यह रुख भाजपा के लिए हैरत वाला है और दोनों गुटों में खींचतान भी शुरू हो गई है। वहीं दूसरी तरफ उद्धव गुट के संजय राउत ने भी यह कहकर विवाद को और हवा दे दी कि एकनाथ शिंदे खुद नहीं चाहते कि बीएमसी में भाजपा का मेयर बने। इसलिए वह पार्षदों को होटल में रखे हुए हैं। मुंबई में उद्धव ठाकरे की शिवसेना दूसरे नंबर पर आई है। बताया जा रहा है कि एकनाथ शिंदे ने अपने 29 नए पार्षदों को बांदरा के होटल ताज लैंड्स एंड में शिफ्ट कर दिया है। बाहर कड़ा पहरा है। यहां यह बताना जरूरी है कि उद्धव ठाकरे के मराठी कार्ड खेलने से शिंदे गुट के पार्षदों की संख्या कम रह गई है। जाहिर है शिंदे गुट उद्धव गुट के दबाव के चलते मेयर पद का दांव चलता दिखाई दे रहा है। जाहिर है अगर भाजपा यह मांग नहीं मानती तो सत्ता के समीकरण बदल सकते हैं। महाराष्ट्र की सियासत आगे चलकर क्या रुख लेती है यह तो आने वाले तीन दिन में पता चलेगा, क्योंकि शिंदे गुट के सभी पार्षदों को बुधवार दोपहर 3 बजे तक होटल में रहने का निर्देश दिया गया है। शिंदे वह व्यक्ति हैं, जो उद्धव ठाकरे की शिवसेना से अलग हो गए थे और उन्होंने अपनी अलग शिवसेना बना ली थी। वह 2022 में अपनी ही पार्टी में बगावत करके महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन गए थे। सियासत में ऐसा यूं ही नहीं कहा जाता कि इस खेल में कब क्या हो जाए, कोई नहीं जान सकता और इस खेल में चीजें बहुत नाटकीय तेजी के साथ बदलती रहती हैं। ऐसा इस समय भी देखने में आ रहा है। बड़ी पार्टी के रूप में जिस तरह भाजपा ने मुंबई बीएमसी के चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया और 227 में से 89 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई, उससे लग रहा था कि वह आराम से अपना मेयर बना लेगी, लेकिन शिंदे गुट ने यह कहकर बड़ा दांव चल दिया कि 2026 शिवसेना संस्थापक ठाकरे जी का जन्म शताब्दी वर्ष है, इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। बात साफ है शिंदे गुट अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं और कहीं न कहीं उसे लगता है कि भाजपा उसके अस्तित्व के लिए संकट पैदा कर रही है।

## जेल में फर्श पर कंबल में सोते हैं वांगचुक



लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को जेल में फर्श पर कंबल में सोना पड़ा रहा है, उनके पास कोई फर्नीचर नहीं है, उनके बैरक में इतनी भी जगह नहीं है कि वे ठीक से टहल सकें, सॉलिसिटर जनरल तारीख पर तारीख मांग रहे हैं, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि केस में कोई दम नहीं है, इस मुद्दे पर आवाज को और एकजुट और मजबूत होना चाहिए, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिए गए व्यक्ति को 5 से 10 दिनों के भीतर सभी दस्तावेज दिए जाने चाहिएं, लेकिन वांगचुक को जरूरी वीडियो 28वें दिन दिए गए, यह एनएसए की धारा 8 का उल्लंघन है और इसी आधार पर हिरासत आदेश रद्द होना चाहिए, जरूरी दस्तावेज देर से मिलने के कारण वांगचुक सलाहकार बोर्ड के सामने प्रभावी तरीके से अपनी बात नहीं रख पाए। **–गीतांजलि आंगमो, पत्नी, सोनम वांगचुक**

# कलयुग के ये सबल हथियार, झूठ अफवाह और दुष्प्रचार



**तनवीर जाफरी**



ईरान में 2022 में हुए महसा अमीनी आंदोलन से लेकर हाल के आर्थिक विरोध प्रदर्शनों तक को लेकर पश्चिमी मीडिया में बढ़ा-चढ़ाकर प्रचा. रित करने के काफी सबूत और आरोप मिलते हैं, और इसमें अमेरिका व इजराइल की भूमिका प्रमुखता से दिखाई देती है। उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों के ईरान के प्रदर्शन महंगाई और मुद्रा संकट को लेकर यानी आर्थिक कारणों से शुरू हुए थे।

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी का राजधानी कोराकस से गत 3 जनवरी को अपहरण कर ड्रग्स तस्करी को बढ़ावा देने के नाम पर जिसत. रह उन्हें न्यूयॉर्क ले जाया गया और उसके फौरन बाद जिसतरह ईरान पर अमेरिकी हमले की भूमिका तैयार करने के लिए ईरान में पिछले दिनों चले कथित सत्ता विरोधी प्रदर्शनों को प्रचारित व प्रसारित किया गया इन घटनाओं इनसे जुड़ी जमीनी सच्चाई ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि क्या अब यह दुनिया पूरी तरह से झूठ,अफवाह व दुष्प्रचार की गिरफ्त में आ चुकी है? क्या आज की दुनिया में झूठ, दुष्प्रचार और अफवाहें बहुत बड़ी ताकत बन चुकी हैं। इतनी बड़ी ताकत कि इनके बल पर कहीं चुनाव परिणाम भी उलट सकते हैं? अपने देश के विपक्ष या किसी देश की सत्ता को बदनाम किया जा सकता है? कहीं गृह युद्ध की आग भड़काई जा सकती है? इसी के बल पर किसी देश को परमाणु हथियार रखने वाला तो किसी को केमिकल हथियार रखने वाला देश बताकर उस देश को ही तहस नहस किया जा सकता है? किसी स्वाभिमानी देश या शासक को नीचा दिखाने के लिए उसे तानाशाह या जनविरोधी कुछ भी बताकर वहां खूनी इबारत लिखी जा सकती है ?

निश्चित रूप से झूठ, अफवाह और दुष्प्रचार सत्ता व राजनीति का हमेशा से ही प्रबल हथियार रहा है। खुद जर्मन तानाशाह हिटलर इसे एक प्रभावी हथियार मानता था। हिटलर का मानना था कि हमेशा एक ही बात को दोहराओ, चाहे वो कितनी भी सरल क्यों न हो। वह कहता था कि प्रोपेगैंडा में सच्चाई को थोड़ा-सा मिलाकर झूठ को और प्रभावी बनाया जा सकता है और उसी का मत यह भी था कि झूठ इतना बड़ा होना चाहिए कि कोई सोचे भी नहीं कि कोई इतना बड़ा झूठ बोल सकता है। खुद हिटलर ने इसी नीति का इस्तेमाल यहूदियों के विरुद्ध कर दुनिया का सबसे बड़ा नरसंहार अंजाम दे डाला। इसी तरह 2002-2003 का वह दौर याद कीजिए जब अमेरिका ने तत्कालीन इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन पर रासायनिक हथियार और अन्य सामूहिक विनाश के हथियार रखने का गंभीर आरोप लगाया था। इस आरोप को अमेरिका ने इतना प्रचारित किया था कि इसी आधार पर मार्च 2003 में अमेरिका ने इराक पर हमला तक कर दिया। सद्दाम को अपदस्थ कर उसे सामूहिक हत्या के दूसरे मामले में फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया। बाद में रिपोर्ट आई कि इराक के पास कोई सक्रिय या बड़े पैमाने पर रासायनिक हथियारों का भंडार नहीं मिला। कोई रासायनिक हथियार उत्पादन, कोई टग गैस का बड़ा भंडार, कोई मोबाइल बायोलॉजिकल लैब आदि कुछ भी नहीं मिला। यहां तक कि अमेरिका ने बाद में खुद यह स्वीकार भी किया कि उसकी खुफिया जानकारी गलत थी। इराक पर हमले का आदेश देने वाले तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने भी उस समय यही कहा था कि श्वे भी निराश हैंश। कई अमेरिकी अधिकारी और पूर्व खुफिया प्रमुखों ने इसे खुफिया विफलता यानी intelligence failure भी कहा परन्तु तब तक तो झूठ अफवाह और दुष्प्रचार का निशाना सद्दाम हुसैन बन चुके थे। उसके बाद इसी बहाने इराक से तेल दोहन से लेकर इराक को अस्थिर व तबाह करने तथा वहां अमेरिकी सैन्य बेस बनाने तक के कई खेल खेले गए।

अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलास मदुरो पर भी मुख्य रूप से नारको-टेररिज्म, कोकीन आयात की साजिश , मशीन गन और विनाशकारी उपकरणों का कब्जा और उपयोग तथा मनी लॉन्ड्रिंग और हथियारों की साजिश जैसे आरोप लगाए हैं परन्तु उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी के फौरन बाद ट्रंप ने कहा कि अमे. रिका वेनेजुएला को संचालित करेगा, खासकर इसके तेल भंडार और तेल उद्योग को। जब तक कि वहां सुरक्षित और उचित व्यवस्था नहीं हो जाती। ट्रंप ने यह भी कहा कि बड़ी अमेरिकी तेल कंपनियां अरबों डॉलर निवेश करेंगी, देश के खराब हो चुके तेल इंफ्रास्ट्रक्चर को ठीक करेंगी, और उत्पादन बढ़ाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि वेनेजुएला के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार (लगभग 303 अरब बैरल) हैं और अमेरिका अब इनका नियंत्रण लेगा, तेल बेचेगा और इससे होने वाली कमाई अमेरिका व वेनेजुएला के लोगों के फायदे में इस्तेमाल होगी। गोया क्या सद्दाम की ही तरह निकोलास मदुरो पर लगाया गया आरोप भी झूठ अफवाह और दुष्प्रचार पर आधारित था। असल मकसद वेनेजुएला के तेल भंडार पर नियंत्रण ही था?

इसी तरह पिछले दिनों ईरान में हुए विरोध प्रदर्शनों को भी पश्चिम मीडिया खासकर इस्राईल व अमेरिका द्वारा बढ़ा चढ़ाकर प्रचारित किया जाने लगा। ईरान में 2022 में हुए महसा अमीनी आंदोलन से लेकर हाल के आर्थिक विरोध प्रदर्शनों तक को लेकर पश्चिमी मीडिया में बढ़ा-चढ़ाकर प्रचारित करने के काफी सबूत और आरोप मिलते हैं, और इसमें अमेरिका व इजराइल की भूमिका प्रमुखता से दिखाई देती है। उदाहरण के तौर पर पिछले दिनों के ईरान के प्रदर्शन महंगाई और मुद्रा संकट को लेकर यानी आर्थिक कारणों से शुरू हुए थे उन्हीं प्रदर्शनों में सत्ता बदलने की मांग होने लगी। आरोप है कि अमेरिका-इजराइल फंडिंग पर चलने वाले कई पश्चिमी मीडिया ने इन प्रदर्शनों में हुई मौतों की संख्या को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बताया। यहां तक कि 2,000 से लेकर 20,000 प्रदर्शनकारियों तक की मौत होने के झूठे आंकड़े दे दिए गए । अल जजीरा की एक रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि इजराइल से जुड़े नेटवर्क ने हैशटैग और नैरेटिव को कृत्रिम बढ़ावा दिया, ताकि ऐसा लगे कि विरोध बहुत बड़ा है और जनता में व्यापक सहमति है। यह astroturfing कहा जाता है। इजराइली चैनल 12 के विश्लेषक एहुद यारी ने खुद माना कि इजराइली मीडिया ने ईरान के वर्तमान शासन के पतन की अफवाहें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर फैलाईं और बाद में मुआफी मांगी कि प्रदर्शन कम हो गए हैं और सरकार के नियंत्रण में हैं। रूस और चीन की मीडिया ने भी इसे ईरान विरोधी प्रोपेगंडा व पश्चिमी दुष्प्रचार बताया, जबकि ठीक इसके विपरीत पूरे ईरान में लाखों लोग वर्तमान ईरानी सत्ता खासकर सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामनेई के समर्थन में व अमेरिका इस्राईल के विरोध में सड़कों पर उतरे। उसे इसी पश्चिमी मीडिया द्वारा नजरअंदाज किया गया। लिहाजा कहना गलत नहीं होगा कि झूठ अफवाह और दुष्प्रचार आज पहले से कहीं ज्यादा शक्तिशाली और खतरनाक हथियार बन चुका है। और दुर्भाग्य से सच और झूठ की इस लड़ाई में निःसंदेह झूठ, अफवाह और दुष्प्रचार काफी तेज और बहुत आगे चल रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ग्लोबल वार्मिंग से लड़ने के लिए नई तैयारियां

**यह विचार मैरीलैंड विश्वविद्यालय के जलवायु वैज्ञानिक निंग जेंग का है, जिनके अनुसार मिट्टी की परतों के नीचे दबा हुआ यह प्राचीन लट्ठा दर्शाता है कि कैसे लकड़ी को कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में रखा जाए तो उसका कार्बन अक्षुण्ण रहता है। जमीन के ऊपर पड़ी लकड़ियां तो जल्दी से सड़ जाती है, और कार्बन डाईऑक्साइड मुक्त होती है। लेकिन जब उसी लकड़ी को मिट्टी या कीचड़ के नीचे दफनाया जाता है, जहां ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होती, तो वह बहुत धीरे-धीरे विघटित होती है और कार्बन सदियों तक कैद रहता है।**



वैसे तो इस बात पर आम सहमति है कि ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन कम करना सर्वोत्तम तरीका है लेकिन कई लोग मानते हैं कि सिर्फ उत्सर्जन कम करने से बात नहीं बनेगी। कार्बन डाईऑक्साइड को वायुमंडल में से हटाकर भंडारित करना भी जरूरी होगा। इसी सिलसिले में कनाडा में 3775 साल पुराने संरक्षित लाल देवदार के लट्ठे की खोज ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के एक नए तरीके में रुचि उत्पन्न की है। लकड़ी की तिजोरियां (वुड वॉल्ट)। इस तकनीक में लकड़ी को इस तरह दफनाया जाता है कि वह सड़कर वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड न छोड़े। गौरतलब है कि कार्बन डाईऑक्साइड ग्लोबल वार्मिंग में एक प्रमुख योगदानकर्ता है। यह विचार मैरीलैंड विश्वविद्यालय के जलवायु वैज्ञानिक निंग जेंग का है, जिनके अनुसार मिट्टी की परतों के नीचे दबा हुआ यह प्राचीन लठा दर्शाता है कि कैसे लकड़ी को कम ऑक्सीजन वाले वातावरण में रखा जाए तो उसका कार्बन अक्षुण्ण रहता है। जमीन के ऊपर पड़ी लकड़ियां तो जल्दी से सड़ जाती है, और कार्बन डाईऑक्साइड मुक्त होती है। लेकिन जब उसी लकड़ी को मिट्टी या कीचड़ के नीचे दफनाया जाता है, जहां ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होती, तो वह बहुत धीरे-धीरे विघटित होती है और कार्बन सदियों तक कैद रहता है। जेंग और उनके सहयोगियों का अनुमान है कि दुनिया भर में एक-दो बार इस्तेमाल की जा चुकी लकड़ी के 4.5 प्रतिशत बायोमास को इस तरह दफनाने से वायुमंडल से सालाना 10 गीगाटन तक कार्बन डाईऑक्साइड को हटाया जा सकता है।

अलबत्ता, इस उपाय की प्रभाविता पर कुछ विशेषज्ञों को चिंता है। इस रणनीति की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि दबी हुई लकड़ी में कार्बन सदियों तक कैद रहता है या नहीं। अब तक, समुद्री मिट्टी के नीचे क्यूबेक लॉग का संरक्षण वैज्ञानिकों को उम्मीद देता है कि इसी तरह के परिणाम बड़े पैमाने पर प्राप्त किए जा सकते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या अन्य किस्म की मिट्टियां भी ऐसी सुरक्षात्मक परिस्थितियां प्रदान कर सकती हैं। एक चिंता यह है कि कहीं यह तकनीक जंगलों को काटने की प्रेरणा न बन जाए, क्योंकि वह जैव विविधता के लिए खतरे की घंटी होगी। एक और चुनौती पेड़ों को दफनाने की व्यावहारिकता और अर्थशास्त्र है। लकड़ी का उपयोग निर्माण कार्य, कागज और फर्नीचर बनाने में किया जाता है और इसे दफनाने से वनों की कटाई और जैव विविधता के नुकसान सम्बंधित चिंताएं बढ़ सकती हैं। हालांकि, जेंग का सुझाव है कि इन जोखिमों से बचने के लिए केवल बेकार लकड़ी को दफनाया जा सकता है। जेंग के अनुसार बेकार लकड़ी के ढेर आग का खतरा भी बन सकते हैं, इसलिए उन्हें दफनाने से कई लाभ मिलेंगे। अभी के लिए, काष्ठ तिजोरियां जलवायु परिवर्तन के खिलाफ व्यापक लड़ाई में एक आशाजनक रणनीति दिख रही है। यद्यपि पर्यावरण सम्बंधी चिताओं के मद्देनजर इस पर और शोध की आवश्यकता है। **–स्रोत फीचर्स**

# योग और स्वस्थ जीवनशैली के लाभ



**विनीत नारायण**

भारत की प्राचीन सभ्यता में योग को जीवन का आधार माना गया है। आज की तेज-रफ्तार और तनावपूर्ण दुनिया में, जहां जीवनशैली संबंधी बीमारियां जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और मानसिक विकार तेजी से बढ़ रहे हैं, योग एक प्राचीन लेकिन अत्यंत प्रासंगिक समाधान के रूप में उभर रहा है। भारत की यह अमूल्य धरोहर न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाती है, बल्कि मन की शांति और आध्यात्मिक संतुलन भी प्रदान करती है। बीते वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' ने इसे और अधिक प्रासंगिक बना दिया है, क्योंकि योग व्यक्तिगत स्वास्थ्य से लेकर पर्यावरणीय संतुलन तक सब कुछ जोड़ता है। आज का विषय योग को दैनिक जीवन में अपनाने के व्यावहारिक लाभों पर केंद्रित है, ताकि हम एक स्वस्थ, सकारात्मक और संतुलित जीवन जी सकें।

योग का अर्थ है 'जोड़ना' या 'मिलन'। यह शरीर, मन और आत्मा का मिलन है। महर्षि पतंजलि के योग सूत्रों में योग को 'चित्त वृत्ति निरोध:' कहा गया है, अर्थात मन की वृत्तियों का निरोध, लेकिन योग सिर्फ ध्यान या समाधि तक सीमित नहींय यह हठ योग, राज योग, भक्ति योग और कर्म योग जैसे विभिन्न रूपों में जीवन को संतुलित करता है। आज के संदर्भ में, हठ योग के आसन और प्राणायाम सबसे अधिक प्रचलित हैं, क्योंकि यह व्यावहारिक और तुरंत लाभ देने वाले हैं। शारीरिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में योग के लाभ अनेक हैं। नियमित योगाभ्यास से शरीर लचीला, मजबूत और संतुलित होता है। सूर्य नमस्कार जैसे गतिशील आसन पूरे शरीर की मांसपेशियों को सक्रिय करते हैं, रक्त संचार बढ़ाते हैं और चयापचय ‹मेटाबॉलिज्म› को तेज करते हैं। इससे वजन नियंत्रण में मदद मिलती है। कई अध्ययनों से सिद्ध हुआ है कि योग से मोटापा कम होता है, खासकर पेट की चर्बी। धनुरासन, भुजंगासन और नौकासन जैसे आसन पाचन तंत्र को मजबूत बनाते हैं, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत देते हैं। महिलाओं के लिए योग मासिक धर्म चक्र को नियमित करता है, प्रसव के बाद रिकवरी में सहायक होता है और हड्डियों की मजबूती बढ़ाता है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस जैसी वृद्धावस्था की बीमारियों से बचाव होता है। हृदय स्वास्थ्य के लिए योग एक वरदान है। अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम रक्तचाप को नियंत्रित करते हैं, कोलेस्ट्रॉल स्तर कम करते हैं और हृदय की धड़कन को संतुलित रखते हैं। भारत में हृदय रोग मौत का प्रमुख कारण है, और योग जैसे प्राकृतिक तरीके से इसे रोका जा सकता है। योग इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है। नियमित अभ्यास से शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कोविड महामारी के बाद यह और भी महत्वपूर्ण हो गया है। मानसिक स्वास्थ्य योग का सबसे बड़ा योगदान है। आज की युवा पीढ़ी चिंता, अवसाद और तनाव से ग्रस्त है। योग में ध्यान और प्राणायाम मन को शांत करते हैं। विपश्यना या उपदकनिसदमे ध्यान से स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल कम होता है, नींद बेहतर आती है और एकाग्रता बढ़ती है। छात्रों के लिए यह परीक्षा तनाव कम करने का बेहतरीन माध्यम है। कार्यरत लोगों के लिए योग वर्क-लाइफ बैलेंस बनाए रखता है, निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाता है और भावनात्मक स्थिरता प्रदान करता है। योग से आत्मविश्वास बढ़ता है, जो व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में सफलता की कुंजी है। योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बनाना चाहिए। योग सिर्फ आसन नहीं, बल्कि आहार, नींद और दैनिक दिनचर्या का हिस्सा है। आयुर्वेद के अनुसार, सात्विक भोजन . फल, सब्जियां, दालें, अनाज और दूध-योग के लाभों को बढ़ाता है। जंक फूड, ज्यादा तेल-मसाले और रात में भारी भोजन से दूर रहना चाहिए। सुबह जल्दी उठना, सूर्योदय के साथ योग करना और रात को 7-8 घंटे की नींद लेना आदर्श है। डिजिटल डिटॉक्स भी योग का हिस्सा बन सकता है, स्क्रीन टाइम कम करके ध्यान बढ़ाना।

योग नियमित अभ्यास से लचीलापन बढ़ाता है, मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और संतुलन सुधारता है, जिससे गिरने का खतरा कम होता है। वैज्ञानिक अध्ययनों से सिद्ध है कि यह तनाव कम करता है, कोर्टिसोल स्तर घटाता है और चिंता को 40: तक कम कर सकता है। हृदय स्वास्थ्य में सुधार, बेहतर नींद, आत्मसम्मान में वृद्धि और समग्र जीवन गुणवत्ता में वृद्धि जैसे लाभ भी प्रमाणित हैं। योग कैंसर रोगियों में थकान कम करता है और मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है, जिससे दैनिक जीवन अधिक संतु. लित और ऊर्जावान बनता है। सामाजिक स्तर पर योग समुदाय को जोड़ता है। गांवों में योग शिविर, शहरों में पार्कों में सामूहिक सत्र और स्कूलों में योग शिक्षा से लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं। महिलाओं के लिए यह सशक्तिकरण का साधन है . घरेलू कामों के साथ स्वास्थ्य बनाए रखना। बुजुर्गों के लिए योग गतिशीलता बनाए रखता है और अकेलेपन को कम करता है। पर्यावरणीय दृष्टि से, योग हमें प्रकृति से जोड़ता है। योग हमें सिखाता है कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पृथ्वी का स्वास्थ्य जुड़े हुए हैं। कम खपत, अधिक जागरूकता और संतुलित जीवन से हम पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं। आर्थिक रूप से भी योग फायदेमंद है। अस्पतालों के खर्च कम होते हैं, दवाओं पर निर्भरता घटती है। एक स्वस्थ व्यक्ति अधिक उत्पादक होता है, जिससे परिवार और राष्ट्र की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है। भारत में योग पर्यटन बढ़ रहा है . ऋषिकेश, हरिद्वार जैसे स्थान विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, जिससे रोजगार भी बढ़ता है। योग अपनाना आसान है। शुरुआत में 15-20 मिनट रोज काफी हैं। घर पर ऑनलाइन वीडियो या ऐप्स से सीख सकते हैं। वहीं सरकारी योजनाएं जैसे आयुष मंत्रालय के योग कार्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शिविर मुफ्त प्रशिक्षण देते हैं। लेकिन महत्वपूर्ण है निरंतरता। योग कोई जादू नहीं, बल्कि अभ्यास है। योग को धीरे-धीरे बढ़ाएं, शरीर की सुनें और धैर्य रखें। याद रहे कि योग हमें सिखाता है कि सच्चा स्वास्थ्य बाहर नहीं, भीतर है। जब हम योग अपनाते हैं, तो न केवल हम स्वस्थ होते हैं, बल्कि समाज और पर्यावरण भी लाभान्वित होता है। इसलिए कोशिश करें कि हम योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)





राजकोट। ठंडी और धुंध भरी सुबह में अलावा के पास बैठकर खुद को गर्म करते लोग।

## कनाडा में परिवहन विभाग ने फोर्ड की 300000 गाड़ियों को वापस मंगाया

**ओटावा।** कनाडा में परिवहन विभाग ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने के खतरे के कारण फोर्ड की 300000 से ज्यादा गाड़ियों को वापस मंगाने की घोषणा की है। सीटीवी न्यूज ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि कनाडा के परिवहन विभाग ने कहा कि अलग-अलग फोर्ड मॉडल की कुछ गाड़ियों में इंजन ब्लॉक हीटर से कूलेंट लीक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ऐसा होता है, तो प्लग लगाने पर ब्लॉक हीटर में शॉर्ट सर्किट हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फोर्ड मालिकों को मेल से सलाह दी गई है कि वे प्रभावित गाड़ियों को डीलरशिप पर ले जाएं ताकि ब्लॉक हीटर को बदला जा सके।

# ट्रम्प के बयानों के बाद ग्रीनलैंड, डेनमार्क में हुए विरोध प्रदर्शन

### प्रदर्शन में डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों देशों के नागरिक शामिल हुए, जो अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे हुए थे

**कोपेनहेगन।** ग्रीनलैंड पर नियंत्रण करने के अमेरिकी प्रयासों और बयानों के विरोध में डेनमार्क और ग्रीनलैंड के कई शहरों में विशाल विरोध प्रदर्शन देखने को मिले हैं। डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के 'सिटी हॉल स्क्वायर' पर शनिवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12 बजे (भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:30 बजे) भारी भीड़ जमा हुई, जिसने अमेरिकी दूतावास तक मार्च निकाला।

इस प्रदर्शन में डेनमार्क और ग्रीनलैंड दोनों देशों के नागरिक शामिल हुए, जो अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे हुए थे। इस बीच ग्रीनलैंड की राजधानी नूक में भी दोपहर से ही लोग जुटना शुरू हो गए और 'ग्रीनलैंडवासियों का है ग्रीनलैंड' के नारे लगाए। इस प्रदर्शन में ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फेडरिक निल्सन भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पारंपरिक इनुइट गीत गाए और कई लोग 'मेक अमेरिका गो अवे' (अमेरिका को वापस भेजो) लिखी हुई टोपियां पहने नजर आए। प्रदर्शनों के बीच




■ ट्रम्प की आयात शुल्क लगाने की धमकियों पर नॉर्डिक देशों और यूरोपीय संघ ने तीखी प्रतिक्रिया दी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि अमेरिका एक फरवरी से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड से आने वाले सभी सामानों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाएगा। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि यदि ग्रीनलैंड की खरीद को लेकर कोई समझौता नहीं होता है, तो एक जून से इस शुल्क को बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ग्रीनलैंड, डेनमार्क साम्राज्य के भीतर एक स्वशासी क्षेत्र है, जिसकी रक्षा और विदेश नीति डेनमार्क सरकार के नियंत्रण में है। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में भी इस द्वीप को 'खरीदने' की इच्छा जताई थी, लेकिन अब वे इसे हासिल करने के लिए 'अमेरिकी सेना के उपयोग' सहित कई विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इससे पहले बुधवार को वाशिंगटन में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ डेनमार्क और ग्रीनलैंड के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी, जिसमें ग्रीनलैंड के भविष्य को लेकर 'मौलिक असहमति' बनी रही। इस बीच, ट्रम्प की आयात शुल्क लगाने की धमकियों पर नॉर्डिक देशों और यूरोपीय संघ ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। डेनमार्क सहित कई यूरोपीय देशों ने इसे 'ब्लैकमेल' और 'अस्वीकार्य' करार देते हुए एकजुट होकर जवाब देने की चेतावनी दी है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने इस धमकी पर हैरानी जताते हुए कहा कि वे यूरोपीय आयोग के संपर्क में हैं। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने स्पष्ट किया कि सहयोगियों के बीच विवादों का समाधान दबाव के बजाय बातचीत से होना चाहिए। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन ने इसे सीधे तौर पर 'ब्लैकमेल' बताते हुए कहा कि स्वीडन ऐसी धमकियों के आगे नहीं झुकेगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी ट्रम्प के कदम की आलोचना की है। मैक्रों ने कहा कि यूरोपीय देश इस पर समन्वित प्रतिक्रिया देंगे, जबकि स्टार्मर ने ग्रीनलैंड के भविष्य का फैसला डेनमार्क और वहां के लोगों द्वारा किए जाने की वकालत की। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने चेतावनी दी कि ऐसे कदम से 'ट्रांस-अटलांटिक' संबंधों में गिरावट आएगी।

# ट्रम्प ने 8 यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया

### ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध कर रहे थे यूरोपीय देश, कहाः नहीं माने, तो जून से 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोप के 8 देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की धमकी का विरोध कर रहे थे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डेनमार्क, नार्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड टैरिफ के दायरे में आएंगे। इन पर 1 फरवरी से टैरिफ लागू होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं होता है, तो 1 जून से यह टैरिफ बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इससे पहले ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान इन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने पोस्ट में 'ग्रीनलैंड की पूर्ण और पूरी खरीद' के लिए डील की बात कही है और साफ किया है कि तय समय तक समझौता नहीं होने पर टैरिफ बढ़ाया जाएगा।

ट्रम्प ने लिखाः हमने कई वर्षों तक डेनमार्क, यूरोपीय यूनियन के सभी देशों और कुछ और देशों को सब्सिडी दी है। हमने उनसे टैरिफ या किसी भी तरह का कोई टैक्स नहीं लिया। अब सदियों बाद समय आ गया है कि डेनमार्क बदले में कुछ लौटाए क्योंकि अब विश्व शांति दांव पर है। ट्रम्प ने कहा कि चीन और रूस ग्रीनलैंड को हासिल करना चाहते हैं और डेनमार्क इसे चाहे भी तो नहीं रोक सकता।



■ डेनमार्क, नार्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी यूनाइटेड किंगडम नीदरलैंड और फिनलैंड टैरिफ के दायरे में आएंगे
■ चीन और रूस ग्रीनलैंड को हासिल करना चाहते हैं: ट्रम्प

फिलहाल वहां सुरक्षा के नाम पर सिर्फ दो डाग स्लेज (कुत्तों के खींचने वाली गाड़ी) हैं। इस खेल में सिर्फ अमेरिका ही कामयाब तरीके से दखल दे सकता है। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिका पिछले 150 सालों से ग्रीनलैंड खरीदने की कोशिश कर रहा है और कई राष्ट्रपतियों ने इसके प्रयास किए, लेकिन डेनमार्क ने हर बार इनकार किया। फिलहाल इस टैरिफ पर यूरोपीय देशों की ओर से अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। इससे पहले ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए भी अहम बताया। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल डिफेंस प्रोजेक्ट है। यह इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है। गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है। ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका ग्रीनलैंड को लेकर नाटो से भी बातचीत कर रहा है। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि नाटो को अमेरिका का साथ देना चाहिए। अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कंट्रोल नहीं किया, तो रूस या चीन वहां अपना असर बढ़ा सकते हैं, जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। दूसरी ओर कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शुक्रवार को कहा कि ग्रीनलैंड के मालिकाना हक का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नहीं है। नाटो देश होने के नाते ग्रीनलैंड के तरफ हमारी जिम्मेदारी बरकरार है। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों का फैसला है। कार्नी ने नाटो सहयोगियों, खासकर अमेरिका से कहा कि वे अपने वादों का सम्मान करें। ट्रम्प के बयान के वक्त अमेरिकी संसद का एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ग्रीनलैंड के दौरे पर था। इस 11 सदस्यीय टीम का नेतृत्व डेमोक्रेट सीनेटर क्रिस कून्स कर रहे हैं। इसमें रिपब्लिकन सीनेटर थाम टिलिस और लिसा मर्कोव्स्की भी शामिल हैं।

## ईयू ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर लगाई रोक

**ब्रुसेल्स।** ग्रीनलैंड मामले में अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईयू ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत रोक दी है। ईयू ने यह कदम डेनमार्क और संघ के कई देशों पर अमेरिका द्वारा आयात शुल्क लगाने की चेतावनी के बाद उठाया है। ईयू के नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा है कि ये आयात शुल्क संघ और अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। साथ ही, उन्होंने डेनमार्क और ग्रीनलैंड के प्रति अपना पूर्ण समर्थन दोहराते हुए इस बात पर जोर दिया कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता ऐसे सिद्धांत हैं जिन पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि जुलाई 2025 में प्रस्तावित समझौते को आयात शुल्क कम करने और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए तैयार किया गया था। हालांकि ग्रीनलैंड पर ट्रम्प के रुख और और आयात शुल्क लगाने की उनकी चेतावनी के बाद संघ ने इस प्रस्तावित समझौते के अनुमोदन को रोकने का आह्वान किया है। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में धमकी दी है कि यदि ग्रीनलैंड को 'पूरी तरह' से अमेरिका को नहीं बेच दिया जाता, तो एक फरवरी 2026 से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो 1 जून से बढ़कर 25 प्रतिशत हो जाएगा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड के 'रणनीतिक स्थान और खनिज संसाधनों को अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण' बताते हुए चेतावनी दी कि एक फरवरी 2026 से उपर्युक्त सभी देशों द्वारा अमेरिका को भेजे जाने वाले सभी सामानों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीनलैंड के सांसदों के अलावा डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन से मुलाकात की। टीम का मकसद स्थानीय लोगों की बात सुनना और वाशिंगटन में तनाव कम करना है। सीनेटर कून्स ने कहा कि हम ग्रीनलैंड के लोगों की सुन रहे हैं और उनकी राय लेकर वापस जाएंगे, ताकि स्थिति शांत हो। ग्रीनलैंड की सांसद आजा चेमनित्ज ने कहा कि हमें दोस्तों और सहयोगियों की जरूरत है। अमेरिका 2019 से दबाव बना रहा है। यह एक लंबी दौड़ है, जो अभी खत्म नहीं हुई। जितना ज्यादा समर्थन मिले, उतना अच्छा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

## उत्तरी सीरिया में अंतरिम सरकार एसडीएफ के बीच फिर शुरू हई झड़प

**दमिश्क।** सीरिया के उत्तर-पश्चिम में मौजूद अलेप्पो और रक्का में सीरिया के अंतरिम प्रशासन और कुर्द नेतृत्व वाले सीरियाई लोकतांत्रिक बलो (एसडीएफ) के बीच सैन्य तनाव अचानक बढ़ गया है। एक दिन पहले घोषित वापसी समझौते के बावजूद दोनों पक्षों के बीच भीषण झड़पें शुरू हो गई हैं। दिन की शुरुआत पूर्वी अलेप्पो के ग्रामीण इलाकों में फिर से शुरू हुई लड़ाई के साथ हुई। एसडीएफ ने सीरियाई सेना पर आरोप लगाया कि वह 48 घंटे की वापसी अवधि समाप्त होने से पहले ही देर हाफ़र और मस्कानह शहरों में दाखिल हो गई।

दूसरी ओर, सीरियाई सेना ने कहा कि उसने समझौते के उल्लंघन और अपने दो सैनिकों की हत्या के बाद क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए तैनाती की है। जैसे-जैसे टकराव बढ़ा, सीरियाई सुरक्षा बलों ने पूर्वी अलेप्पो से आगे रक्का प्रांत की ओर बढ़ने की घोषणा की और फुरात नदी के पश्चिम के सभी क्षेत्रों को बंद सैन्य क्षेत्र घोषित कर दिया। सरकारी मीडिया के अनुसार, सेना ने तबका के पास सफ़यान और अल-सौरा तेल क्षेत्रों सहित कई महत्वपूर्ण स्थानों और

■ समझौता केवल देर हाफ़र और मस्कानह के लिए था

कस्बों पर कब्जा कर लिया है और सैन्य हवाई अड्डे की घेराबंदी शुरू कर दी है। एसडीएफ ने इन दावों को खारिज कर दिया कि रक्का प्रांत वापसी समझौते के दायरे में था। उनका कहना है कि समझौता केवल देर हाफ़र और मस्कानह के लिए था। एसडीएफ ने रक्का में पूर्ण कर्फ्यू लागू कर दिया है और चेतावनी दी है कि इस तनाव से इस्लामिक स्टेट के कैदियों वाली जेलों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। तनाव शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही एसडीएफ कमांडर मजलूम आब्दी ने कहा था कि अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों की अपील पर उनकी सेनाएं शनिवार सुबह से फुरात के पूर्व से हटने लगेंगी। एसडीएफ और सीरियाई अंतरिम अधिकारियों दोनों का समर्थन करने वाले अमेरिका ने दोनों पक्षों से संयम बरतने का आग्रह किया है। अमेरिका के सेंट्रल कमांड ने सीरियाई सरकारी बलों से अलेप्पो और तबका के बीच आक्रामक अभियान रोकने का आग्रह किया है।

## इंडोनेशिया में 11 लोगो को ले जा रहा विमान लापता

■ पहाड़ी इलाके में रडार से गायब, सर्च ऑपरेशन जारी, सरकार से जुड़े लोग सवार थे

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में 11 लोगों को ले जा रहा एक यात्री विमान शनिवार को रडार से गायब हो गया। विमान जावा द्वीप से सुलावेसी द्वीप की ओर जा रहा था और पहाड़ी इलाके में पहुंचते ही ग्राउंड कंट्रोल से उसका संपर्क टूट गया। अधिकारियों के मुताबिक, विमान में 8 क्रू मेंबर और 3 यात्री सवार थे। इसके बाद सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

अभी किसी के जीवित या मृत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हादसे के बाद हुई प्रेस कान्फ्रेंस में इंडोनेशियाई सरकार में मंत्री ने कहा कि विमान में समुद्री मामलों और मत्स्य पालन मंत्रालय के तीन कर्मचारी सवार थे। वे इलाके में संसाधनों की हवाई निगरानी के मिशन पर थे। लापता हुआ टर्बोप्राप एटीआर 42-500 विमान इंडोनेशिया एयर ट्रांसपोर्ट का था। यह विमान योग्याकार्ता से दक्षिण सुलावेसी की राजधानी की ओर जा रहा था। परिवहन मंत्रालय की प्रवक्ता एंडाह पुर्नामा सारी के मुताबिक, विमान दोपहर 1:17 बजे (05:17 जीएमटी) मारोस जिले के लेआंग-लेआंग इलाके में आखिरी बार रडार पर देखा गया। सारी ने बताया कि लैंडिंग से पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने विमान को अप्रोच एलाइनमेंट ठीक करने के निर्देश दिए थे। इसके तुरंत बाद रेडियो संपर्क टूट गया। इसके बाद कंट्रोल टावर ने इमरजेंसी डिस्ट्रेस फेज घोषित किया और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। विमान जिस इलाके में लापता हुआ, वह पहाड़ी और घने जंगलों वाला क्षेत्र है। यहां पहुंचना रेस्क्यू टीमों के लिए बड़ी चुनौती है। सर्च ऑपरेशन के लिए एयरफोर्स के हेलिकाप्टर, ड्रोन और ग्राउंड यूनिट्स को लगाया गया है। दक्षिण सुलावेसी के हसनुद्दीन मिलिट्री कमांडर मेजर जनरल बांगुन नवोको ने इसकी पुष्टि की। इस बीच माउंट बुलुसराउंग इलाके में ट्रैकिंग कर रहे कुछ हाइकर्स ने पहाड़ पर बिखरा मलबा, विमान जैसा लोगो और आग जलने की सूचना दी है।

## मर्कोसुर, यूरोपीय संघ ने किए मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

**असुनसियन।** दक्षिणी साझा बाजार (मर्कोसुर) और यूरोपीय संघ (ईयू) ने 25 साल से चल रही बातचीत के बाद पराग्वे की राजधानी असुनसियन में एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। हस्ताक्षर समारोह में शनिवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे के विदेश मंत्रियों सहित ईयू और मर्कोसुर के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस समझौते का उद्देश्य दोनों गुटों के बीच आयात शुल्क को कम करना और व्यापार का विस्तार करना है। अब इसे यूरोपीय संसद की मंजूरी के साथ-साथ मर्कोसुर सदस्य देशों अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे की विधायिकाओं द्वारा अनुसमर्थन मिलना बाकी है।

## ट्रम्प के गाजा पीस बोर्ड से नाराज इजरायल

### कहाः बिना बातचीत टीम बनाई, यह नीति के खिलाफ, शांति बोर्ड में भारतवंशी अजय बंगा भी शामिल

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का गाजा पीस प्लान दूसरे चरण में पहुंच चुका है। ट्रम्प ने गाजा के प्रशासन और पुनर्निर्माण के लिए नेशनल कमेटी फार द एडमिनिस्ट्रेशन आफ गाजा (एनसीएजी) के गठन का ऐलान किया है। इस कमेटी की देखरेख करने, फंड जुटाने जैसे कामों के लिए ट्रम्प ने 'बोर्ड आफ पीस' (शांति बोर्ड) का गठन किया है। राष्ट्रपति खुद इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। इसके अलावा गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया गया है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आफिस ने कहा है कि गाजा के लिए बनाए गए नए प्रशासनिक बोर्ड की घोषणा अमेरिका ने इजरायल से बिना बातचीत के की है। इजरायल का कहना है कि यह फैसला उसकी सरकारी नीति के खिलाफ है। व्हाइट हाउस ने बोर्ड के सदस्यों की सूची जारी की। इस बोर्ड में 7 लोग शामिल हैं, जिनमें भारतवंशी अजय बंगा भी हैं। बंगा फिलहाल वर्ल्ड बैंक ग्रुप के अध्यक्ष हैं। बोर्ड के दूसरे सदस्यों में मार्को रुबियो (विदेश मंत्री), स्टीव विटकाफ (विशेष राजदूत) समेत कई लीडर शामिल हैं। पीस बोर्ड के अलावा, हाई रिप्रेजेंटेटिव और एनसीएजी की मदद के लिए गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया जा रहा है। इसके शुरुआती सदस्यों में स्टीव विटकाफ, जेरेड कुश्नर, तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान, अली अल-थावादी, जनरल हसन राशाद, टोनी ब्लेयर, मार्क रोवन, यूएई की मंत्री रीम अल-हाशिमी, बल्गेरियाई राजनेता निकोलाय म्लाडेनोव शामिल हैं। निकोलाई म्लाडेनोव एग्जीक्यूटिव बोर्ड के प्रतिनिधि होंगे। नेतन्याहू के आफिस के मुताबिक, विदेश मंत्री गिदोन सार इस मुद्दे को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सामने उठाएंगे। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि बोर्ड का कौन सा हिस्सा इजरायल को आपत्तिजनक लग रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य समस्या तुर्की विदेश मंत्री हाकान फिदान को शामिल करने से है। इजरायल का मुख्य विरोध तुर्की जैसे देशों की भूमिका से है। यह हमास के समर्थक माने जाते हैं और इजरायल के साथ इनका संबंध तनाव पूर्ण हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोगन ने इजरायल की गाजा कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। इजरायल का कहना है कि ऐसे देशों को गाजा के प्रशासन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। इजरायली राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर ने नेतन्याहू के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि गाजा को 'कार्यकारी बोर्ड' की जरूरत नहीं, बल्कि हमास को पूरी तरह खत्म करने और बड़े पैमाने पर स्वैच्छिक पलायन की जरूरत है। ट्रम्प अक्टूबर 2025 में इजरायल पहुंचे थे, इस दौरान उन्होंने नेतन्याहू से मुलाकात की थी। व्हाइट हाउस ने कहा कि एग्जीक्यूटिव बोर्ड का हर सदस्य गाजा की स्थिरता और लंबे समय की सफलता से जुड़े एक तय पोर्टफोलियो की जिम्मेदारी संभालेगा।


■ व्हाइट हाउस ने बोर्ड के सदस्यों की सूची जारी की, इस बोर्ड में सात लोग शामिल हैं, जिनमें भारतवंशी अजय बंगा भी हैं

## डोनाल्ड ट्रम्प ने हमे धोखा दिया: ईरानी प्रदर्शनकारी

### कहाः सबसे ज्यादा जरूरत के वक्त समर्थन नहीं किया, हिंसा में अब तक 5000 लोगों की मौत का दावा

तेहरान/वाशिंगटन। ईरान में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से उम्मीद थी कि वे उनके लिए मददगार साबित होंगे। लेकिन अब ट्रम्प के रुख में बदलाव आ गया है, इससे वह अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि ट्रम्प ने जो कहा और बाद में जो किया, उनके बीच बहुत बड़ा फर्क था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, देश छोड़ गए एक ईरानी ने कहा कि ट्रम्प ने हमे धोखा दिया और बेवकूफ बनाया।

जब ट्रम्प ने कहा कि एक ईरानी अधिकारी ने उन्हें और हत्याएं न करने का भरोसा दिलाया है, तो यह सुनकर हम हैरान रह गए। एक ईरानी ने कहा, ट्रम्प के बयानों की वजह से लोगों को उम्मीद जागी थी और उन्होंने जान जोखिम में डालकर प्रदर्शन किया, लेकिन जब सबसे ज्यादा जरूरत थी तब अमेरिका का समर्थन खत्म हो गया।



■ सबसे ज्यादा हिंसक झड़पें उत्तर-पश्चिम ईरान के कुर्द इलाकों में हुईं जहां हालात सबसे ज्यादा खराब थे

ईरान में 28 दिसम्बर से जारी हिंसक प्रदर्शन में अब तक 5000 लोगों की मौत हो गई। इनमें करीब 500 सुरक्षाकर्मी शामिल है। एक ईरानी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर रायटर्स को यह जानकारी दी है। उन्होंने यह भी बताया कि सबसे ज्यादा हिंसक झड़पें उत्तर-पश्चिम ईरान के कुर्द इलाकों में हुईं, जहां हालात सबसे ज्यादा खराब थे। ईरान में सरकार के खिलाफ 28 दिसम्बर को प्रदर्शन शुरू हुआ था। ईरान में फैशन की पढ़ाई कर रही 23 साल की एक कॉलेज की छात्रा को ईरानी सुरक्षा बलों ने 8 जनवरी को गोली मार दी थी। घटना की जानकारी अब सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक छात्रा रूबिना अमिनियन को ईरानी सुरक्षाबलों की गोली सीधे सिर के पीछे लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। रूबिना की मौत के एक सप्ताह बाद भी परिवार ने रीति रिवाज से उसका अंतिम संस्कार नहीं किया है। सुरक्षा बलों से बचने के लिए उसके शव को चोरी से सड़क के किनारे गड्ढे में ही दफना दिया। वहीं, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने पहली बार ये माना कि पिछले 28 दिसम्बर से जारी प्रदर्शनों के दौरान हजारों लोग मारे गए। उन्होंने इन मौतों के लिए ट्रम्प को जिम्मेदार ठहराया। खामेनई ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हाथ खून से रंगे हैं। ट्रम्प ने इसका जवाब देते हुए कहा कि ईरान सरकार अब चंद दिनों की मेहमान है। वहां नए नेतृत्व की तलाश करने का समय आ गया है। 23 साल की रूबिना अमिनियन ईरान के एक कॉलेज में फैशन की पढ़ाई कर रही थीं। रूबिना अमिनियन को ईरानी सुरक्षा बलों ने सिर में गोली मारी थी। घटना के समय रूबिना की मां करमनशाह शहर में थीं, जो तेहरान से लगभग 460 किलोमीटर दूर है। रूबिना की मां को उसके दोस्तों ने फोन कर बताया कि उन्हें गोली लग गई है। वे सब 8 जनवरी को कॉलेज से घर लौट रहे थे, तभी प्रदर्शन दिखाई दिया और वे उसमें शामिल हो गए। ईरानी एजेंट राइफल और शाटगन का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर रहे थे।

